सूर्योदय 6:2 सूर्यास्त 6:43

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 25.4 अधि |
| धर्मशाला | 17.2 न्यू | 31.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74227.08 |
| निफ्टी | 22535.85 |
| सोना 89,730 | चांदी 92,282 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय सीरीज में भारत की कमान संभालेगी हरमनप्रीत

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 9 अप्रैल 2025 | 27 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 100, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


### आज का मैच

गुजरात टाइटंस vs राजस्थान रॉयल्स

समयः रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### लॉरेंस-रोहित गोदारा गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई व रोहित गोदारा गैंग के दो गुर्गों को मोहाली से गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के दो प्रमुख गुर्गों जश्न संधू और गुरसेवक सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास एक .32 कैलिबर पिस्तौल और 7 कारतूस बरामद हुए हैं।

### शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शाही जामा मस्जिद के बदले नाम का बोर्ड भिजवा दिया है, जो अभी दो दिन पहले शुरू हुई सत्यव्रत चौकी में रखा हुआ है। हरिहर मंदिर पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने हाईकोर्ट से विवादित स्थल कहने की मांग की थी।

### देश में वक्फ संशोधन अधिनियम हुआ लागू

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम आज से देशभर में लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की है कि वक्फ अधिनियम को आठ अप्रैल से प्रभावी कर दिया गया है। पिछले सप्ताह संसद और राष्ट्रपति ने वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसके बाद यह तय नहीं था कि नया कानून कब से लागू होगा। मंगलवार को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून आठ अप्रैल से प्रभावी होगा।

### शिवसेना विधायक व मुंबई पुलिस को हाईकोर्ट का नोटिस

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा की याचिका पर मुंबई पुलिस और शिवसेना विधायक मुरजी पटेल को नोटिस जारी किया। याचिका में कामरा ने महराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है। जस्टिस सरंग कोटवाल की बेंच ने कहा कि 16 अप्रैल को कामरा की याचिका सुनेंगे।

### इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** जयपुर से मुंबई आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में एक धमकी भरा नोट मिलने से मुंबई एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई और फ्लाइट को सुरक्षित लैंड कराया गया। धमकी भरी चिट्ठी बाथरूम में रखी गई थी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सलाम दीन और अरविंद को मिला डीजीपी डिस्क अवार्ड -पेज 3
- बल्ह खालसा जंगल को सील करने के आदेश -पेज 10
- पांच अंतरराज्यीय नशा तस्कर किए गिरफ्तार -पेज 12
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान -पेज 13


# स्टालिन सरकार के 10 बिल रोकने पर राज्यपाल को 'सुप्रीम' फटकार

## फैसले को बताया अवैध, कहा- संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट से तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए बिल पर काम करने की टाइमलाइन तय कर दी है और कहा कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि सीबीआई में काम कर चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था।



### बिल पर राज्यपाल के अधिकार

संविधान का आर्टिकल 200 कहता है कि जब विधानसभा कोई विधेयक राज्यपाल को भेजा जाता है, तो राज्यपाल के पास 4 विकल्प होते हैं।

1. मंजूरी दे सकते हैं
2. मंजूरी रोक सकते हैं
3. राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं
4. पुनर्विचार के लिए विधानसभा को भेज सकते हैं

### स्टालिन बोले- सभी राज्य सरकारों की जीत



**सीएम** एमके स्टालिन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ तमिलनाडु नहीं, बल्कि पूरे देश की राज्य सरकारों की जीत है। अब ये बिल राज्यपाल की मंजूरी वाले माने जाएंगे। स्टालिन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा में पारित कई विधेयकों को राज्यपाल ने लौटा दिया था, इन्हें दोबारा पारित कर राज्यपाल को भेजा गया, लेकिन उन्होंने न तो मंजूरी दी और न ही कोई कारण बताया। संविधान के अनुसार, जब कोई बिल दोबारा पारित हो जाता है, तो राज्यपाल को उस पर मंजूरी देनी होती है, लेकिन उन्होंने जानबूझकर देरी की।

### कोर्ट की टिप्पणियां

- जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल की ओर से इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की कार्रवाई अमान्य है।
- बेंच ने कहा कि राज्यपाल रवि ने भले मन से काम नहीं किया। इन बिलों को उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा ने बिलों को पास करके दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था।

### शीर्ष अदालत के निर्देश

1. सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को निर्देश दिया कि उन्हें अपने विकल्पों का इस्तेमाल तय समयसीमा में करना होगा, वरना उनके उठाए गए कदमों की कानूनी समीक्षा की जाएगी।
2. कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा। विधानसभा बिल को दोबारा पास कर भेजती है, तो राज्यपाल को एक महीने के अंदर मंजूरी देनी होगी।

### राज्यपाल और सीएम के बीच 2021 से विवाद

**राज्यपाल** और स्टालिन सरकार के बीच 2021 में सत्ता संभालने के बाद से ही खराब रिश्ते रहे हैं। डीएमके सरकार ने उन पर भाजपा प्रवक्ता की तरह काम करने और विधेयकों और नियुक्तियों को रोकने का आरोप लगाया है। राज्यपाल ने कहा कि संविधान उन्हें किसी कानून पर अपनी सहमति रोकने का अधिकार देता है। राजभवन और राज्य सरकार का विवाद सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन तक भी पहुंच गया है।

### विशेष सत्र में पारित किए गए थे बिल

**राज्यपाल** आरएन रवि ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पारित 12 में से 10 बिलों को 13 नवंबर, 2023 को बिना कारण बताए विधानसभा में लौटा दिया था और 2 बिलों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। इसके बाद 18 नवंबर को तमिलनाडु विधानसभा के विशेष सत्र में इन 10 बिलों को फिर से पारित किया गया और गवर्नर की मंजूरी के लिए गवर्नर सेक्रेटेरिएट भेजा गया।

### दुबई के प्रिंस शेख हमदान की पीएम मोदी से मुलाकात

# भारत-यूएई में द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त



एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों और अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। मोदी ने कहा कि दुबई के शहजादे शेख हमदान की भारत की 'विशेष' यात्रा ने मजबूत द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुबई के शहजादे के साथ अलग से बैठक की। उन्होंने कहा कि भारत सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं सहित रक्षा क्षेत्र में खाड़ी देश के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि यह विशेष यात्रा हमारी गहरी मित्रता की पुष्टि करती है तथा भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने लोगों के सपनों को हकीकत में बदला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों से बात की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस योजना ने लोगों को सशक्त बनाकर कई सपनों को हकीकत में बदला है। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि यह दिखाता है कि भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। हर मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है। पिछले 10 साल में इस योजना के तहत 52 करोड़ ऋण खाते खोले गए और कुल 32 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया गया। इस योजना में 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं और 50 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।

## नरेश ठाकुर को सौंपा पावर कॉरपोरेशन के डायरेक्टर का अतिरिक्त कार्यभार

**शिमला।** सुक्खू सरकार ने सेक्रेटरी स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी नरेश ठाकुर को डायरेक्टर (पर्सनल एंड फाइनेंस) पावर कॉरपोरेशन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसे लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं।



पावर कॉरपोरेशन के डायरेक्टर शिवम प्रताप सिंह को पावर कॉरपोरेशन से हटाकर रूरल लाइवलीहुड मिशन का सीईओ लगाया है। चीफ इंजीनियर विमल नेगी के परिजनों ने आईएएस शिवम प्रताप सिंह पर भी प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। इसके बाद परिजनों ने उन्हें भी पावर कॉरपोरेशन से हटाने की मांग की थी। पुलिस ने डायरेक्टर पर्सनल के खिलाफ एफआईआर जरूर कर रखी है, लेकिन देसराज की तरह शिवम प्रताप का मान एफआईआर में शामिल नहीं है।

# हिमाचल की खूबसूरती को नजदीक से निहारने का मौका देगा ईको नेचर टूरिज्म

## वन विभाग ने तलाशनी शुरू की संभावनाएं, एक दर्जन से अधिक साइटों का चयन

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हिमाचल** की खूबसूरती को अब नजदीक से निहारने का मौका मिलेगा। सुक्खू सरकार राज्य के अंदर ईको नेचर टूरिज्म मुहैया करवाने जा रही है। इसके लिए सरकार ने वन विभाग को संभावनाएं तलाशने के निर्देश जारी किए थे। वहीं, वन विभाग ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत करीब एक दर्जन से ज्यादा ईको नेचर साइटों का चयन कर लिया है। तमाम नियमावली पूरी करने के बाद सभी चयनित साइटों का आवंटन कर लिया जाएगा।

तय नियमों पर खरा उतरने वाली फर्मों को साइटों का आवंटन कर दिया जाएगा। ये साइटें 10 साल के लिए दी जाएंगी। काम अच्छा होने पर 5 साल की एक्सटेंशन भी मिलेगी। वन विभाग के नियमों का उल्लंघन करना वर्जित रहेगा। वनों की हरियाली व उसकी जैव विविधता को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं होगी, अगर ऐसा पाया गया, तो वन विभाग तय मापदंडों के तहत कार्रवाई करेगा। ऐसी कार्रवाई 2020-21 में भी की जा चुकी है, जो वन जैव संपदा को नुकसान पहुंचाने के तहत दंडित हो चुके हैं और एफसीए के आरोपों के कारण केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय इन्हें बंद कर चुका है, जिसमें 11 साइटों पर सीधी गाज गिरी थी। (अनंत ज्ञान)

### शिमला, कुल्लू, धर्मशाला और चंबा को संवारने के प्रयास

**शिमला,** कुल्लू धर्मशाला व चंबा में ईको टूरिज्म को संवारने के प्रयास जारी हैं। वहीं, लाहौल-स्पीति, किन्नौर व मंडी में भी संभावनाएं तलाशी जाएंगी। शिमला जिले के कोटगढ़ फॉरेस्ट डिवीजन में नारकंडा, शिमला फॉरेस्ट डिविजन में शोघी कैंपिंग साइट व मंडी फॉरेस्ट डिविजन में गंगा नाल ईको टूरिज्म आदि साइटों को पीपीपी मोड पर ऑपरेशन के लिए दिया गया है।

### कुल्लू और धर्मशाला में विकसित होंगी कैंपिंग साइटें

**कुल्लू** जिले में कसोल को कैंपिंग साइटों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा धर्मशाला के तहत न्यूगल पार्क, बीड़-बिलिंग को ईको टूरिज्म साइट के तहत विकसित करने की तैयारी चल रही है।

### पीपीपी मोड के तहत सभी साइटें होंगी आवंटित: खाची

**हिमाचल** प्रदेश वन निगम व ईको टूरिज्म के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने बताया कि पीपीपी मोड के तहत ही साइटें आवंटित की जांएगी। घाटे में चल रही साइटों को बंद किया जाएगा और उन्हें भी आगे पीपीपी मोड के तहत चलाने को दिया जाएगा, ताकि बड़े पैमाने पर टूरिस्टों को आकर्षित किया जा सके। टूरिस्टों को रोमांचकारी साइटों से अवगत कराया जाए, जिससे उन्हें अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी।

### नारकंडा और जोत को विकसित करने की तैयारी

**खाची** ने बताया कि शिमला जिले के नारकंडा व चंबा जिले के जोत में पीपीपी मोड़ के तहत साइटें विकसित की जाएंगी, जिससे सरकार के ईको टूरिज्म के कांसेप्ट को मजबूती मिल सके। इसके लिए वे सभी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं और नई साइटों को आकर्षित बनाया जाएगा, जो ज्यादा सुविधाजनक और आरामदायक होंगी। उन्होंने बताया कि इससे हर गांव तक पर्यटन पहुंचेगा और गांव के नौजवानों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

## पंजाब में पूर्व मंत्री के घर ग्रेनेड फेंकने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, जालंधर

- डीजीपी बोले- पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया हमला
- लॉरेंस गैंग का कनेक्शन आया सामने

**पंजाब** के पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोरंजन कालिया के घर सोमवार रात को आतंकी हमला हुआ। ई-रिक्शे में बैठकर आए कुछ लोगों ने उनके घर में ग्रेनेड फेंका, जिससे तेज धमाका हुआ। हमले के वक्त पूर्व मंत्री अपने घर में सो रहे थे।

परिवार के अन्य सदस्य भी घर में ही थे। यह सारा घटनाक्रम उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हुआ है। जालंधर पुलिस ने 12 घंटे में ग्रेनेड फेंकने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान रविंदर कुमार निवासी सुभाना रोड, गढ़ा (जालंधर) और सतीश उर्फ काका निवासी भार्गव कैंप (जालंधर) के रूप में हुई है। पुलिस ने ई-रिक्शे को भी बरामद कर लिया है। पंजाब के लॉ एंड ऑर्डर डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हमला करवाया। इसमें पाकिस्तान में बैठे डॉन शहजाद भट्ठी, जीशान अख्तर और लॉरेंस गैंग का भी लिंक सामने आया है।

## जयपुर बम ब्लास्ट : 17 साल बाद इंसाफ, चार दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी, जयपुर

**राजधानी** जयपुर में 13 मई, 2008 को हुए सीरियल बम ब्लास्ट मामले में 17 साल बाद इंसाफ मिल गया है। इन धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी, जबकि करीब 185 लोग घायल हुए थे।

अदालत ने मंगलवार को चार दोषियों शाहबाज हुसैन, सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और सैफुर्रहमान को दोषी करार देते हुए कहा कि उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी की अदालत ने चारों को दोषी ठहराया है। 4 अप्रैल 2025 को अदालत ने इन चारों आरोपियों को दोषी घोषित किया था। पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से सभी दोषियों को बरी किए जाने के दौरान जांच पर सवाल उठाए गए थे।

### हैदराबाद बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखी

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने 2013 के हैदराबाद बम विस्फोट मामले में 'इंडियन मुजाहिदीन' (आईएम) के पांच सदस्यों को मृत्युदंड देने के अधीनस्थ अदालत के फैसले को मंगलवार को बरकरार रखा। जिले के दिलसुखनगर इलाके में 21 फरवरी, 2013 को हुए दो धमाकों में 18 लोग मारे गए थे और 131 घायल हो गए थे। न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण की पीठ ने एनआईए कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आईएम के सदस्यों की ओर से दायर पुनरीक्षण अपील को खारिज कर दिया। एनआईए अदालत ने 13 दिसंबर, 2016 को आईएम के सह संस्थापक मोहम्मद अहमद सिदिबापा उर्फ यासीन भटकल, पाकिस्तानी नागरिक जिया-उर-रहमान उर्फ वकास, असदुल्ला अख्तर उर्फ हड्डी, तहसीन अख्तर उर्फ मोनू और एजाज शेख सहित को दोषी ठहराया था।

## एक्सिस बैंक शिमला में 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**दो ग्राहकों ने नकली सोने के गहने गिरवी रख लिया लोन, केस दर्ज**

**शिमला** जिले में एक्सिस बैंक की द मॉल शाखा में बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। दो ग्राहकों ने बैंक को नकली सोने के गहने गिरवी रखकर लोन ले लिया।

बैंक के शाखा परिचालन प्रबंधक आशीष परमार की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि बसंत लाल और इंदर जस्टा ग्राहकों ने बैंक से अलग-अलग गोल्ड लोन लिया था। जांच में पता चला कि दोनों ग्राहकों ने जानबूझकर बैंक को धोखा दिया है। उन्होंने शुद्ध सोने के बजाए सिर्फ सोने की कोटिंग वाले गहने गिरवी रखे। इन गहनों में सोने का प्रतिशत बिलकुल नहीं था। इस धोखाधड़ी से बैंक को ब्याज समेत कुल 20 लाख 4 हजार 400 रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 420 और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चिंता** महंगी होती कंपोस्ट, स्पान और बिजली दर से उत्पादन में आई 60 फीसदी गिरावट, प्रति वर्ष पांच हजार टन की कमी

# सरकारी उपेक्षा से मशरूम सिटी में घटा उत्पादन

आर मोहन चौहान, सोलन

अनंत ज्ञान स्पैशल



**मशरूम** सिटी ऑफ इंडिया के नाम प्रसिद्ध सोलन में राष्ट्रीय खुंब निदेशालय होने के बावजूद यहां साल दर साल मशरूम उत्पादन में गिरावट आई है। यहां के किसानों ने मशरूम उत्पादन खासकर बटन मशरूम को व्यवसाय के तौर पर अपनाया था। इसके चलते सोलन को मशरूम सिटी ऑफ इंडिया का नाम मिला।

देशभर में मांग के बावजूद यहां के किसानों को सरकारी स्तर पर किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रोत्साहन नहीं मिल पाया। इससे स्वरोजगार की संभावनाएं भी धूमिल हो रही हैं। सोलन में मशरूम उत्पादन में पांच हजार टन प्रति वर्ष कमी आ रही है। मशरूम सिटी सोलन सहित चार जिलों मशरूम उत्पादन 60 फीसदी तक गिर गया है। सोलन, सिरमौर, शिमला, किन्नौर और बिलासपुर में 8,000 से उत्पादक थे, अब इनकी संख्या मात्र करीब 1500 ही रह गई है। (अनंत ज्ञान)

### उत्पादन की लागत बढ़ने से बंद हो रहे फार्म

**मशरूम** सिटी सोलन के उत्पादकों ने घाटा होने पर अपने मशरूम फार्म बंद करना शुरू कर दिए हैं। इसका असर अब मशरूम उत्पादन पर पड़ने लगा है। कम पैदावार होने से मशरूम के दाम भी 50 फीसदी बढ़ गए हैं। जहां पहले सीजन समय पर मशरूम 80 से 100 रुपए प्रति किलो आसानी से मिल जाती थी। वहीं, अब मशरूम 150 और 200 रुपए प्रति किलो तक मिल रही है। मशरूम को तैयार करने वाला कच्चा माल महंगा हो गया है। इसमें महंगी होती कंपोस्ट, स्पान और बिजली दर शामिल है।

### 10 हजार से 4 हजार टन तक आई गिरावट

**सोलन** में आठ वर्ष पहले तक करीब 10,000 टन उत्पादन होता था, जो घटकर 3 से 4 हजार टन तक रह गया है। इसका मुख्य कारण अनुदान पर मशरूम खाद न मिलना भी बताया जा रहा है। पहले सोलन चंबाघाट स्थित कंपोस्ट यूनिट से किसानों को खाद मिल जाती थी, लेकिन कालका-शिमला फोरलेन कार्य के दौरान यूनिट जद में आने से यहां पर खाद बनाने का कार्य भी रुक गया और दोबारा से यूनिट को स्थापित नहीं किया गया है। हालांकि, यूनिट के लिए जगह तो चयनित की जा रही है, लेकिन इसका कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

### निजी खाद यूनिट से खरीद पर मिले अनुदान: रत्न ठाकुर

**मशरूम** ग्रोवर एसोसिएशन के प्रधान रत्न ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द सोलन में मशरूम कंपोस्ट यूनिट को शुरू किया जाए। तब तक निजी यूनिट से खाद खरीद पर अनुदान प्रदान किया जाए। वर्तमान में निजी यूनिट से 110 से 140 रुपए तक बैग पड़ रहा है, जो कि घाटे का सौदा बना हुआ है। पहले अनुदान पर 90 रुपए में चार बैग मिलते थे। वर्तमान में सोलन, सिरमौर, शिमला, किन्नौर और बिलासपुर जिले में खाद संकट के कारण कई लोगों ने मशरूम का कारोबार छोड़ दिया है।


NEW CRESCENT
Garoru, Joginder Nagar, Distt. Mandi, (H.P.)
Schooling ► Play way to +2(Science)
Coaching Cricle ► NEET/JEE/NDA/CUET
LEAD PROPEL
ADMISSION OPEN
Hostel & Transport Facility Available
- Excellent Results
- Secure and Safe Campus
- Best Infrastructure.
- Crash Course for NEET
- Motivational Support
- Study Materials
- Outdoor-Indoor Sports
- Study Hall 24x7
- Music, Dance, Yoga, Karate, Hobby Classes.
- Maximum Selections in Competitive Exams.
Mob: 94184-21703
94180-97145

## न्यूज ब्रीफ

### पीएनबी मेटलाइफ के पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिला हमीरपुर की 26 ग्राम पंचायतों मुंडखर, अणु, दड़ूही, उखली, बड़ा, पनोह, बणी, चमलेड़, लंबलू, मझियार, कोहला, लोदर, बलोह, दंगड़ी, बोहनी, खैरी, डुग्घा, पटेरा, गौना, डाडू, पंधेड़, बफड़ीं, टिक्की, ढनवान, बल्ह और करहा में अपेंटिस रखने जा रही है। इन पदों के लिए 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आवेदक स्नातक होना चाहिए तथा उसकी आयु 19 से 34 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। चयनित युवाओं को कंपनी की ओर से प्रतिमाह 15 हजार रुपए वेतन और प्रति कैंप पर 500 रुपए भत्ता दिया जाएगा।

### अनुराग ठाकुर कल समीरपुर के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर 10 अप्रैल को समीरपुर स्थित निवास पर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। 10 अप्रैल को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल का जन्मदिवस है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समीरपुर पहुंचेंगे और जगह-जगह कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

### नादौन के कुछ क्षेत्रों में 10 व 11 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बिजली उपकेंद्र नादौन में 10 और 11 अप्रैल को लाइनों एवं उपकरणों को बदलने के कार्य के चलते टिल्लू, अमतर, भड़ोली तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 132 केवी बिजली उपकेंद्र अणु के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान नादौन, कोहला, सेरा और आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### कक्कड़ के कई क्षेत्रों में कल बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बिजली उपमंडल कक्कड़ के 33/11 केवी सब स्टेशन में उपकरणों की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण 10 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सब स्टेशन से जुड़े गांव बजरोल, कक्कड़, पलहू, छंब, बगलू, नुधाल, ऊटपुर, खानौली, भेरड़ा, पुरली, भटेड़, टेला, ननोट, ऊहल परनाली, लगदेवी, जंदड़ू, दूहला, कलोह, पौहड़, सुराह, लंबर, ठोलू, भटलंबर, रांगड़ेया दी धार, बराड़ा दी धार तथा साथ लगते क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### सुजानपुर में पूर्व छात्र संघ की आम सभा 16 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने बताया कि पूर्व छात्र संघ की आम सभा का आयोजन 16 अप्रैल को 12 बजे कला एवं विज्ञान ब्लॉक में किया जाएगा और इसमें पूर्व छात्र संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि पूर्व छात्र संघ का गठन अति आवश्यक है, क्योंकि यह संघ कॉलेज के सतत विकास में अहम भूमिका निभाता है, जिन छात्रों ने कॉलेज से स्नातक की डिग्री पूर्ण की हो वे इस आम सभा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

### लंबित पड़े कार्यों को जल्द धरातल पर उतारें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी द्वारा विकासखंड भोरंज के अंतर्गत आने वाले पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायिकाओं की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में नरेश कुमार ने संबंधित पंचायत सचिवों से भोरंज क्षेत्र में जिला परिषद निधि द्वारा चल रहे विकास कार्य से संबंधित समीक्षा की। बैठक में सचिवों को पंचायतों में चल रहे विकास कार्य को तेजी लाने के निर्देश दिए तथा लंबित पड़े कार्य को जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले भर में पंचायतों का संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया जाएगा तथा लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा।

### राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भाजपा भोरंज मंडल का सक्रिय सदस्य सम्मेलन भरेड़ी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राजेश ठाकुर पूर्व विधायक गगरेट ने शिरकत की व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इनके साथ जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक भोरंज डॉ. अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भोरंज मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लव्ली, दोनों मंडलों के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वार्ड-6 के कुएं का 10 लाख से होगा कायाकल्प

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद के वार्ड नं. 6 में स्थित ऐतिहासिक कुएं का करीब 10 लाख से कायाकल्प होगा, जिसे लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने इस कुएं की साइट विजिट की तथा उसका कैसे कायाकल्प होगा इस बारे विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद के कार्यकारी ईओ रमन शर्मा के अलावा अजय चौधरी, दारा सिंह, मनोज कुमार, संदीप कुमार, राम स्वरूप व तिलक राज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। साइट विजिट के दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि इस ऐतिहासिक कुएं में काफी पानी है, जो आस-पास के काफी लोगों की प्यास बुझाता है। हालही में इसमें लैंटर डाला गया है। इस कुएं को पूरी तरह से रेनोवेट किया जाएगा। इसके साथ एक महिला व एक पुरुष स्नान घर भी बनाया जाएगा। इसके अलावा यहां पर एक मिन्नी पार्क भी बनाया जाएगा, ताकि लोग सुबह, शाम यहां बैठकर आनंद की अनुभूति कर सकें। नगर परिषद क्षेत्र में जितने भी प्राकृतिक पेयजल स्रोत हैं, उनका जीर्णोद्धार किया जाएगा। नादौन के वार्ड नं. 1 में ऐतिहासिक बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। वहां पर पार्क व पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने का प्रावधान है।

### नियमों के तहत ही किया जाए युक्तिकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने युक्तिकरण आदेशों के तहत 40 मेडिकल, 99 नॉन मेडिकल और 310 टीजीटी आर्ट्स का ट्रांसफर किया है। इसमें महिला शिक्षकों का भी अति दुर्गम दूरदराज के क्षेत्रों में ट्रांसफर किया गया है, जबकि तबादला नीति में उनके लिए विशेष प्रावधान हैं। कुछ युक्तिकरण ऐसे भी कर दिए हैं, जिसमें स्टेशन पर स्टेशन पर स्टेट में जूनियर शिक्षकों को दूरदराज भेज दिया है और स्टेट में सीनियर शिक्षकों का ट्रांसफर नहीं किया गया। कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्होंने ट्राइबल क्षेत्र के स्कूलों में पहले सेवाएं दी हैं, मगर उनको फिर से पांगी भेज दिया है। ऐसे में युक्तिकरण में नियमों का ध्यान रखते हुए शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए और इनका सुलभ समायोजन किया जाए। यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देश राज कालिया, महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संगीता शर्मा, रीता बल्याणी, रीता भारद्वाज आदि ने कही। संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से अपील की है कि युक्तिकरण करने के दौरान तबादला नीति के तहत दिए गए प्रावधानों को भी ध्यान में रखा जाए और इसे चरणबद्ध तरीके से किया जाए, अगर शिक्षा विभाग में शिक्षकों को समायोजित करने के लिए पदों की व्यवस्था में कुछ बदलाव करने पड़ेंगे, तो वे इस समय किए जाएं। सेवानिवृत्त सूची में शुमार शिक्षकों के स्थान पर अगर युक्तिकरण धीरे-धीरे किया जाता, तो इतनी हड़कंप की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ऐसे में प्रदेश सरकार से अपील है कि इन मामलों में शिक्षकों के लिए हर संभव राहत दी जाए और ज्वाइनिंग समय 15 दिन किया जाए क्योंकि अनेक शिक्षकों के नाम टीजीटी से प्रवक्ता या हेडमास्टर सूची में शामिल हैं और कुछ बीआरसीसी भर्ती में चयनित हो सकते हैं। इनके रिक्त होने वाले पदों पर उनका समायोजन किया जा सकता है। इसके अलावा शिक्षा बोर्ड की परीक्षा मूल्यांकन ड्यूटी में शिक्षक नियुक्त हैं और उनका युक्तिकरण में ट्रांसफर कर दिया है।

### रेफरल ड्रॉ में पंचायत जनप्रतिनिधि भी करें सहयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस के विस्तार में पंचायत जनप्रतिनिधि भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी के उद्देश्यों, समाज सेवा के कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत करवाया जाना चाहिए। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की विभिन्न गतिविधियों, विशेषकर रेफरल ड्रॉ की तैयारियों के संबंध में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि सोसाइटी द्वारा 8 मई को निकाले जाने वाले रेफरल ड्रॉ में भाग लेने के लिए आम लोगों को बड़ी संख्या में 100-100 रुपए की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स खरीद रखे हैं। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि जिले में अधिक से अधिक कंट्रीब्यूशन स्लिप की बिक्री के लिए अब इस मुहिम को और गति देने की आवश्यकता है। इसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम, बीडीओ, अन्य विभागों तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अधिकारियों को इस दिशा में त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। अमरजीत सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी में प्राप्त अंशदान से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। रेफरल ड्रॉ का उद्देश्य भी सोसाइटी के लिए अधिक से अधिक अंशदान प्राप्त करना है।

### टौणी देवी में विकास खंड व तहसील कार्यालय की संपर्क सड़कें दो माह से बंद

# हालत न सुधरी, तो ग्रामीण करवाएंगे कार्य बंद

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



हमीरपुर से मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से ग्रामीणों के साथ कर्मचारी व अधिकारी भी परेशानी झेल रहे हैं।

टौणी देवी में विकासखंड के साथ ही तहसील व आधा दर्जन अन्य कार्यालयों के संपर्क मार्ग व रास्ते दो माह से बंद पड़े हुए हैं। कई महीनों के बाद भी संपर्क मार्ग व रास्ते बहाल नहीं हो पाए हैं, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सबर का पैमाना छलकने लगा है। ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि मुख्यमंत्री व डीसी के दरबार तक पहुंच गए हैं, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है। पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि बुधवार तक टौणीदेवी में संपर्क सड़क एवं रास्ते बहाल न हुए तो जल्द ही सड़क निर्माण में लगी कंपनी का कार्य बंद करवा दिया जाएगा और आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीण अब और अत्याचार नहीं सहेंगे। हमीरपुर से मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग-03 का कार्य लगभग 5 वर्षों से भी अधिक समय से कछुए की रफ्तार से चल रहा है, जिससे दुकानदारों, ग्रामीणों के साथ ही सैकड़ों लोग परेशान हैं। यातायात बेहद खस्ता हाल में है तथा मिट्टी के गुबार से लोगों का सांस लेना भी दूभर हो चुका है। कंपनी की मनमानी से हर कोई परेशानी में है, लेकिन लाखों शिकायत करने के बाद भी कंपनी अपनी मनमानी कर रही है। इसके लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर, टपरे पंचायत के प्रधान दीवान चंद सहित अन्य मुख्यमंत्री व डीसी से सभी संपर्क मार्गों और रास्तों को खोलने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक निर्माण कंपनी के कानों पर कोई असर नहीं हो पाया है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टौणी देवी में विकास खंड कार्यालय, तहसील कार्यालय के साथ ही कृषि विभाग, बागवानी विभाग, आधार केंद्र, पंचायत कार्यालय, पशुपालन चिकित्सालय, डीएवी स्कूल, शमशान घाट, बारी गांव का रास्ता, सहकारी सभा बारी का रास्ता बिलकुल बंद हो चुका है। लोगों को खेतों से होकर गंतव्य तक पहुंचाना पड़ रहा है। कई लोगों ने अपनी निजी भूमि पर बाड़बंदी कर दी है, जिससे अब और भी ज्यादा परेशानी बढ़ चुकी है। निर्माण कंपनी ने कार्य के दौरान संपर्क सड़कों व रास्तों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है और अब इतनी ऊंची ढांक हो चुकी है कि गंतव्य तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है और कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं, लेकिन निर्माण कंपनी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे पा रही है।

बुधवार तक संपर्क सड़कों व रास्तों को ठीक करने का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो जल्द ही निर्माण कंपनी के कार्य को रोक दिया जाएगा और आंदोलन का रास्ता भी पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर करेंगे। टौणी देवी में खंड विकास अधिकारी व तहसीलदार भी कंपनी के अधिकारियों से बातचीत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक संपर्क मार्गों को खोलने का कोई सकारात्मक कदम कंपनी ने नहीं उठाया है, अब पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने निर्माण कंपनी को बुधवार तक अंतिम अल्टीमेटम दिया है। (अनंत ज्ञान)

# सामान न उठाने वाले दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला समाप्त हो चुका है, लेकिन फिर भी दुकानदार चौगान में अपनी दुकानें सजाकर दुकानदारी कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने दुकानदारों को 7 अप्रैल तक दुकानें लगाने की परमीशन दी थी।

बावजूद इसके अभी भी कुछ दुकानदार चौगान में डटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय दुकानदारों ने भी प्रशासन से चौगान को खाली करवाने का आग्रह किया है। बता दें कि होली मेले में बाहर से आए दुकानदार अभी चौगान से सामान उठाने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ दुकानदार अपना सामान समेटने में लगे हैं, जबकि कुछ अभी भी डटे हुए हैं। मंगलवार को भी मेले में सामान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही और लोगों ने जमकर सामान खरीदा। इस बारे में एसडीएम संजीत ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर के तहसीलदार और पुलिस को वहां पर लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम को बिजली काट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में मेले में दुकानें लगाने की अवधि नहीं बढ़ाई जाएगी।

# भाजपा चाटुकारों और गालीबाजों की पार्टी बनकर रह गई है : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल के उस ब्यान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस को एक ही परिवार की पार्टी करार दिया है।



कौशल ने कहा कि गांधी-नेहरू परिवार एक संस्था और ग्रंथ से किसी भी तरह कम नहीं हैं। यह परिवार एक ऐसा ग्रंथ है, जिसके हर पन्ने के ऊपर देश के लिए की गई कुर्बानियों का इतिहास और देश के विकास तथा भारत वर्ष को एक वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित करने वाले बेशुमार अध्याय हैं। कौशल ने कहा कि भाजपा वास्तव में चाटुकारों और गालीबाजों की पार्टी बनकर रह गई है। कांग्रेस को एक परिवार की पार्टी कहने वाले भाजपाई नेताओं में गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना और इस परिवार के सदस्यों के प्रति निम्न स्तर की टिप्पणियां कर अपने आकाओं को खुश करने की प्रतिस्पर्धा रहती है। कौशल ने कहा कि हकीकत तो यह है कि भाजपा एक व्यक्ति की पार्टी बन कर रह गई है तथा इसके नेता गुलाम मानसिकता का शिकार हैं इसीलिए हर वक्त मोदी चालीसा जपने तथा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जहर उगलकर उनको खुश करने की कोशिश में लगे रहते हैं। आज राहुल गांधी देश के युवाओं, बेरोजगारों और उत्पीड़ित एवं व्यवस्था की उपेक्षा का शिकार देशवासियों की मजबूत आवाज बन चुके हैं तथा उनके खौफ से ही भाजपा नेता परिवार बाद का टैग लगाकर बिल्ली को देख कबूतर द्वारा आंखें बंद कर लेने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

# हेमराज, अमर बने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करने वाली संस्था रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक और आजीवन सदस्य बनने के लिए, कई लोग आगे आ रहे हैं। डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह के विशेष आह्वान से प्रेरित होकर हमीरपुर के निकटवर्ती गांव खटवीं के हेमराज और गांव ब्राह्मणी के अमर सिंह ने एक-एक हजार रुपए का अंशदान कर जिला रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। हेमराज बीबीएमबी से सेवानिवृत्त हुए हैं और अमर सिंह भी भूतपूर्व सैनिक हैं। दोनों नए आजीवन सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए डीसी ने बताया कि आम लोगों की नेक कमाई से प्राप्त अंशदान की राशि से ही जिला रेडक्रॉस सोसायटी हमेशा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करती है।

# रोपा स्कूल में शिक्षक और मल्टीटास्क वर्कर तैनात, आज से शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों में कम बच्चों वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया था, जिसके चलते प्राथमिक स्कूल रोपा को भी बंद कर दूसरे स्कूल में मर्ज कर दिया गया था।

स्थानीय लोग स्कूल को बंद न करने को लेकर कोर्ट में चले गए थे और गहाईकोर्ट ने ग्रामीणों के हक में फैसला सुनाते हुए स्कूल को फिर से खोलने के आदेश जारी किए हैं। इसके प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर ने खंड शिक्षा अधिकारी को फिर से स्कूल खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल खोलने के आदेश के साथ वहां पर अध्यापक की भी नियुक्ति कर दी गई है और एक मल्टीटास्क वर्कर भी तैनात कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी सुमन देवी ने बताया कि बुधवार से स्कूल में अध्यापक और मल्टीटास्क वर्कर आ जाएंगे। स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**हाईकोर्ट के आदेशों में स्कूल खोलने के दिए गए हैं आदेश**

उसके बाद ही बता पाएंगे की स्कूल में बच्चों की संख्या कितनी है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक बच्चों की एनरोलमेंट की जाएगी, उसके बाद इसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। प्रदेश सरकार ने 10 से कम संख्या वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज करने का निर्णय लिया था, जिसके तहत जिले में कई स्कूल बंद कर दिए गए। सरकारी स्कूलों में 5, 7 या 9 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, जिससे स्कूल चलाना शिक्षा विभाग के लिए मुश्किल साबित हो रहा था। ऐसे में प्राथमिक स्कूल रोपा को भी बंद दिया था, लेकिन स्थानीय लोगों ने स्कूल को बंद करने का विरोध किया था और इसे खुलवाने के लिए कोर्ट की शरण में चले गए थे। खंड शिक्षा अधिकारी सुमन ने बताया कि अध्यापक और मल्टीटास्क वर्कर की तैनाती कर दी गई है। अब स्कूल में बच्चों की एनरोलमेंट की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 30 अप्रैल तक कितने बच्चे दाखिला लेते हैं, इसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**30 अप्रैल तक कितने बच्चे लेते हैं दाखिला, सरकार को भेजी जाएगी रिपोर्ट**

# प्राकृतिक खेती से बड़ेई की महिलाओं की बढ़ी आमदनी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक खेती में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर की कई महिलाएं भी प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए आगे आ रही हैं।

चबूतरा क्षेत्र के गांव बड़ेई की महिलाओं के एक स्वयं सहायता समूह ने रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के बगैर ही गांव की लगभग 60 कनाल भूमि पर विशुद्ध रूप से प्राकृतिक खेती आरंभ कर सिर्फ जिला हमीरपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के किसानों-बागवानों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जहरीले रसायनों से मुक्त खेती की इस पारंपरिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ये महिलाएं कई ऐसे पारंपरिक एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर फसलें जैसे-कोदरा (मंढल), काली गेहूं और हल्दी आदि भी उगा रही हैं, जो कि लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। महिला किसानों निम्मो देवी और कुसुम लता ने बताया कि कृषि विभाग की आतमा परियोजना के माध्यम से उन्होंने विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्राकृतिक ढंग से खेती आरंभ करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्हें देसी गाय और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद के लिए कृषि विभाग से सब्सिडी भी मिली। विभाग के अधिकारियों ने उन्हें विभिन्न फसलों, विशेषकर मोटे अनाज के बीज भी उपलब्ध करवाए। निम्मो देवी ने बताया कि गांव की महिलाओं के राधेश्याम महिला स्वयं सहायता समूह ने पिछले सीजन में प्राकृतिक ढंग से कोदरे (मंढल) और मक्की की फसल उगाई तथा इनका लगभग 5 क्विंटल आटा बाजार में बेचा, जिससे उन्हें लगभग 45 हजार रुपए की आय हुई। अब इस सीजन में उन्होंने काली गेहूं उगाई है और इसके साथ ही मटर तथा सरसों भी लगाई है। प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की और गेहूं की फसलों के लिए अलग से समर्थन मूल्य प्रदान करने के मुख्यमंत्री के फैसले की सराहना करते हुए निम्मो देवी कहती हैं कि इससे प्रदेश के किसानों का रुझान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ेगा तथा फसलों के अधिक दाम मिलने से उनकी आय में अच्छी-खासी वृद्धि होगी। उपभोक्ताओं को भी जहरमुक्त खाद्यान्न उपलब्ध होंगे। राधेश्याम महिला स्वयं सहायता समूह की एक अन्य सदस्य कुसुम लता का कहना है कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान लगभग शून्य लागत में ही अपने खेतों से अच्छी पैदावार ले सकते हैं। गांव की महिलाएं प्राकृतिक खेती से ही हल्दी और कई अन्य फसलें भी उगा रही हैं, जिससे उन्हें काफी अच्छी आय हो रही है। ये उत्पाद प्राप्त करने के लिए उनके मोबाइल नंबर 9816909481 पर भी सीधे संपर्क किया जा सकता है।

# बस किराया बढ़ाकर प्रदेश सरकार ने डाला आर्थिक बोझ : नवीन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम बस किराया दोगना करने पर कड़ा ऐतराज व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक और जहां महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं, प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने न्यूनतम बस किराया दोगुना कर आम जनमानस पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। रोजाना बसों में यात्रा करने वालों के लिए यह बहुत बड़ा गलत कदम सरकार द्वारा उठाया गया है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुन: विचार करने की मांग की है और अपना खासा विरोध दर्ज किया है। मध्यम वर्गीय परिवार चाहे वह छात्र हो या नौकरी पेशा वाला वह बसों में ही सफर करते हैं और ऐसे में किराया बढ़ोतरी आम जनमानस के लिए किसी झटके से कम नहीं है। प्रदेश की सरकार महज मित्रों की सरकार बनकर रह गई है।

# पशुओं के अनिवार्य पंजीकरण संबंधी कानून की जानकारी उपलब्ध करवाए जाने की गुहार



**एसके ठाकुर, बड़सर**

भारतीय गोवंश संरक्षण संवर्धन परिषद की हिमाचल इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश पंचायतीराज विभाग के निदेशक राघव शर्मा को ज्ञापन सौंप कर पंचायतीस्तर पर किए जाने वाले गोवंश व अन्य पालतू पशुओं के अनिवार्य पंजीकरण संबंधी कानून की विस्तृत जानकारी ग्रामसभा की बैठकों में उपलब्ध करवाए जाने की गुहार लगाई।

परिषद के महामंत्री राम ऋषि भारद्वाज ने बताया कि निदेशक से मुलाकात करने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ राजेंद्र भारद्वाज, अनिल शर्मा, प्रांत सह गोरक्षा प्रमुख, लज्जा चंदेल, रती राम शर्मा, हेमंत शर्मा व अनिल सरस्वती भी शामिल थे। भारद्वाज ने बताया कि करीबन चार महीने पहले हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी की गई एक अधिसूचना के मुताबिक प्रत्येक पशुमालिक को संबंधित पंचायत में अपने पालतू पशुओं का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस अधिसूचना का भरपूर स्वागत करते हुए कहा कि पंचायतीराज विभाग ने आम जनमानस की जानकारी के लिए उक्त अधिसूचना को भले ही विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया हो पर इन प्रावधानों को प्रभावशाली तरीके से लागू करने के लिए पशुपालकों को इस विषय में ग्राम पंचायत स्तर पर जानकारी देना बेहद अनिवार्य है। (अनंत ज्ञान)

**जागरूकता** 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े के सातवें संस्करण का देशभर में किया जा रहा आयोजन

# पोषण रैलियों से बढ़ते मोटापे पर लगेगा अंकुश



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

कुपोषण तथा उससे उत्पन्न होने वाले रोग और व्यवधान देश और समाज की विकास प्रक्रिया में निरंतर बाधा उत्पन्न करते रहे हैं।

राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर पोषण से जुड़े अनेक कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन के बावजूद कुपोषण की स्थिति में वांछित कमी न आने के कारण पोषण को जन आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता के चलते विगत 7 वर्षों से माह मार्च-अप्रैल में पोषण पखवाड़े और सितंबर में पोषण माह के विशेष आयोजन के साथ-साथ वर्ष भर पोषण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन सरकारों द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े के सातवें संस्करण का आयोजन देश भर में किया जा रहा है। विकासखंड सुजानपुर एवं विकासखंड बमसन में पोषण पखवाड़े की शुरुआत विकासखंडों के विभिन्न भागों में पोषण रैलियां के आयोजन के साथ हुई। सीडीपीओ सुजानपुर एवं टौणीदेवी कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि पखवाड़े के दौरान विकासखंड क्षेत्रों में विभिन्न पोषण संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बाल्यावस्था के प्रथम 1000 दिवस के अद्वितीय महत्व को इंगित करना, पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थी स्वयं पंजीकरण को बढ़ावा देना, समुदाय को कुपोषण प्रबंधन में दक्ष करना, बढ़ते मोटापे पर अंकुश लगाना तथा पर्यावरण मित्र जीवन शैली को आत्मसात करना इन गतिविधियों के केंद्र में रहेंगे। इन योजनाओं के कार्यान्वयन में स्थानीय समुदाय को जोड़कर उनकी नेतृत्व क्षमता का भरपूर उपयोग कर स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में उन्हें सक्रिय भागीदार बनाना इन आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है।

## जागरूकता रैली से किया पोषण पखवाड़े का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पोषण अभियान के तहत 8 से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़े का शुभारंभ मंगलवार को जागरूकता रैली के साथ किया गया। डीसी अमरजीत सिंह ने इस जागरूकता रैली को डीसी कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कर्मचारियों और अन्य महिलाओं ने भाग लिया। यह रैली गांधी चौक और मुख्य बाजार से गुजरती हुई टाउन हॉल में संपन्न हुई। रैली के शुभारंभ अवसर पर डीसी ने कहा कि छोटे बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के सही पोषण के लिए वर्ष 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत की गई थी। इसी अभियान के तहत इस वर्ष 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले भर में विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पखवाड़े के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियां निर्धारित की गई हैं तथा इन गतिविधियों से संबंधित फोटो वेब पोर्टल पर भी अपलोड किए जाएंगे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 7वां पोषण पखवाड़ा चार मुख्य विषयों पर आधारित रहेगा।

## बच्चों को जंक फूड से रखें दूर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पोषण अभियान के अंतर्गत 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम राकेश शर्मा ने मिनी सचिवालय में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली के बाद मिनी सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में एसडीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को पोषण पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं में बढ़ते कुपोषण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें जंक फूड, डिब्बा बंद प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं, शीतल पेय तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक अन्य खाद्य पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के उचित स्वास्थ्य के लिए उन्हें फल, सब्जियां तथा अंकुरित अनाज जैसे पौष्टिक आहार लेने की आदत डालें। इससे पहले, बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्कर्स को पोषण पखवाड़े के दौरान करवाए जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



# सहज व सिया का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटियारा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं सहज राणा और सिया भाटिया ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सहज व सिया के विद्यालय पहुंचने पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरज पखरोलवी तथा स्टाफ द्वारा मिठाई खिलाकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में एक आत्मीय और उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

**नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में अर्जित की सफलता**

डॉ. नीरज ने इस अवसर पर कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उनकी यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हम सभी को उन पर गर्व है।

# शिक्षा विशेषांक

## आभार



हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजन ढींगरा, रिपोर्टर नगरोटा बगवां
मो. 9882266640


## ALPHA PUBLIC HIGH SCHOOL, KHAROUTH

VACANCY POSITION

Sanskrit Teacher-01 with Experience | TGT (M&NM)-01 Each with TET | JBT - 02 with TET

Result Oriented School
Admission Open

PAROUR TEHSIL PALAMPUR, DISTT. KANGRA (H.P.)
Call us: 9805040177, e-mail: ajaysharma281972@gmail.com

## DAV PUBLIC SCHOOL TIARA

Affiliated to CBSE New Delhi

A SCHOOL WITH DIFFERENCE

ज्ञान + विज्ञान = संस्कार



Ekta Attri
Principal

93175 80557

REGISTRATION / ADMISSION OPEN 2025-26

Class:- Nur to 9th & 11th

OUR FEATURES

- WiFi campus
- Sports Hub
- trained Teachers
- CCTV surveillance
- GPS enabled buses
- Lush green environment
- Future Einstein Science Labs
- Toy library for kindergarten
- Highly moti in vated & professionally
- Incorporating Spoken English
- Meritorious Academic results
- Smart board enabled classroom

## NEELGIRI PUBLIC HIGH SCHOOL HATWAS

VPO LOWER HATWAS, TEH. NAGROTA BAGWAN, DISTT. KANGRA (HP)
AFFILIATED TO HPBOSE DHARAMSHALA (AFFILIATION CODE-16226)

ADMISSION OPEN FOR NURSERY - 10TH STANDERD



SCHOOL CAMPUS

500 + Students / 500 + छात्र
Huge Computer Lab / बहुत बड़ी कंप्यूटर लैब
Sports & Activities / खेलकूद गतिविधियां
Every Child Have the Dance to Perform on Stage / हर बच्चे को खेल पर जाने का मौका मिलता है।
Transport Facility also Available / बच्चों को घर से आने-जाने के लिए बस सुविधा

हमारे स्कूल में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे को ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़ती। हर बच्चा नर्सरी से ही अंग्रेजी, हिन्दी पढ़ने बोलने में सक्षम LED TV के माध्यम से हर बच्चा बहुत ही प्रसन्नता से नई-नई चीजे सिखता है। हमारी लैब में 30 से ज्यादा कंप्यूटर हैं। हर बच्चें को स्टेज पर बुलाने और Perform करवाने का प्रयास होता है। पढ़ाई के अलावा बहुत सारी Extra Activities करवाई जाती है।

FOR DETAIL CALL : 98160-73096, 98829-80698

## GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL

(Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala)

Source of Intelligence, Knowledge & Modesty

An English Medium School

ADMISSION OPEN
NURSERY TO 10TH



Harvans Koundel
Principal

Hi-Tech Computer Lab

Discover Your Potential at Green View Public School Where every student is encouraged to shine.

Choose the best School For Admission

V.P.O. Dadh, Teh. Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
01892252115, 9816521168

## Holyfaith Sr. Sec. School Pathiar

AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL

ADMISSION OPEN Nursery to Class+2
(Medical, Non-Medical, Humanities-Arts & Commerce)



Teaching is Our Passion & Your Child is Our Priority

Deepak Sood (M.D.)

Shashi Sood
Principal

Powered by: Tekie from Uolo
Aasoka and Campus Learning Apps

Transport Facility Available

Why We'.................

1. Result Oriented Faculty. 2. No Need to take Extra Tutions. 3. Last Fee Structure.
4. Information Classes by Renowned Faculty of IIT/JEE Level Absolutely Free of Cost.
5. Transport Facility. 6. Strictly Focused on Olay Way Method in Pre-Primary Classes.
7. Sainik School and RMS Coaching from this year for classes 5th and 8th within school time.

Contact us : himalyanholyfaithschool@gmail.com
www.himalyanholyfaithschool.com, 9816065788, 9805511280

## Green Field Sr. Sec. School

Affiliated to C.B.S.E New Delhi (Code No. 630121)
V.P.O. Chahri Nagrota Bagwan (H.P.)

ADMISSION OPEN NURSERY TO +1 (SCIENCE & COMMERCE)

OUR ALUMNI

Anuj Choudhary (Scientist in NASA)
Gaurav Mishra (Astt. Director Bureau of Indian Standards)
Sachin Mehta Senior Research Scientist in Apple
Aryan Prashar Working in Google

DOCTROS

Dr. Aditya Karan Walia AFMC Pune
Dr. Akanksha Sharma Medical Officer (Dept. of Health)
Dr. Shubham Kondal Veterinary Officer Dept. of Animal Husbandry
Dr. Kritika Medical Officer (Govt. of H.P.)
Dr. Riya Dogra Medical Officer
Dr. Kunal Koundal Veterinary Officer Dept. of Animal Husbandry
Dr. Deepak Sobit Surgeon Dept. of Animal Husbandry (Govt. of H.P.)
Dr. Shivani Angaria Veterinary Officer Dept. of Animal Husbandry
Dr. Vishali Dhiman
Dr. Arushi Walia
Dr. Urvi Mahajan

ARMY OFFICERS

Major Arvinder Singh
Capt. Arakshit Kapoor
Lieutenant Vishav Sharma
Lieutenant Commander Shivam Bhardwaj
Lieutenant Commander Sourav Koundal
Lieutenant Commander Aditya Sood

IIT

Keshav Kapoor IIT Kanpur
Kanika Bhardwaj IIT Mumbai

IISER

Akhil Bhardwaj IISER
Adarsh IISER
Paras IISER

Aashita Acharya President Award in Scouting

MILITARY NURSING OFFICERS

Major Akshita (Military Nursing Service)
Capt. Aditi Dewan
Ankita (Military Nursing Service)
Lieutenent Vanshika Rana (Military Nursing Service)

Contact: 01892 253979 | Email:greenfieldnagrota@rediffmail.com | Next Shining Star can be yours !!!

25% Seats are reserved under RTE.

## आर्यन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल टंग-नरवाणा

हि. प्र. स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त



Ashwani Kajal
M.D.

ADMISSION OPEN CLASSES
नर्सरी, के.जी. से दसवीं 11वीं व 12वीं आर्टस

सुविधाएं
- स्कूल परिसर में सभी बुनियादी एवं एडवांस सुविधाएं
- बायोमेट्रिक मशीन से दैनिक हाजिरी
- खुले व हवादार क्लासरूम

क्वालिटी एजुकेशन
- डिजिटल क्लासरूम
- आधुनिक साईंस लैब
- प्रस्तावित इंग्लिश लैंगवेज लैब
- प्राइमरी कक्षाओं में जॉयफल लर्निंग कांसेप्ट से पढ़ाई
- कक्षा में अधिकतम 30 विद्यार्थी

हमारा प्रयास
एडवांस संसाधनों व टेक्नोलॉजी के समावेश से, छात्रों का समग्र विकास

प्रतिभा विकास
- जीवन कौशल शिक्षा पर आधरित गतिविधियां
- म्युजिक एंड क्राफ्ट एवं डांस कक्षाओं पर आधरित कार्यक्रम
- इंग्लिश स्पीकिंग कौशल पर विशेष ध्यान

सुरक्षा एवं ट्रांसपोर्ट
- क्लासरूम एवं स्कूल परिसर की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी
- परिवाहन सुविधा घर द्वार तक



25% FEE SEATS FOR CHILDREN BELONGING TO WEAKER SECTION IN CLASS 1ST

Ashwani Kajal
Chairman, Aryan Edu. Society

website: www.apstang.com
Email: apstangnarwana654@gmail.com

Contact us
98057-01218
01892-235431

## SUNRISE PUBLIC SCHOOL DHALOON

Teh. Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)
Affiliated with H.P. Board of School Education, Dharamshala



Vijay Barwal
MD

Salient Features
- Fully Furnished Airy Class Rooms.
- Emphasis on Spoken English.
- Focus on Quality Education, Curricular & Co-Curricular Activities.
- 100% Board Results Every Year.
- Highly-qualified Teaching Staff.
- Comparatively Low Fee Structure.
- Play-Way Activities.
- Transport Facility Available.

ADMISSION OPEN 2025-26
For Nursery to 10th Class



25% Reservation for Weaker Section

# राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं



## राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं

की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**कपिल शर्मा**
पार्षद वार्ड नंबर 2 नगर परिषद घुमारवीं

## व्यापार मंडल घुमारवीं की तरफ से

राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हेम राज — अध्यक्ष, व्यापार मंडल घुमारवीं
राजेश शर्मा — कोषाध्यक्ष
विनोद सागर (बिट्टू) — उपाध्यक्ष
राज पाल उप्पल — सचिव

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**नीरज शर्मा**
स्टाफ रिपोर्टर, घुमारवीं
मो. 9418603532

## आधुनिक फर्नीचर सस्ते रेटों पर उपलब्ध है

# HARYANA HANDLOOM

**Abdhanighat, Ghumarwin (H.P.)**

Deals In : All Kinds of Bed Sheets, Towels, Khes, Dari, Blankets, Shawls, Mattresses, Chairs, PVC Flooring Mate
All Handloom Variety

Ashok Kumar Madan — Shubham Madan

Shubham Madan : 97369-24300, Ashok Kumar : 98822-42744

## राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# INDIAN'S CAREER DEFENCE ACADEMY BILASPUR (HP)

## ADMISSION OPEN (BOYS/GIRLS)

"Come & Serve The Nation"

**For Army/Polic/Airforce/Navy/ All Para Foces/ Forest Guard**

HP Best Academy Over 1100 Successful Student in Last 10 Years
Best in Ground Test/Wirtten Test (Hostel Facility)

इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु व स्टाफ माननीय मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर के साथ

इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु ग्राउंड में प्रैक्टिस करते हुए

ICDA is number one coaching institute for defence forces. We have given more than 1100 selection in defence forces till now. ICDA established in the year 2008 and headed by Ex- Serviceman B.S. Datwalia

इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के प्रशिक्षु रिटन की तैयारी करते हुए

इंडियन करियर डिफेन्स अकादमी के चयनित हुए प्रशिक्षु

Harish Shurya — Coach
Manoj Chandel — MD ICDA

CONTACT: 98162-43462, 91296-91000, 98160-62124

## राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं

की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**मनोज कुमार**
उपप्रधान ग्राम पंचायत पट्टा

## राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं

की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रीता सहगल**
अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं

## राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं

की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**श्याम शर्मा**
उपाध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं

"जब आँखों में अरमान लिया, मंजिल को अपना मान लिया।
है मुश्किल क्या आसान क्या, जब ठान लिया तो ठान लिया॥"

# MINERVA STUDY CIRCLE

*Academy to train young minds......*

DHARAMSHALA — GHUMARWIN

## COME; JOIN US (FOR SESSION 2025-26)

**WARRIOR BATCHES** (DROPPER)
w.e.f. 21st April & 12th May
JEE/NEET-2026

**REGULAR BATCHES**
10+1 & 10+2
w.e.f. 10th April
JEE/NEET/NDA

**FOUNDATION CLASSES**
9th & 10th
w.e.f. 10th April
Various Olympiads

## Top-Notch Achievers : JEE - 2025

AARAV 99.29 Percentile
Tanmaya 98.83 Percentile
Pragya 98.49 Percentile
Pranjal 98.34 Percentile
NAMAN 98.01 Percentile
AKSHIT 97.23 Percentile
PIYUS 96.86 Percentile
Many More.....

## Top-Notch Achievers : NEET - 2024

RAHUL 681/720 IGMC SHIMLA MBBS
SAKSHI 675/720 AIIMS BILASPUR MBBS
SANCHIT 669/720 IGMC SHIMLA MBBS
KHUSHI 666/720 RPGMC TANDA MBBS
RIZWAN 664/720 IGMC SHIMLA MBBS
KANUPRIYA 658/720 IGMC SHIMLA MBBS
RIYA 658/720 IGMC SHIMLA MBBS

TOTAL MBBS SELECTIONS 53

## Top-Notch Achievers : JEE - 2024

KSHITIJ NIT HAMIRPUR CSE
PARTH NIT HAMIRPUR CSE
SAKSHAM NIT HAMIRPUR CSE
SAHIL NIT HAMIRPUR CSE
GAURAV NIT HAMIRPUR CSE
PARISHA NIT HAMIRPUR CSE
AKSHITA NIT HAMIRPUR CSE

TOTAL NIT / D.U. SELECTIONS 26

## NDA Achivers 2024

BHARGAV TES-52, AIR-43
AARYAN WRITTEN
HARSHIT WRITTEN
NAMAN WRITTEN
TANMAYA WRITTEN


**SCHOLARSHIP SCHEME (For 9th, 10th, 10+1 & 10+2)***

| % of Marks in Last Qualifying Exam | Concession on Tution Fees |
|---|---|
| 90 to 93.99 % | 15% |
| 94 to 96.99 % | 25% |
| 97 to 98.99 % | 50% |
| 99 to 100 % | 100% |

*Applicable only for Dharamshala Centre

**SCHOLARSHIP SCHEME For Warrior Batches**

| | % of Marks in 10+2 Board Exam | Concession on Tution Fees |
|---|---|---|
| A | 85 to 89.99% | 15% |
| | 90 to 94.99% | 25% |
| | 95 to 98.99% | 50% |
| | 99 to 100% | 100% |
| B | BPL / IRDP | 50% |




MSC-TSE 2024-25 Scholarship; as applicable

62306 59621, 82787 25543, 78075 62616 www.minervastudycircle.com Minerva Study Circle

*MINERVA : Gateway to Your Chosen & Cherished Career Path*

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा के क्षेत्रों में कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने कहा 10 अप्रैल को 33 केवी लाइन एवं 33/11 केवी उपकेंद्र डाडासीबा की उचित परीक्षण हेतु विद्युत सप्लाई आंशिक तौर पर 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी, जिससे डाडासीबा, नंगल चौक, रोड़ी कोड़ी, चनौर, बढ़ल, सीयुल खड, आरा चौक, बाड़ी, जोड़वड़, भलवाल, आदि गांव प्रभावित होंगे।

### रामनवमी पर लगाया वार्षिक भंडारा



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** शिव शंकर ऑटोमोबाइल ढांगू पीर की ओर से आज महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में तथा रामनवमी पर वार्षिक भंडारे का आयोजन जोनी और मनी की देख रेख में किया गया। इस मौके पर सुबह हवन और सत्संग का आयोजन किया गया। दोपहर को आयोजित वार्षिक भंडारे में जिला गणमान्यों ने शिरकत की, जिनका जोनी की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान गगन, हर्ष, अजयपाल, विक्रम, रवि, हर्ष, अरूण, रोहित, अंकित, दीपक, लवीश, के अतिरिक्त अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### छात्रा सायना राणा ने छात्रवृत्ति परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय उच्च विद्यालय, योल कैंट खंड धर्मशाला की छात्रा सायना राणा ने एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित एनएमएमएस की छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें उसे रुपए 12000 प्रतिवर्ष अगले चार वर्षों तक छात्रवृत्ति के रूप में मिलते रहेंगे। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने छात्रा और उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व इसी विद्यालय के पांचवीं कक्षा के छात्र प्रत्यूष चौधरी ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा भी उत्तीर्ण की है, जिसके अंतर्गत उसे 180000 की राशि प्राप्त होगी।

### हारचकियां टीम को हराकर डोल क्रिकेट विजेता

**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपतहसील कोटला के तहत आने वाली जोल युवा क्लब द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ। सोमवार को स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में डोल की टीम ने हारचकियां की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस ब्लॉक प्रेजिडेंट सोनू धीमान पहुंचे। टूर्नामेंट के अंत में मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं विनोद कुमार, गुलशन गैरी, मुकेश राणा, अतुल कुमार, जोल प्रधान उप प्रधान आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### व्यक्ति ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, जसूर।** प्रसिद्ध स्वयंभू आप शम्भू शिव मंदिर मठोली (जसूर) के पास सड़क किनारे पठानकोट निवासी राजकुमार ने पेड़ के साथ लटक कर फांसी लगा ली। इस संबंधी नूरपुर थाना पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस थाना नूरपुर की टीम ने एक ऑटो नंबर पीबी 06 ए.डब्ल्यू.9328 मौके पर मौजूद था और एक शव आम के पेड़ से लटका हुआ था। जांच के बाद मृतक की पहचान राजकुमार उम्र 52 साल पुत्र सुरिंद्र मोहन गांव मकान नंबर 242 मेला देवी स्कूल के तौर पर हुई। नूरपुर पुलिस द्वारा बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस थाना नूरपुर की निगरानी में उपमंडल सिविल हॉस्पिटल नूरपुर में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ढगवार गांव में करंट लगने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, गगल।** गांव ढगवार में आज 30 वर्षीय युवक दिनेश कुमार की सुबह उस समय करंट लगने से मृत्यु हो गई जब वह अपने निर्माण अधीन मकान को पानी देने के लिए टुल्लू पंप का प्रयोग कर रहा था कि अचानक टुल्लू पंप की मोटर में शॉर्ट हुई और करंट लग जाने से मौत हो गई जिसे तुरंत कांगड़ा के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम पंचायत के उप प्रधान मेहता राम ने बताया की पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

### अग्निवीर ऑनलाइन पंजीकरण 25 अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कांगड़ा और चंबा जिलो के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि भर्ती वर्ष 2025-26 में आर्मी अग्निवीर और जूनियर कमिशन अफसर/अन्य रैंको की भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करने के तिथि 10 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) समय से पहले कर लें।

### उपायुक्त ने बगली स्कूल लिया गोद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त हेम राज बैरवा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगली को गोद लिया जो कि जिला कांगड़ा के सबसे पुराने विद्यालयों में से एक है। मंगलवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगली के परिसर में पहुंचकर स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त के इस दौरे के दौरान उच्च शिक्षा उपनिदेशक विकास महाजन, नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया भी मौजूद रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगली की प्रिंसिपल प्रोमिला शर्मा ने कहा कि उनके और उनके स्टाफ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके स्कूल को डिप्टी कमिश्नर द्वारा गोद लिया गया है।

### पूर्व विधायक सुरेंद्र ने किया हॉल का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पूर्व सीपीएस चौधरी सुरेंद्र काकू गांव महेरना में पहुंचे जहां गांववासियों के लिए 4 लाख रुपए का हॉल तैयार किया गया जिसका उद्घाटन उनके द्वारा किया गया। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सुक्खू सरकार गांव और शहर में विकास कि तरफ पूरा ध्यान दे रही है, लेकिन कुछ सरकारी अधिकारी सुक्खू सरकार द्वारा करवाए विकास कार्यों को छुपा कर रख रहे है, ऐसे अधिकारियों का पर्दाफाश करेंगे। वहीं जनता कि गरीबी खत्म करने कि लड़ाई जारी रहेगी।

### स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर के अंतर्गत करवाई गोष्ठी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शहरी क्षेत्र नगर पंचायत शाहपुर में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर के अंतर्गत वार्ड नं. 3 में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को वेस्ट प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया गया व नगर पंचायत की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद आजाद सिंह, प्रदीप दीक्षित सचिव, कमल ठाकुर स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्थानीय महिलाओं ने भी भाग लिया।

### रविंद्र ने न्यूनतम बस किराए की वृद्धि का किया विरोध

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) के जिला सचिवालय सदस्य रविंद्र कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडरों की कीमत वृद्धि और राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम बस किराया 10 रुपए की वृद्धि का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) जिला कमेटी कांगड़ा गैस-सिलेंडरों की कीमत में भारी वृद्धि और पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क लगाने की निंदा करती है। हिमाचल सरकार द्वारा बस के न्यूनतम किराए में जो वृद्धि की है सरकार के इस फैसले की सीपीआई (एम ) जिला कमेटी कांगड़ा निंदा करती है क्योंकि इस फैसले से आम गरीब जनता पर बोझ बढ़ गया है।

### हनुमान मंदिर लदबाड़ा में जागरण 11 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हनुमान मंदिर लदबाड़ा में 11 अप्रैल शाम को भगवती माता का विशाल जागरण होगा तथा 12 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे से शाम तक विशाल भंडारा लगाया जाएगा। हनुमान मंदिर कमेटी के प्रवक्ता लवनीश चौधरी ने बताया कि स्थानीय ग्राम वासियों के सहयोग से यह 29वां दो दिवसीय धार्मिक समागम आयोजित किया जा रहा है।

---

## अब वन मंडल नूरपुर में जंगल की आग पर हाईटेक सिस्टम से रहेगी नजर

# ड्रोन करेगा जंगलों की निगरानी



**82 बीटों में फायर वाचर तैनात**

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

फायर सीजन में हिमाचल की वन संपदा की सुरक्षा के लिए इस बार ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसी के साथ अब वन मंडल नूरपुर में ड्रोन जंगलों के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगा। यह पहला मौका है, जब वन विभाग ने वनों को आग से बचाने के लिए ड्रोन का सहारा लिया है।

हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा फायर सीजन के लिए शुरू किया गया फोरेस्ट फायर अलर्ट मैसेजिंग सिस्टम अब सीधे फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की बेवसाइट के साथ इंटरलिंक हो गया है। इसका फायदा यह होगा कि प्रदेश में किसी भी जंगल में आग लगते ही तत्काल फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के सॉफ्टवेयर फायर अलर्ट मैसेजिंग से अधिकारियों, कर्मचारियों व वन मित्रो के मोबाइल नंबर लिंक किए गए है, लिंक किए गए अधिकारियों, कर्मचारियों व वन मित्रों के मोबाइल पर जंगल में कहीं भी आग लगते ही अलर्ट मैसेज आ जाएगा।

पंजाब राज्य की सीमा से सटे जिला कांगड़ा के वन मंडल नूरपुर के तहत फतेहपुर, नंगल, नूरपुर, जवाली, इंदौरा और फतेहपुर राजस्व उपमंडलों की बहुमूल्य वन संपदा को आग से बचाने के लिए विभाग ने कार्रवाई योजना तैयार की है। इसके तहत वन मंडल नूरपुर में एक कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें एसीएफ नूरपुर को नोडल अधिकारी बनाया है और 82 बीटों में फायर वाचर तैनात किए जा रहे हैं।

### घटनाओं से निपटने के लिए टीमें गठित



**डीएफओ** नूरपुर अमित शर्मा ने बताया कि इस फायर सीजन में विभाग ने नूरपुर वन मंडल के तहत पड़ने वाली पांच वन परिक्षेत्रों (फोरेस्ट रेंज) नूरपुर, कोटला, जवाली, इंदौरा के जंगलों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पांच टीमें गठित की गई है। नूरपुर वन मंडल के अंतर्गत लगभग 53 हजार हेक्टेयर वन भूमि आती है। इसमें लगभग 48 वन बीट आग की दृष्टि से संवेदनशील है, जिसमें 15 वन बीट आग की दृष्टि से संवेदनशील और 34 वन बीटें अति संवेदनशील हैं, जिनके बचाव के लिए विभाग सतर्क है।

---

### तेज रफ्तार गाड़ी को किया सीज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार में दौड़ रही एक गाड़ी को पुलिस ने सीज किया है। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में उसका रंग सफेद दर्ज था, जबकि मौके पर पकड़ी गई गाड़ी नीले रंग की निकली। यह नियमों का उल्लंघन है। पुलिस ने चालक पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए 16 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

यह गाड़ी हरियाणा के यमुनानगर निवासी के नाम पर रजिस्टर्ड है, जिसे धर्मशाला के दाड़ी क्षेत्र का एक व्यक्ति चला रहा था। एसएसपी अदिति सिंह ने बताया कि पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत करीब 16 हजार रुपए का चालान करते हुए गाड़ी को जब्त कर लिया है।

---

## हैप्पी बर्थडे



चक्कर (मंडी) के हरदेश सिंह को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

---

## मेले सांस्कृतिक विरासत की पहचान : सुधीर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला विधानसभा के वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने मंगलवार को श्री लखदाता पीर दंगल सकोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं और आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। शर्मा ने कहा की जल्द ही उनके प्रयासों और केंद्र में मोदी सरकार के सहयोग से सकोह में एक विशाल आइस स्केटिंग रिंक बनकर तैयार होगा।

उन्होंने अपनी तरफ से श्री लखदाता पीर कमेटी सकोह को इक्कीस हजार रुपए देने की घोषणा की और मेला कमेटी की मांग को मानते हुए यह भी आश्वस्त किया की जल्द ही मेला कमेटी को भव्य दंगल को आयोजित करने के लिए भूमि भी उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## आठ दिवसीय ऐतिहासिक दाड़ी मेले का डीसी ने किया शुभारंभ



**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने झंडा रस्म निभाने के साथ ही दाड़ी में धुम्मू शाह मेले का विधिवत शुभारंभ किया इस अवसर पर भराड़ी माता मंदिर में पूजा अर्चना भी की गई। यह मेला आठ अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक होगा।

इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धुम्मूशाह मेला एक पुरातन मेला है इस मेले के आयोजन के साथ जन भावनाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मेले को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि मेले में कुश्तियों सहित बच्चों के लिए झूले इत्यादि लगाए गए हैं ताकि लोगों का भरपूर मनोरंजन हो सके। उन्होंने कहा कि इस बार दो सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएंगी जिसमें स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं हो। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए कमेटियां भी गठित की गई हैं। वहीं मेला अधिकारी एसडीएम संजीव भोट ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए धुम्मू शाह मेले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### मोबाइल खराब निकलने पर राशि लौटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य नारायण ठाकुर तथा आरती सूद की अदालत ने मोबाइल खरीद के एक मामले में विपक्षी पक्षों को संयुक्त रूप से शिकायतकर्ता को 2949 रुपए की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने व 5000 रुपए की क्षतिपूर्ति के अलावा 5000 रुपए की मुकद्दमेबाजी लागत अदा करने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार बनखंडी निवासी सुशील कुमार की पत्नी ने ऑनलाइन ई-कॉमर्स के प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक मोबाइल कंपनी का कीपैड फोन खरीदा था। मोबाइल उपयोग करने के कुछ दिनों बाद खराब होने लगा। वहीं तकनीशियन ने फोन बदलने से इंकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग का दरवाजा खटखटाया। कंपनी की ओर से सेवा की तारीख से 45 दिनों की निर्धारित समय अवधि के भीतर जवाब दायर नहीं किया गया। संबंधित पार्टियों की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तथा एकपक्षीय कार्रवाई की गई। उपभोक्ता आयोग ने विपक्षी पक्षों को संयुक्त रूप से शिकायतकर्ता को मुकद्दमेबाजी राशि की अदायगी के आदेश जारी किए।

## स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र की हरिपुर तहसील के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बिलासपुर की जमीन पर अवैध कब्जा निकला है। तहसीलदार हरिपुर सुरेश कुमार स्कूल में निशानदेही को पहुंचे थे।

एसएमसी कमेटी पदाधिकारियों की सहमति के बाद कब्जाधारियों को अवैध कब्जा हटाने के लिए 24 अप्रैल तक का वक्त दिया है अन्यथा होगी प्रशासनिक कार्रवाई। बता दें कि बिलासपुर स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे के अंदेशे के चलते स्कूल प्रबंधन ने निशानदेही के लिए आवेदन किया था। टीम मौके पर पहुंची तो दूसरी पार्टी ने फसल बीजने का हवाला देते हुए निशानदेही पर आपत्ति जताई। इसके अगले दिन स्कूल प्रबंधन और एसएमसी सदस्य तहसील ऑफिस हरिपुर पहुंचे और दूसरी पार्टी द्वारा निशानदेही लटकाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। अपील पर मंगलवार को तहसीलदार हरिपुर सुरेश कुमार खुद निशानदेही के लिए पहुंचे। इस दौरान स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। जहां अवैध कब्जा पाया गया वहां फसल बिजी है। ऐसे में कब्जाधारियों को एसएमसी कमेटी की सहमति से 24 अप्रैल तक का वक्त दिया है।

बिलासपुर स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरिता पटियाल ने कहा कि निशानदेही के अनुसार स्कूल प्रबंधन ने लोहे के एंगल लगा दिए हैं। एसएमसी की सहमति से अवैध कब्जा हटाने के लिए 24 अप्रैल तक का समय दिया है। क्योंकि अभी फसल लगी है। तहसीलदार हरिपुर सुरेश कुमार ने कहा कि दूसरे पक्ष ने अवैध कब्जा हटाने के लिए वक्त मांगा है। पार्थी पक्ष ने इस पर सहमति जताई।

## नूरपुर में खुलेगा वन स्टॉप सेंटर

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

जिला कांगड़ा के नूरपुर में वन स्टॉप सेंटर खुलेगा, जिसे 'सखी' भी कहा जाता है, हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता, आश्रय और कानूनी सलाह प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है नूरपुर में बनने वाली एक सेंटर के लिए, जमीन विभाग के नाम हो गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगड़ा अशोक कुमार ने बताया कि सेंटर बनाने को अप्रूवल के लिए प्रपोजल केंद्र सरकार को भेजी गई है जैसे ही अप्रूवल मिलती है। नूरपुर में एडिशनल वन स्टॉप सेंटर खोल दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगड़ा अशोक कुमार ने बताया की महिलाओं को हर तरह से सशक्त बनाने के लिए 'वन स्टॉप सेंटर योजना' है। वन स्टॉप सेंटर, 108 सर्विस और पीसीआर के साथ मिलकर नेशनल हेल्थ मिशन की मदद से महिला का बचाव करता है। महिला को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल या शेल्टर होम पहुंचाया जाता है। इसके लिए हेल्पडेस्क नम्बर 181 जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## केंद्र सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर पर प्रचार कर जनता तक पहुंचाएं : श्रीकांत



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि भाजपा के कार्यकर्ता हैं। वहीं श्रीकांत शर्मा मंगलवार को कांगड़ा मंडल भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं और हिमाचल सरकार की नाकामियों का बूथ स्तर पर प्रचार कर जनता को अवगत करवाएं। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने 31227 एक्टिव मेंबर बनाकर प्रदेश संगठन में पांचवा स्थान हासिल किया है। काजल ने प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## हरिया गांव में पानी का संकट

**शिबू ठाकुर, कोटला**



उपमंडल जवाली में गर्मियों की दस्तक होने से पहले ही पेयजल संकट गहराने शुरू हो गया है। मंत्री चंद्र कुमार के गृह विस क्षेत्र में ही लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं तथा लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत आंबल के वार्ड नं. 4 हरियां के पांच-छह घरों में पिछले करीब दो माह से पानी की सप्लाई नहीं आई है। वहीं सरूप सिंह, महिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, यशपाल सिंह इत्यादि ने कहा कि नल सूख गए हैं।

वहीं जल शक्ति विभाग जवाली के सहायक अभियंता पवन कौंडल ने कहा कि जेई को भेजकर समस्या का हल करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर में एक घायल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत झुलाड़ में एक सड़क दुर्घटना में नित्यांशु धौलिया निवासी छतड़ी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा में मोटरसाइकिल नंबर एचपी 908263 को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाकर स्कूटी नंबर एचपी 391332 पर सवार लोकेश नाग निवासी शाहपुर जिला कांगड़ा को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण लोकेश नाग व मोटर साइकल के पीछे बैठे आदित्य मैहरा निवासी कोटला तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा को चोटें आई है। इस सन्दर्भ में पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है।

## भाजपा देश की बड़ी पार्टी बनकर उभरी है : परमार



**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश काका, भाजपा नेता संजय गुलेरिया व मंडलाध्यक्ष जवाली डॉ. राजिंद्र सिंह, मंडलाध्यक्ष नगरोटा सूरियां धीरज अत्री ने की, जबकि कांगड़ा-चंबा के प्रभारी विपन परमार ने विशेषातीर पर शिरकत की।

विपन परमार ने कहा कि आज भाजपा देश की बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि, प्रदीप शर्मा, एचएस मस्ताना, रमेश राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हंगकर दोरजे की मौत पर जवाबदेही की मांग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मंगलवार को तिब्बती धार्मिक व्यक्ति वेन तुलकु हंगकर दोरजे की संदिग्ध मौत की हाल की रिपोर्ट के जवाब में, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने ल्खपा त्सेरिंग हॉल धर्मशाला में एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें अम्ने माचेन इंस्टीट्यूट के निदेशक जू तेनक्योंग और धोमाय चोलखा एसोसिएशन के त्सोंगशोल देसल को आमंत्रित किया गया।

वक्ताओं ने तुलकु हंगकर दोरजे की संदिग्ध मौत की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच और हिरासत और संदिग्ध मौत के लिए वियतनामी और चीनी दोनों अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की।

इस दौरान जू तेनक्योंग ओर त्सोंगशोल देसल ने कहा कि केंद्रीय तिब्बती प्रशासन वियतनाम में चीनी अधिकारियों की हिरासत में एक प्रमुख तिब्बती धार्मिक नेता तुलकु हंगकर दोरजे की अचानक मौत की पुष्टि करता है। सितंबर 2024 के अंत से, हंगकर रिनपोछे चीनी अधिकारियों द्वारा तिब्बत में सामना किए गए उत्पीड़न के कारण वियतनाम में छिपकर रह रहे थे।

25 मार्च 2025 को, उन्हें स्थानीय पुलिस और चीनी गुप्त एजेंटों द्वारा समन्वित ऑपरेशन के माध्यम से वियतनाम के साइगॉन में उनके होटल के कमरे से गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें 28 मार्च को स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसी दिन रहस्यमयी तरीके से उनकी मृत्यु हो गई।

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुल्कु हंगकर रिनपोछे की अचानक मौत की निंदा करने और उनकी हिरासत और मृत्यु की परिस्थितियों के बारे में चीनी और वियतनाम के अधिकारियों से पारदर्शिता की मांग करता है। हम रिनपोछे के परिवार, दोस्तों और शिष्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और एकजुटता में खड़े हैं।

---

**पहल** सुक्खू सरकार की मुहिम लाई रंग, सभी सरकारी स्कूलों को लिया गोद

## कैबिनेट रैंक मंत्री से लेकर डीसी, एसडीएम आए आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सुक्खू की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में नवाचार करते हुए 'अपना विद्यालय: स्कूल गोद लेने का कार्यक्रम' नामक एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की गई है।

यह मुहिम अब धरातल पर सफलता के रंग दिखाने लगी है। कांगड़ा में सभी 548 सरकारी स्कूलों को इस कार्यक्रम के तहत गोद लिया गया है, इससे जहां सरकारी स्कूल के बच्चों का उत्साहवर्धन होगा वहीं शिक्षा सहित एसडीएम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक माहौल पर भी नजर रखेगी। कांगड़ा जिला में मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों ने पांच स्कूलों, अन्य जनप्रतिनिधियों ने 166 तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने 24 स्कूलों व सेवानिवृत्त अधिकारियों ने 17, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने 54 स्कूलों को गोद लिया है इसके साथ ही सेवानिवृत्त कालेज के प्रोफेसर एवं प्राचार्यों ने 282 स्कूलों को गोद लिया है। कांगड़ा जिला में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां, सहकारी बैंक के अध्यक्ष संजय चैहान ने सलोह स्कूल, डीसी कांगड़ा ने बगली स्कूल, एसडीएम नुरपुर, एसडीएम देहरा, एसडीएम धर्मशाला, आईपीएस डॉ. डीके चैधरी, एसडीएम नगरोटा मुनीश शर्मा, एसडीएम जयसिंहपुर, एचएएस विकास शर्मा सहित कई अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों ने स्कूल गोद लिए हैं। उपनिदेशक शिक्षा विकास महाजन का कहना है कि इस योजना के अंतर्गत स्कूल को गोद लेने के कार्यक्रम से स्कूलों में शैक्षणिक स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है तथा विद्यार्थी भी उत्साहित हैं।

विद्यार्थियों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नियंत्रण और रोकथाम के अलावा कैरियर काउंसलिंग और पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार ने स्कूल गोद लेने का बेहतरीन कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

### समग्र प्रगति के लिए छात्रों को मिलेगा मार्गदर्शन

सुक्खू सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाना और उन्हें संसाधनों को सशक्त बनाने के लिए कारगर कदम उठा रही है इसी के तहत स्कूल गोद लेने का कार्यक्रम' आरंभ किया गया है इस योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित नागरिकों जैसे सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आदि को शामिल किया जा रहा है।

ये सभी अधिकारी कम से कम एक स्कूल को गोद लेंगे और उसकी समग्र प्रगति के लिए मार्गदर्शन करेंगे। वे छात्रों को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

## जवाली का जिला स्तरीय बैसाखी मेला टमक की ताल पर शुरू

**अनिल छांगु, जवाली**



जवाली के मिनी हरिद्वार जवाली में 13-14 अप्रैल को आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेला का आगाज आज टमक की थाप से शुभारंभ हुआ।

वहीं समाजसेवी जसवंत गुलेरिया, कैलाश भारती ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान रविंद्र कपिला ने मुख्यातिथियों को सम्मानित किया। तदोपरान्त उन्होंने मेले पर लगाए टमक पर थाप लगाई। मेला कमेटी के अध्यक्ष राजिंद्र राजू ने कहा कि 13 अप्रैल को मिनी हरिद्वार जवाली में बैसाख संक्रांति का महास्नान होगा। रात्रि को सांस्कृतिक नाइट ईशांत भारद्वाज मनोरंजन करेंगे। 14 अप्रैल को जिला स्तरीय दंगल होगा, जिसमें नामी-गिरामी पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। इस रात को प्रसिद्ध गायक कुलदीप शर्मा सांस्कृतिक संध्या में भाग लेंगे। वहीं नप जेई शशि बालिया, कनिष्ठ, नप के उपाध्यक्ष एवी पठानिया, पार्षद जगपाल जग्गु, रविंद्र आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल के एडी ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौपाल के छात्र एडी ने एससीईआरटी द्वारा प्रायोजित एनएमएमएस स्कॉलरशिप परीक्षा में 130 अंक हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने बताया कि स्कूल के दो अन्य छात्रों अर्पण ने 123 एवं पूर्वी ने 120 अंक हासिल कर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इन छात्रों को सरकार की तरफ से प्रति वर्ष 12-12 हजार रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। हरी शर्मा एवं स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष गिरीश ठाकुर एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने एडी एवं परीक्षा पास करने वाले अन्य दो छात्रों की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता व सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। हरी शर्मा ने कहा कि एडी एक होनहार छात्र है तथा उन्हें आशा है कि व एक दिन स्कूल के साथ साथ अपने क्षेत्र का नाम अवश्य रोशन करेगा।

### प्रशांत के जिला महामंत्री बनने पर खुशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एचपीएसईबी एम्प्लाइज यूनियन की रोहड़ू इकाई के सचिव खुशी राम ठाकुर ने बताया कि प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के सम्मेलन में प्रशांत शर्मा को जिला शिमला का महामंत्री बनने से बिजलीकर्मियों व यूनियन में खुशी का माहौल है। खुशी राम ठाकुर ने बताया कि प्रशान्त शर्मा सदैव ही बिजली कर्म के लिए समर्पित हैं और यूनियन के संघर्षों में निरंतर अपनी भूमिका निभाते आए हैं और वर्तमान में यूनियन के प्रदेश उप महामंत्री भी हैं और हमें विश्वास है कि नई जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाएंगे। इस मौके पर कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रशांत शर्मा ने एम्प्लॉयज यूनियन के शीर्ष नेतृत्व और सभी कर्मियों का आभार जताया। इस मौके पर ई. प्राग राज टेगटा, ई. नीतिक, प्रमोद, राज कुमार चौहान, प्रेम ठाकुर, नरेश मुखिया, प्रीत पाल कायथ, रोशन चौहान, सुरेश चौहान, सीता राम रेटका, अश्विनी चौहान, भीष्म सिंह ठाकुर, मोहन सिंह चौहान, सीता राम, सुरेश लता, सुरमिला सारटा, सुषमा शर्मा, शशि चौहान, नीरा शर्मा, जय सिंह शर्मा, शमशेर भापटा जी के साथ साथ काफी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

### 22 तक चलेगा पोषण पखवाड़ा अभियान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना, रामपुर के तत्वावधान में ब्लॉक समिति हॉल, रामपुर में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक पूरे जिले में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत पोषण शपथ के साथ की गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबकास्ट देखा, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पोषण के महत्व और सरकारी प्रयासों पर विचार साझा किए। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर शशि ठाकुर ने पोषण पखवाड़ा की औपचारिक शुरुआत करते हुए विभाग की विभिन्न पोषण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों में शामिल रहे, डी. एल. जोशी (स्वास्थ्य विभाग) जनिता राणा (स्वास्थ्य शिक्षिका) ने एचआईवी से जुड़ी जानकारी साझा की, चंद्र शर्मा (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) ने पोषण ट्रैकर और रीयल टाइम डाटा मॉनिटरिंग पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### रोहड़ू में समाज से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**दक्षमी रावत, रोहड़ू।** समाज सुधार एवं जनकल्याण सेवा समिति रोहड़ू की बैठक समिति के कार्यालय राणा भवन नजदीक पंजाब नेशनल बैंक में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद सदस्यों में प्रदेश संयोजक राजेंद्र धीरटा, प्रदेश अध्यक्ष सबीर दास, ब्लॉक अध्यक्ष जेपी चौहान, बबीता नेगी पार्षद नगर पंचायत चिड़गांव, केएन पांडे पूर्व खंड विकास अधिकारी रोहड़ू, चिड़गांव ब्लॉक संयोजक चमन स्याण, बलवान विवांटा, लेख राज, मुकेश रुपटा, रीना राणा, भाग मल सौहटा, जीत सिंह सिंघा, भरत भूषण, पिंकू व हरनाम सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक जेपी चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जिसमें समाज में नशाखोरी को जड़ से समाप्त करना व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना, रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली व पानी की बढ़ रही समस्याओं को सरकार के ध्यान में लाना आदि मुद्दे शामिल रहे। समिति का उद्देश्य जन समस्याओं को उजागर करके सरकार के सहयोग से शीघ्र अति शीघ्र समाधान करना है। वहीं समाज में भाईचारा कायम करना और आगामी बैठक चिड़गांव में आयोजित करवाने का फैसला लिया है।

# बस किराया बढ़ने पर माकपा 'लाल'

## गैस सिलेंडरों के बढ़े दामों पर भी जताया रोष, डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**राजधानी** शिमला में सीपीआईएम लोकल कमेटी ने सामूहिक रूप से हिमाचल सरकार द्वारा बसों का न्यूनतम किराया 10 रुपए करने व केंद्र की मोदी सरकार द्वारा रसोई गैस पेट्रोल डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी करने के विरोध में जिलाधीश कार्यालय के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और केंद्र की मोदी सरकार की महंगाई बढ़ाने वाली नीतियों के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की गई।

जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने न्यूनतम बस किराए में दुगनी वृद्धि प्राइवेट बस ऑपरेटरों को फायदा पहुंचाने के लिए की गई है। प्राइवेट बस ऑपरेटर न्यूनतम बस किराया 10 रुपए करने की मांग कर रहे थे। सरकार ने प्राइवेट बस ऑपरेटरों के आगे घुटने टेक कर जनता पर भारी आर्थिक बोझ डाला है। जो लोग हर रोज अपनी मेहनत मजदूरी करने के लिए काम पर जाते हैं, उनको जहां पहले आने-जाने का प्रतिमाह 300 रुपया देना पड़ता था, अब उन्हें प्रतिमाह 600 रुपए देना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)




### पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाना दुर्भाग्यपूर्ण

**केंद्र** की मोदी सरकार द्वारा पिछ्ले कल रसोई गैस के दामों में 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ोतरी की गई है पेट्रोल और डीजल के दामों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है जबकि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 33 रुपए प्रति लीटर उसे रिफाइंड करने में 5 रुपए प्रति लीटर खर्च आता है।

### पानी और गार्बेज बिलों में की गई बढ़ोतरी से जनता परेशान

**पहली** अप्रैल से पानी के बिलों और गार्बेज बिलों में 10त्न की बढ़ोतरी की गई है। सरकार अस्पतालों में रोगियों के जो टेस्ट पहले मुफ्त में किए जाते थे। अब सरकार उनका पूरा चार्ज वसूलने व पर्ची बनाने के 10 रुपए लेने की तैयारी कर रही है।

### एचआरटीसी कर रही निजीकरण की साजिश

**प्रदेश** सरकार ने बजट सत्र में घोषणा की थी कि 1000 सरकारी बस रूटों को प्राइवेट बस ऑपरेटर को दिया जाएगा। सरकारी रूटों को प्राइवेट बस ऑपरेटरों को देना एचआरटीसी का पूरी तरह निजीकरण करने की साजिश है।

# बिना पंजीकरण के खाद्य सामग्री बेचने पर रोक

**पुष्पेंद्र, शिमला**

**तीन सप्ताह के भीतर दें जवाब: हाईकोट**

**हिमाचल** प्रदेश हाईकोर्ट ने पूरे राज्य में बिना पंजीकरण या बिना लाइसेंस के खाद्य पदार्थों के व्यवसाय, संचालन और बिक्री पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कि पूरे हिमाचल प्रदेश में खाद्य, सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कोई भी खाद्य व्यवसाय संचालित न हो।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अधिनियम के तहत अभियोजन सहित सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी किए। याचिकाकर्ता ने खाद्य, सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26 और धारा 31 का हवाला देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य में कानून के प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है और लोग बिना लाइसेंस के और कानून में निहित प्रावधानों को लागू किए बिना खाद्य व्यवसाय कर रहे हैं, जिससे समाज में गंभीर बीमारी फैल सकती है और इसलिए याचिकाकर्ता वर्तमान याचिका दायर करने के लिए बाध्य है।

जिनके व्यवसायियों के लिए लाइसेंस की आवश्यकता हो। वह लाइसेंस की शर्तों के सिवाए कोई अन्य खाद्य सामग्री की खरीद फरोख्त नहीं कर सकता। कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव सहित स्वास्थ्य निदेशक, खाद्य सुरक्षा आयुक्त को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। (अनंत ज्ञान)

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित विधायक का गृह क्षेत्र देवठी : कौल सिंह नेगी



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**रामपुर** के विधायक नंदलाल का गृह क्षेत्र देवठी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यह आरोप भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कौल सिंह नेगी ने लगाया है। उन्होंने कहा कि बदहाल सड़क, अस्पताल में लटके ताले स्कूलों में शिक्षकों की कमीं और ना ही वेटरिनरी फार्मासिस्ट।

भाजपा मंडल रामपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम केंद्र देवठी की बैठक ग्राम केंद्र अध्यक्ष पूज्य मान्टा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौल नेगी, भाजपा मंडलाध्यक्ष रामपुर नरेश चौहान विशेष रूप से रहे उपस्थित। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओ से संगठनात्मक विषयों सहित क्षेत्र मे अन्य जन समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौल सिंह ने कहा कि 12/20 क्षेत्र एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, लेकिन यहां पर जनता को चाहे वो स्वास्थ्य, शिक्षा या फिर सड़क की बात हो सब जगह सुविधा का अभाव है। जिस वजह से यहां के लोग सरकार के उदासीन रेवैये से बेहद निराश है। उन्होंने कहा देवठी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। क्षेत्र की देवठी पीएचसी हॉस्पिटल इतना बड़ा है लेकिन वहां पर ताला लटका पड़ा है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में भाग लिया और इस बैठक में पार्टी से संबंधित कई गंभीर मसलों पर विचार विमर्श किया गया।

# आम जनता की तकलीफों से नजरें चुरा रही कांग्रेस सरकार : चेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कांग्रेस** सरकार हर कदम अपने लाभ के लिए उठा रही है। गरीब जनता से कोई सरोकार नजर नहीं आता। हर दिन लोगों की तकलीफें बढ़ रही हैं, मगर उल्टा राहत देने के बजाय और ज्यादा आर्थिक बोझ लादे जा रहे हैं, भाजपा के राज्य प्रवक्ता चेतन बरागटा ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शामिल के बयान पर पलटवार करते हुए ये शब्द कहे। उन्होंने कहा कि कर्नल शांडिल आम जनता की तकलीफों से नजरें चुरा रहे हैं, जिसमें मंत्री ने अस्पतालों में पर्ची काटने के लिए 10 रुपये शुल्क को जायज ठहराया है। बरागटा ने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस सरकार का हर कदम गरीबों के खिलाफ और अपने फायदे के लिए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या 10 रुपये की पर्ची से मरीज पर्ची नहीं गुम करेंगे, या सरकार की जेब भरने का नया तरीका ढूंढा गया है? बरागटा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अब तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है, जो आम आदमी को राहत दे। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ते बस किराए से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में शुल्क तक, हर निर्णय आम आदमी की जेब पर भारी है। बरागटा ने पिछली भाजपा सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए बताया कि महिलाओं के लिए आधा बस किराया, गृहिणी सुविधा योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन व सिलेंडर और हर घर जल जैसी योजनाएं सीधे जनता को राहत पहुंचाने के लिए चलाई गई थीं।

# एडीसी डॉ. निधि पटेल अब राजस्थान सरकार में देंगी सेवाएं

## सरकार ने तीन वर्षों के डेपुटेशन को दी मंजूरी, आज जयपुर में संभालेंगी नई जिम्मेदारी

**शुभम राही, बिलासपुर**



जिला बिलासपुर की अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) डॉ. निधि पटेल को तीन वर्षों के लिए राजस्थान सरकार में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर सेवाएं देने हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। वे आगामी बुधवार को जयपुर में नई जिम्मेदारी का कार्यभार संभालेंगी।

डॉ. निधि पटेल ने हिमाचल में अपने प्रशासनिक कार्यकाल को समृद्ध अनुभव बताया और कहा कि बिलासपुर में सेवा देने के दौरान उन्हें जनसेवा के विविध आयामों पर कार्य करने का अवसर मिला। जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता के सहयोग पर कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से अनेक योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका। 2018 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी डॉ. निधि पटेल मूलतः उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली हैं। वर्ष 2019 में उन्हें हिमाचल प्रदेश कैडर आवंटित हुआ। प्रशासनिक सेवाओं के दौरान उन्होंने नालागढ़, बद्दी और सोलन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

फरवरी 2021 में वे ऊना जिले की उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त हुईं, जहां उन्होंने प्रशासनिक सुधारों के साथ-साथ सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। जनवरी 2023 में उन्होंने बिलासपुर जिला की एडीसी के रूप में कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन विकास को गति देने हेतु कई नवाचार किए। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन विकास के लिए तैयार किया मास्टर प्लान

**नयनादेवी** मंदिर क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास के लिए उन्होंने 100 करोड़ रुपए की लागत से मास्टर प्लान तैयार करवाया, जिसे राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार हेतु 2 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत का मास्टर प्लान भी उनके मार्गदर्शन में तैयार किया गया, जिसका टेंडर प्रक्रिया में है। आईएएस बनने से पहले डॉ. निधि पटेल ने बनारस और दिल्ली के प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग अस्पताल में गायनी स्पेशलिस्ट डॉक्टर के रूप में सेवाएं दीं। महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच में भी सराहनीय योगदान दिया।

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में कुश्तियों का शुभारंभ, एसपी बोले-

# कुश्ती भारत की प्राचीन खेल परंपरा का अभिन्न अंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में मंगलवार को कुश्तियों का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि संदीप धवल ने अखाड़ा पूजन सहित अन्य रीति-रिवाजों का पालन करते हुए कुश्तियों का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यातिथि संदीप धवल को एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। ग्रीष्मोत्सव मेले में दो दिन तक कुश्ती प्रतियोगिता चलेगी।

इस मौके पर एसपी संदीप धवल ने कहा कि कुश्ती भारत की प्राचीन खेल परंपरा का अभिन्न अंग है। यह खेल न केवल शारीरिक ताकत बढ़ाता है, बल्कि युवा पीढ़ी में अनुशासन, मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है, जो आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने मेला कमेटी को इस सराहनीय आयोजन के लिए बधाई दी।

वहीं इन मुकाबलों में प्रदेश भर से आए पहलवानों ने भाग लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष आकर्षण का केंद्र रहे छोटे बच्चों के मुकाबले, जिनमें उनकी प्रतिभा और समर्पण देख दर्शक बेहद उत्साहित हुए। बच्चों की कुश्ती देख दर्शकों ने तालियों के साथ उनका हौसला बढ़ाया।

कुश्ती प्रतियोगिता में पुरुष व महिलाएं दोनों ही दंगल में अपना दमखम दिखाएंगे। इस कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल सहित बाहरी राज्यों के पहलवान भाग लेते हैं। लोग दूर-दूर से आकर सीर खड्ड के किनारे होने वाली छिंज का लुत्फ उठाते हैं। राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले में कुश्ती प्रतियोगिता में बड़ो के साथ छोटे बच्चे भी अपना दमखम दिखा रहे थे।

वहीं मेला कमेटी के अध्यक्ष व उप मंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल चार वर्गों की कुश्तियां करवाई जा रही हैं, जिसमें हिमाचल कुमार, बिलासपुर कुमार, सामान्य वर्ग और महिला वर्ग। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 अप्रैल को फाइनल मुकाबलों के साथ संपन्न होगी।

### भूकंप से निपटने के लिए करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** आपदा जागरूकता और प्रबंधन के लिए एम्स बिलासपुर में अस्पताल भवन की दूसरी मंजिल पर प्रो. (डॉ.) डीएन शर्मा, कार्यकारी निदेशक, लेफ्टिनेंट कर्नल मुकेश कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) और प्रो. (डॉ.) दिनेश कुमार वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में 'भूकंप से बचाव हेतु मॉकड्रिल' का आयोजन किया गया। भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिलासपुर की एसडीआरएफ टीम और फायर स्टेशन बिलासपुर की अग्निशमन टीम के संयुक्त सहयोग से किया गया।

### पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण 22 अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** निदेशालय महिला एव बाल विकास हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से मंत्रालय महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के अंतर्गत पोषण पखवाडा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल, 2025 तक मनाया जायगा। इस संदर्भ में जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने अवगत करवाया कि 8 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण मनाने जा रहा है। इस साल के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख विषयों पर जोर दिया जाएगा। पोषण अभियान इन दिनों को 'जादुई काल' मानता है और माताओं को संतुलित आहार, उचित देखभाल और स्तनपान के लिए प्रेरित करता है।

### बिलासपुर कॉलेज इनोवेशन एक्सपो में दूसरे स्थान पर



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर की द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की टीम राज जम्वाल, शीतल शर्मा, त्रिशा ठाकुर और शानवी शर्मा ने 2 अप्रैल को आयोजित आईआईआईटी ऊना टेक फेस्ट के इनोवेशन एक्सपो में भाग लिया और 10 टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाइड्रो की टीम ने 'ई-हेल्थ सॉल्यूशन फॉर रिमोट एरियाज' विषय पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि गुरंग और कॉलेज के डायरेक्टर-कम-प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु मोंगा ने टीम की सराहना की।

### शिवम शर्मा बने प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के रोहल गांव के युवा नेता शिवम शर्मा को हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस में सचिव पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी मेहनत, निष्ठा और जनसेवा के जज्बे को देखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें यह महत्वपूर्ण पद सौंपा है। इस मौके पर सदस्य रणबीर ठाकुर, रमेश राजपूत, सुखराज शर्मा, गोल्डी कश्यप समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिवम शर्मा को शुभकामनाएं दीं।

### 23 वर्षीय युवक को सांप ने काटा, एम्स रेफर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के अंतर्गत गांव बाड़ी मझेड़वां में एक युवक को घर में ही एक सांप ने काट लिया। जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल घुमारवीं लेकर आए। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय ललित कुमार निवासी बाड़ी मझेड़वां तहसील घुमारवीं को गत दिवस अपने घर में सांप ने काट लिया था। जिस पर उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्स रेफर कर दिया गया। जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना घुमारवीं पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# बंबर ठाकुर पर हुआ हमला साजिश का नतीजा : पंकज राणा



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुई फायरिंग की घटना को लेकर सोमवार को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राणा ने सर्किट हाउस में की। उन्होंने इस हमले को एक गहरी साजिश बताते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम और नशे के खिलाफ खड़े होने वाली आवाज पर हमला है।

पंकज राणा ने कहा कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने हमेशा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कई बार प्रशासन को अवगत कराया कि बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशे का जाल फैलता जा रहा है। आज उन्हीं की आवाज को दबाने के लिए उन पर गोलियां चलाई गईं।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले में जल्द से जल्द मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा, हमें पुलिस की कार्यशैली पर भरोसा है, लेकिन जनता जवाब चाहती है। हम चाहते हैं कि इस हमले की तह तक जाकर असली गुनहगारों को बेनकाब किया जाए।

पंकज राणा ने सदर के वर्तमान विधायक पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, सदर विधायक बार-बार बंबर ठाकुर की सुरक्षा हटाने की मांग करते आए हैं। यह अपने आप में संदेह पैदा करता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। पार्टी इस मामले को राज्य स्तर तक ले जाएगी और यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। प्रशासन ने कार्रवाई न की तो रोष जताया जाएगा मजबूर होंगे।

**सरोकार** नंद नगरांव गांव में विवेक ने सुनी समस्याएं, कहा-

# प्रदेश सरकार की विकास को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने ग्राम पंचायत रोहल के गांव नंद नगरांव में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने उनके समक्ष समस्याएं रखीं।

वहीं, इस मौके पर सड़क समस्या, पानी समस्या अहम रही। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने लोगों को आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क समस्या के समाधान के लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी, ताकि यहां पर लोगों को सड़क सुविधा मिल सके।

इस दौरान विवेक कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से भी विकास को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र की जनता को लाभ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने लोगों को प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और आह्वान किया कि लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर बाला पंचायत के बीडीसी सदस्य रणवीर सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम शर्मा, रमेश राजपूत, बख्शी राम, रामकृष्ण, सुखराज, गोल्डी कश्यप, संजय चंदेल, सुरेश नेगी, कैप्टन मनसा राम, भगत सिंह, देसराज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं, इससे पहले यहां पहुंचने पर विवेक कुमार का लोगों द्वारा स्वागत किया गया। विवेक कुमार ने इसके लिए भी स्थानीय लोगों को आभार जताया।

# घरों में दरारें आने पर रेल लाइन का काम कराया बंद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** घरों में दरारें आने और मांगें नहीं माने जाने पर गुस्साए उपमंडल सदर के नोग और कुआग गांव के लोगों ने भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन की बध्यात में बन रही टनल नंबर-17 का काम फिर से रुकवा दिया है।

लोगों का मंगलवार को तीसरे दिन भी टनल के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी है। लोगों का कहना है कि जब तक उन्हें संतुष्ट कार्रवाई होती नहीं दिखाई देती है तब तक वह प्रदर्शन जारी रखेंगे। सोमवार को एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने धरना करने वाले लोगों ने मौके पर जाकर बात भी की थी। उन्होंने टनल का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निदान करने के निर्देश भी दिए। साथ ही घरों में आई दरारों और स्थानीय लोगों को रोजगार देने की रिपोर्ट भी मांगी। बावजूद इसके लोग प्रदर्शन पर अड़े रहे। उनका कहना था कि प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करे अन्यथा धरना जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रात के अंधेरे में तोड़े गाड़ियों के शीशे

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पंचायत दुर्गेठी के गांव गुरैठ में पिछले दिनों करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियों में शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की की घटना को रात के अंधेरे में अंजाम दिया है। शरारती तत्वों ने रात के अंधेरे में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़े तो वहीं पर की गाड़ियों के टायर पंचर कर उन्हें नुकसान पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक यह घटना रविवार रात को अंजाम दी गई है जिसमें शरारती तत्वों द्वारा स्टेशन में खड़ी एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। गाड़ी के मालिक रोहित शर्मा मनीष कुमार रंजीत कुमार विशाल कुमार रजत रजत कुमार अभिनव शर्मा चैन लाल ने कहा है कि उन्होंने रविवार को अपनी गाड़ी स्टेशन में पार्क की थी, लेकिन जैसे ही अगले दिन उन्होंने देखा तो करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियों में तोड़फोड़ हो चुकी थी। शिकायत मिलने पर पुलिस टीम भरमौर ने घटनास्थल का मौका किया है।

### लाहड़ू-नूरपुर सड़क पर ट्रक फंसा, लगा जाम



**बबलू, भटियात।** लाहड़ू-नूरपुर सड़क मार्ग पर साजी नाला के समीप एक ट्रक सड़क में फंस जाने से भारी ट्रैफिक जाम लग गया। यह जाम कई घंटों तक बना रहा जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को हटाया गया, जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह इलाका पहले से ही संकरे रास्ते और ढीली सड़क किनारियों के लिए जाना जाता है, जहां भारी वाहनों को चलाना जोखिमभरा रहता है। प्रशासन से सड़क की स्थायी मरम्मत और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

### अग्निवीर के लिए 25 तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कांगड़ा तथा चंबा जिला के उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) अनुमेहा पाराशर उपनिदेशक कल्याण कार्यालय चंबा द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व अग्नि वीर ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल थी जिसे अब 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है तथा अब इच्छुक उम्मीदवार बढ़ाई गई तारीख तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### तीसा में पोषण पखवाड़े का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, तीसा।** बाल विकास परियोजना तीसा में पोषण पखवाड़े का शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि पूरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, पोषण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में वृत पर्यवेक्षक पूजा कुकरेजा, माया गुप्ता, धनी कुमारी, रीतो देवी, खंड समन्वयक राजकुमार, चिकित्सा विभाग से पर्यवेक्षक प्रेम सिंह व त्रिपता भंडारी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लाभार्थी उपस्थित रहे। पोषण पखवाड़े के तहत पोषण के महत्व, संतुलित आहार, मातृ और शिशु स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह पहल बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर डॉ. ऋषि पूरी ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले कुपोषण से लड़ना होगा और इसके लिए हर वर्ग को जागरूक और जिम्मेदार बनाना अनिवार्य है।

## विधायक नैय्यर ने मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की समीक्षा को लेकर बैठक की

# चिकित्सीय सेवाओं को बनाएं बेहतर

**आरके सहगल, चंबा**



**विधायक** नीरज नैय्यर ने मंगलवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं प्रबंधन के समक्ष उत्पन्न हो रही विभिन्न चुनौतियों की समीक्षा को लेकर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

नीरज नैय्यर ने बैठक में लोगों की सुविधा को लेकर संस्थान द्वारा उठाए जा रहे आवश्यक कदमों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने चिकित्सा अधिकारियों की मांग पर संस्थान में सुरक्षा तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस चौकी खोलने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा संस्थान में एक पुलिस चौकी खोली जाएगी।

नीरज नैय्यर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में लोगों को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करवाने को लेकर अंतर विभागीय समन्वय आधारित गतिविधियों को सुनिश्चित बनाने को कहा। नीरज नैय्यर ने यह भी कहा कि हिम केयर तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लंबित बजट-राशि की उपलब्धता को लेकर मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा तथा समाधान जल्दी सुनिश्चित बनाया जाएगा। विधायक ने संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक को रोगियों की सुविधा को लेकर आवश्यक दवाइयां तथा सहायक सामग्री इत्यादि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संस्थान के विभिन्न विभागाध्यक्षों को दवाइयों एवं सहायक सामग्री की अग्रिम सूचना भी चिकित्सा अधीक्षक को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान चिकित्सा अधिकारियों के समक्ष उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं तथा मांगों का भी शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। नीरज नैय्यर ने इससे पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के क्लीनिकल ब्लॉक का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने महाविद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देने सहित इस दौरान संस्थान में उपचाराधीन मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा मरीजों के तीमारदारों से भी बातचीत की।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. अविनाश सहित डॉ. विशाल महाजन, डॉ. आदित्य कश्यप, डॉ. नीरज डॉ. मानिक सहगल, डॉ. विनोद, डॉ. अश्विनी सहित कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# ब्यास के कार्यभार से चमेरा-III पावर स्टेशन को मिलेगी नई ऊर्जा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एनएचपीसी** लिमिटेड भारत सरकार की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी के चमेरा-III पावर स्टेशन, धरवाला, जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश) में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है। 8 फरवरी को जब राजिल व्यास ने पावर स्टेशन प्रमुख का कार्यभार संभाला, तो पूरी टीम को एक अनुभवी, दूरदर्शी और समर्पित नेतृत्व प्राप्त हुआ। व्यास सिर्फ एक वरिष्ठ अधिकारी नहीं, बल्कि जलशक्ति के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाओं से देश को ऊर्जावान बनाने वाले एक प्रेरक व्यक्तित्व हैं। 25 अप्रैल, 1973 को कानपुर, उत्तर प्रदेश में जन्मे व्यास ने हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1996 में उन्होंने एनएचपीसी जॉइन किया और तभी से उनका सफर बन गया एक मिशन जलविद्युत से राष्ट्र निर्माण का। उनका करियर एनएचपीसी की सबसे चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक परियोजनाओं से जुड़ा रहा है। व्यास का लक्ष्य केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है वे सस्टेनेबिलिटी, पारदर्शिता और जनकल्याण को हर स्तर पर प्राथमिकता देते हैं। उनके अनुसार, जलविद्युत न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है।

### 29 वर्षों का अनुभव



**व्यास** ने हर परिस्थिति में ऊर्जा निर्माण को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा है। उनका 29 वर्षों का अनुभव अब चमेरा-III को ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए तैयार है। एनएचपीसी और पूरे हिमाचल को गर्व है कि राजिल व्यास जैसे प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व के नेतृत्व में चमेरा-III पावर स्टेशन एक नई ऊर्जा, नई उड़ान और नए आयामों की ओर अग्रसर है।

# तेंदुए ने 25 भेड़ों को उतारा मौत के घाट

## देहग्रां के दोणा गांव में बाड़े में घुसकर बनाया शिकार, 10 भेड़ें लापता

**अनंत ज्ञान, तीसा ( चंबा )**



**चुराह** उपमंडल की देहग्रां पंचायत के दोणा गांव में तेंदुए के हमले से दहशत का माहौल है। रविवार देर रात एक आदमखोर तेंदुआ गांव के एक बाड़े में घुस आया और वहां बंधी हुई 25 भेड़ों को मार डाला, जबकि 10 से अधिक भेड़ें लापता बताई जा रही हैं। यह दर्दनाक दृश्य सोमवार सुबह तब सामने आया जब भेड़पालक अपने बाड़े की ओर गए। भेड़ें सुभाष व खेमराज निवासी देहग्रां, तहसील चुराह की थीं। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने रोज की तरह शाम को भेड़ों को सुरक्षित बाड़े में बंद कर दिया था और रात को घर लौट आए थे। परंतु सुबह जब वे बाड़े पहुंचे, तो वहां मंजर बेहद भयावह था। 25 भेड़ें मृत पड़ी थीं और कुछ पर गहरे काटने के निशान थे।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी कई बार तेंदुआ देखा गया है, लेकिन इस तरह का सीधा और बड़ा हमला पहली बार हुआ है। इससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस घटना पर कार्यकारी एसडीएम चुराह आशीष ठाकुर ने कहा कि तेंदुए के हमले में करीब 25 भेड़ों की मृत्यु हुई है। प्रशासन द्वारा पीड़ित पशुपालकों को हरसंभव राहत और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में वन विभाग की निगरानी बढ़ाई जाए और तेंदुए की आवाजाही पर अंकुश लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट खुलने से पहले बिजली, पानी और सड़क को करें दुरुस्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



**जनजातीय** क्षेत्र भरमौर के सुप्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट जो वैसाखी को खुलने जा रहे हैं मंदिर की सड़क, बिजली, पानी, सफाई व यातायात व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को चौरासी व्यापार मंडल भरमौर का एक प्रतिनिधिमंडल एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा से मिला और उन्हें इन समस्याओं के मद्देनजर एक ज्ञापन भी सौंपा।

जिसमें यह निवेदन किया गया कि भरमौर प्रशासन कपाट खुलने से पूर्व मंदिर की सफाई व्यवस्था, बिजली, पानी व सड़क को दुरुस्त करें ताकि हिमाचल व अन्य राज्यों से आने वाले कार्तिक स्वामी भक्तों को किसी भी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। व्यापार मंडल द्वारा भरमौर प्रशासन से मांग की गई की कपाट खुलने के समय मंदिर में दर्शन करते समय भीड़ पर नियंत्रण के लिए पुलिस की तैनाती की जाए व उसी दिन वाहनो की बढ़ती आवाजाही व ट्रैफिक जाम की समस्या पर भी नियंत्रण रखा जाए। इस मौके पर चौरासी व्यापार मंडल भरमौर के प्रधान रंजीत शर्मा, महासचिव महिंद्र पटियाल, वरिष्ठ उप प्रधान पवन पटियाल, जोन प्रभारी अभिलाष पटियाल, प्रैस सचिव प्यार शर्मा मौजूद रहे,

# ठेकेदारों की 11 करोड़ से अधिक की पेमेंट लटकी

## पीडब्ल्यूडी मंडल भरमौर में 31 मार्च तक पेमेंट का भुगतान न होने पर ठेकेदारों में रोष

**ओपी शर्मा भरमौर**

**पीडब्ल्यूडी** मंडल भरमौर में ठेकेदारों की 11 करोड़ से अधिक की पेमेंट का भुगतान नए फाइनेंशियल ईयर में लटक गया है। 31 मार्च तक पेमेंट का भुगतान न होने पर यहां के ठेकेदारों में हाहाकार मच गया है। विभाग द्वारा 11 करोड़ से अधिक की पेमेंट की आरटीजीएस बनाकर ट्रेजरी को भेज दी है लेकिन वहां से ठेकेदारों की पेमेंट का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके चलते हर रोज लोक निर्माण कार्यालय के बाहर पेमेंट को लेकर ठेकेदारों की भीड़ देखने को मिल रही है।

जानकारी के मुताबिक भरमौर पीडब्ल्यूडी में 200 से अधिक ठेकेदारों को पिछले कई महीनों से उनके द्वारा करवाए गए कार्यों की पेमेंट कि भुगतान नहीं हो पाया है। यही नहीं विभाग द्वारा करवाए गए डिपॉजिट वर्क का भुगतान भी सरकार ठेकेदारों को नहीं कर पाई है। जिसके चलते यहां पर विभाग के कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। यहां पर करीब आधा दर्जन डिपॉजिट वर्क के तहत बिल्डिंग का कार्य चल हुआ था जिनकी भी पेमेंट इस बार विभाग बजट न होने की वजह से भुगतान नहीं कर पाया है। हालांकि विभाग द्वारा 11 करोड़ से अधिक बजट और ठेकेदारों की पेमेंट का आरटीजीएस बनाकर ट्रेजरी को भेजा गया था लेकिन वहां पर बजट न होने के चलते ठेकेदारों को उनकी पेमेंट का भुगतान नहीं हो पाया है। ठेकेदारों का कहना है कि इस बार समय पर उनकी पेमेंट का भुगतान न होने के चलते 31 मार्च तक वह बैंकों की ईएमआई का भुगतान भी नहीं कर पाए हैं।

सूत्रों के मुताबिक ट्रेजरी विभाग द्वारा 5 अप्रैल को आरटीजीएस हुए बिल को वापस करने के लिए विभाग को लेटर भी लिख दिया गया है। इसके तहत विभाग द्वारा पास किए गए सभी बिल वापस करने की बात की गई है। लिहाजा अभी तक भी ठेकेदारों को अपने कार्यों का भुगतान लेने के लिए लंबे समय का इंतजार करना होगा। बता दें कि 200 से अधिक ठेकेदारों पर अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। उधर, यहां पर कार्यरत ठेकेदारों ने प्रदेश सरकार व सीएम सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से जल्द से जल्द यहां पर तैनात ठेकेदारों के बिल के भुगतान करने की गुहार लगाई है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द यहां पर विभाग को पैसा भेजने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

### इस मुद्दे को विपक्ष भी नहीं उठा रहा

**पिछले** कई समय से विभाग में कार्यरत ठेकेदारों के बिल का भुगतान न होने को लेकर यहां पर विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर खामोश बैठा हुआ है। पिछले कई समय से विभाग को बजट न मिलने को लेकर विपक्ष भी इस मुद्दे को नहीं उठा रहा है जिसके कारण यहां पर विभाग के कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि यहां पर पहली बार विधायक विपक्ष का बना है।

# मुसलमानों के अधिकारों को कम कर रही सरकार : बट्ट

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**वक्फ** संशोधन बिल पर पर प्रदेश हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिलदार अली बट्ट ने अपनी प्रतिक्रया जताते हुए संशोधन को मुस्लिम समुदाय के हितों को प्रभावित करने वाला बताया है। बट्ट ने कहा कि सरकार को ऐसी आवश्यकता आ पड़ी कि वक्फ की संपतियों के प्रबंधन के लिए कानून बदलना पड़ गया। उन्होंने कहा कि इससे सरकार मुस्लिमों के अधिकारों को कम कर रही है।

बट्ट ने कहा कि संशोधन से सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। संशोधन से अब सरकार वक्फ की संपतियों को तय करेगी। वहीं जमीन अथवा संपति वक्फ की है इस बात का फैसला लेने की शक्ति भी वक्फ ट्रिब्यूनल की बजाय डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर के पास होगी, जो कि सही नहीं है। दिलदार अली बट्ट ने कहा कि पुराने कानून के अनुसार अगर कोई जमीन लंबे समय से वक्फ द्वारा ही उपयोग की जा रही है तो उसे वक्फ की संपति माना जा सकता था बेशक उसके दस्तावेज भी न हों। मगर अब कानून में संशोधन के बाद अगर कोई संपति जिसपर बेशक वक्फ काम कर रहा था को वक्फ की न मान कर संदिग्ध संपति माना जाएगा। बट्ट ने कहा कि संशोधन में यह निर्धारित किया गया है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में अब गैर मुस्लिम को भी सीईओ बनाया जा सकता है जबकि पहले केवल मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति ही सीईओ होता था।

### सूडोकु नवताल 7395 — ★★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 अप्रैल, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत चैत्र, **तिथि** द्वादशी (10:58): **नक्षत्र** मघा, **पक्षः** शुक्ल, **योग :** गाण्ड (06:24) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (काई नहीं), **राहुकाल** (12:23-01:58)।

### विशेष दिन

- 09 अप्रैल 2025: वामन द्वादशी आज।
- 09 अप्रैल 2025: मदन द्वादशी आज।

**मेषः** आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से कर्ज लेना चाहें तो कदापि न लें।

**वृषभः** आज का दिन बहुत व्यस्त रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

**मिथुनः** आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित हो सकता है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी।

**कर्क**: भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास मजबूत होगा। अपनी शान शौकत के लिए धन खर्चा करेंगे।

**सिंहः** माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे, मधुरवाणी का प्रयोग करें।

**कन्याः** आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा व साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे। आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्तिभाव व निष्ठा रखें।

**वृश्चिकः** आज आपका मन अशांत रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य व प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय हासिल करेंगे।

**धनुः** आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**मकरः** ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें।

**कुंभः** आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। परिजनों से विश्वासघात मिलने की आशंका है। नौकर-चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

**मीनः** बहुत समय से पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।

# शिमला के विकासनगर में मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के उपनगर विकासनगर में एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान अनिल (25) नेपाली मूल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जहां उसका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पुलिस पोस्ट विकासनगर में सूचना मिली कि लोअर विकासनगर में अचेत अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत नेरवा स्वच्छता और कूड़ा कचरा निस्तारण के लिए प्रतिबद्धः बबिता तंगड़ाइक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

**सरकार** द्वारा प्रदेश के नगर निकायों में 5 फरवरी से शुरू किया गया समृद्ध शहर-सशक्त शहर मिशन नगर पंचायत नेरवा के वार्ड नंबर सात शिह्क्यार में पंहुचा। मिशन मिशन के तहत अंतिम जागरूकता और समाधान शिविर में नगर पंचायत ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर नगर पंचायत नेरवा के पार्षद, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिविर में वार्ड सात के निवासियों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि वार्ड से गुजर रही सड़क में झाड़ू की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों ने नगर पंचायत से मांग की कि शिहकयार बस्ती से गुजर रहे इस मार्ग पर झाड़ू की व्यवस्था शीघ्र की जाये। लोगों की शिकायत के जवाब में नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्ष बबिता तंगड़ाइक ने कहा कि आने वाले समय में आईटीआई नेरवा और शिह्क्यार दोनों तरफ झाड़ू लगाने की व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत नेरवा की स्वच्छता और कूड़ा कचरा निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है एवं घर-घर से कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है।

# कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के मुख्यालय ढालपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल संरक्षण आयोग के द्वारा छात्रों के अधिकारों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों के अभिभावकों तथा अध्यापकों ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यशाला में अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि अगर परीक्षा परिणाम के बाद छात्र तनाव में आता है तो उसे इस तनाव से बाहर निकलें।

**आयोजन** बिंदल ने हरोली व ऊना के भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में की शिरकत

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत से पार्टी को सींचा

**अनंत ज्ञान, ऊना**




मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हरोली और ऊना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शिरकत की। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजीव बिंदल का भव्य स्वागत किया।

भाजपा की तरफ से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती और हरोली भाजपा नेता रामकुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में स्थापना दिवस अभियान के प्रदेश सहसंयोजक व प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा व जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, महामंत्री राज पठानिया व आईटी संयोजक अनिल डढ़वाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत से पार्टी को सींचा है, जिसकी बदौलत हम आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में गौरवांवित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता में अपने ढंग से संगठन रीति-नीति अनुसार काम करने की क्षमता है। कोई भी कार्यकर्ता संगठन कार्य के विस्तार में अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करने में सक्षम है। हमें कार्यकर्ता की शक्ति के अनुसार ही उसे काम देना है, ताकि वह अपनी ऊर्जा को सही ढंग से पार्टी के हित में इस्तेमाल कर सके। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश का नाम विदेशों में रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज 46वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और सप्ताहिक कार्यक्रम की केंद्रीय योजना अनुसार प्रत्येक बूथ पर बूथ टोली करेगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनीता जसवाल, अशोक, देविंद्र कौशल, राहुल शर्मा, लखवीर लखी, कार्यालय सचिव विजय शर्मा, जिला मेला मोर्चा अध्यक्ष अनु ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ आदि उपस्थित रहे। बिंदल ने बताया कि भाजपा ने हिमाचल में अब तक 18 लाख साधारण सदस्य और 27 हजार सक्रिय सदस्य बनाए हैं।

अनंत Classifieds

NAME CHANGE

**I, Sheetla Devi** W/o Sh. Harish Kumar R/o Vill. Nadiana Rangrian, P.O Jhaniara, Teh. & Distt. Hamirpur (H.P) declares that in my record of GP Bassi Jhaniara, my name wrongly entered as Bandna. Whereas my correct name is Sheetla Devi. Please Note.

बेदखली सूचना

**मैं मेहर सिंह** (59वर्ष) सपुत्र स्व. श्री लाकू राम सपुत्र श्री सोहनू राम निवासी वार्ड न. 3, गांव टाण्डा मस्सल, डाकघर मस्सल, तहसील नगरोटा बगवां हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी बहू सुमना देवी विध्वा स्व. श्री मुकेश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपनी बहू श्रीमति सुमना देवी को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

ऐसी जवानी किसी काम की नहीं जो अपनी मातृभूमि के काम न आ सके। -चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# शक्तियों का दायरा

तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार के दस बिल रोके पर सुप्रीम कोर्ट सख्त हुआ है। कोर्ट ने राज्यपाल के फैसले को अवैध बताया और टिप्पणी की कि आप संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की यह सख्त टिप्पणी कई मायनों में अहम है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया। कोर्ट के इस निर्णय का देशभर में व्यापक असर हो सकता है, क्योंकि यह राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों को लेकर महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करता है। भारत में राज्यपाल के पास विभिन्न संवैधानिक शक्तियां होती हैं, लेकिन ये शक्तियां सीमित और संवैधानिक दायरे में होती हैं। राज्यपाल को संविधान में विशेष शक्तियां दी गई हैं, जैसे राज्य विधानमंडल की ओर से पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर करने या उसे वापस भेजने का अधिकार राज्यपाल के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत आता है। राज्यपाल बिल को वापस भेज सकते हैं, अगर उन्हें लगता है कि यह संविधान के खिलाफ है या इसके पारित होने से किसी कानूनी या प्रशासनिक समस्या का सामना हो सकता है। हालांकि, राज्यपाल के पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसी विधेयक को बिना किसी स्पष्ट कारण के अनिश्चितकाल तक रोकते रहें। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में राज्यपाल की शक्तियों की सीमा को स्पष्ट किया है और कहा कि राज्यपाल को किसी बिल को निरस्त करने या वापस करने से पहले यह देखना चाहिए कि यह संवैधानिक दायरे में आता है या नहीं।

राज्यपाल का कार्य संविधान और कानून के दायरे में होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत या राजनीतिक इच्छाओं के आधार पर। यह भी देखा जाता है कि जब भी किसी राज्य में सरकार और राज्यपाल के बीच राजनीतिक असहमति होती है, तो अक्सर यह खटपट का रूप ले लेती है। तमिलनाडु, दिल्ली, केरल, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक जैसे राज्यों में इस तरह के विवाद उभरते रहे हैं। तमिलनाडु में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच कई बार तनातनी देखी गई। राज्यपाल ने कई बार मुख्यमंत्री के निर्णयों पर अपनी असहमति जताई है, जिसके कारण सरकार और राज्यपाल के बीच विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार के समय यहां के उपराज्यपाल के बीच विवादों का एक लंबी श्रृंखला रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार और राज्यपाल के बीच भी कई बार तनाव उत्पन्न हुआ था। राज्यपाल ने कई बार ममता सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए, जिससे राजनीतिक तनाव बढ़ा। वहीं, केरल में भी राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच खटपट के मामले में कर्नाटक भी पीछे नहीं है।

खासकर, कांग्रेस और जेडीएस की गठबंधन सरकार के गिरने के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच मतभेद सामने आए थे। इन वाकयों से स्पष्ट होता है कि जब राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच राजनीतिक असहमति होती है, तो यह लोकतंत्र और शासन के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इस बात की पुष्टि करती है कि राज्यपाल को संविधान के दायरे में रहते हुए ही अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी राज्यपाल के कार्यों पर एक महत्वपूर्ण आकलन के रूप में मानी जा सकती है। जब राज्यपाल संविधान और कानून के दायरे में रहते हुए कार्य करते हैं, तो यह राज्य सरकार के लिए सहयोगात्मक माहौल उत्पन्न करता है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं सुचारु रूप से चल सकती हैं। यह टिप्पणी निश्चित रूप से भविष्य में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच मतभेदों को लेकर अधिक स्पष्टता और समझ उत्पन्न कर सकती है।

इससे यह संभावना है कि भविष्य में राज्यपालों की ओर से संवैधानिक शक्तियों का अधिक सावधानीपूर्वक उपयोग किया जाएगा और राजनीतिक हस्तक्षेप को कम किया जाएगा। इसके अलावा, यह राज्य सरकारों के लिए एक संदेश हो सकता है कि राज्यपाल के साथ तालमेल बनाए रखना और संवैधानिक दायरे में रहना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का एक और महत्वपूर्ण प्रभाव यह हो सकता है कि राज्यपालों को अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने से पहले अधिक सोच-विचार करना पड़ेगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकता है कि राज्यपाल सरकार के फैसलों में अवरोध उत्पन्न करने के बजाय संवैधानिक रूप से मार्गदर्शन करें और सहायक बनें। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने स्पष्ट रूप से यह दर्शाया है कि राज्यपाल को संविधान के दायरे में रहते हुए काम करना चाहिए और किसी भी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। राज्यपाल को एक निष्पक्ष और संवैधानिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करना चाहिए, न कि अवरोधक के रूप में। यह टिप्पणी भविष्य में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में मददगार साबित हो सकती है। ■

# ज्यादा जंक फूड से घट रही बच्चों की एकाग्रता

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता और शिक्षक अक्सर शिकायत करते हैं कि बच्चों की एकाग्रता पहले जैसी नहीं रही। वे पढ़ाई में कम ध्यान लगाते हैं, जल्दी ऊब जाते हैं और मानसिक थकान महसूस करते हैं। यह समस्या केवल डिजिटल युग की देन नहीं, बल्कि इसका संबंध हमारे खान-पान से भी जुड़ा हुआ है। मस्तिष्क शरीर का सबसे अधिक ऊर्जा खपत करने वाला अंग है और इसके उचित विकास और कार्यप्रणाली के लिए पोषण अत्यंत आवश्यक है। यदि बच्चों को सही पोषण नहीं मिले तो यह बच्चों की याददाश्त, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। बच्चों की एकाग्रता कम होने के कई कारण हैं, जिनमें प्रमुख हैं संतुलित आहार की कमी, शारीरिक गतिविधियों की कमी और तनाव। आज के बच्चे जंक फूड जैसे कि पैकेटबंद स्नैक्स, बर्गर, पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक्स और अधिक मीठे पदार्थों का सेवन ज्यादा करते हैं। इनमें मौजूद उच्च वसा, रिफाइंड शुगर और कृत्रिम तत्व मस्तिष्क की सक्रियता को धीमा कर देते हैं और ध्यान भटकाने का कारण बनते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के विकास के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड आवश्यक तत्व है, जो मुख्य रूप से अखरोट, अलसी, चिया सीड्स और मछली में पाया जाता है। इसकी कमी से स्मरण शक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घट सकती है। आहार में आयरन और जिंक की कमी से भी एकाग्रता घट सकती है। वहीं, जिंक न्यूरोट्रांसमीटर को सही तरह से कार्य करने में मदद करता है। हरी सब्जियां, बीन्स और नट्स इनकी पूर्ति में सहायक होते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना भी मानसिक थकान और ध्यान केंद्रित करने में कमी का एक बड़ा कारण हो सकता है। डिहाइड्रेशन से मस्तिष्क की कोशिकाओं की कार्यक्षमता घटती है। इसके अलावा कोल्ड ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स का लगातार अधिक उपयोग भी एकाग्रता घटाता है। इन ड्रिंक्स में अत्यधिक कैफीन और शुगर होती है, जो बच्चों को अस्थायी रूप से ऊर्जावान महसूस कराती है, लेकिन बाद में थकान और सुस्ती बढ़ा देती है। इन सब के अलावा प्रौद्योगिकी और स्क्रीन समय का अत्यधिक उपयोग, बेरोजगारी, प्रदूषण, आउटडोर खेलों की कमी, माता-पिता और साथियों का दबाव इत्यादि एकाग्रता कम करने के कारण हैं।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज



**संतुलित आहार और अच्छी आदतें :** बच्चे पौष्टिक एवं संतुलित आहार लें। नियमित रूप से व्यायाम करें, पर्याप्त नींद लें और स्क्रीन टाइम को सीमित करें। माता-पिता और शिक्षक भी इस दिशा में कार्य करें।

**सूखे मेवे और नट्स :** बादाम, अखरोट, काजू और किशमिश जो मस्तिष्क की ऊर्जा बढ़ाते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** पालक, मेथी और सरसों का साग जो आयरन और फोलेट से भरपूर होते हैं।

**फल :** सेब, केला, संतरा और बेरीज प्राकृतिक शर्करा और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं।

**दूध और डेयरी उत्पाद :** दही, पनीर और दूध जो कैल्शियम और विटामिन बी12 का अच्छा स्रोत हैं।

**संपूर्ण अनाज :** ओट्स, रागी, जौ और ब्राउन राइस लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं तथा अलसी, चिया और कद्दू के बीज इत्यादि जो आवश्यक फैटी एसिड और खनिजों का खजाना हैं।

**पारंपरिक और स्थानीय वनस्पतियां**

**-ब्राह्मी :** ये प्रसिद्ध आयुर्वेदिक औषधियां हैं जो याददाश्त, एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने में मदद करती है। बच्चों के लिए ब्राह्मी युक्त दूध या चाय बेहद लाभदायक है।

**-शंखपुष्पी :** यह जड़ी-बूटी तनाव कम करती है, मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाती है। शंखपुष्पी सिरप या पाउडर से बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है।

**-गिलोय :** गिलोय का काढ़ा या रस ध्यान केंद्रित करने में सहायक है। इसका पाउडर बच्चों के भोजन में उपयोग किया जा सकता है। इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

**-अश्वगंधा :** यह मानसिक तनाव और थकान को कम करता है, जिससे बच्चे अधिक ऊर्जा और ध्यान के साथ पढ़ाई कर सकते हैं। इसे दूध या चूर्ण के रूप में लिया जा सकता है।

**-तुलसी :** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। मानसिक स्पष्टता बढ़ाती है। इसकी पत्तियों का सेवन करने से मानसिक शांति और सतर्कता बढ़ती है।

**-सहजन :** यह आयरन, कैल्शियम और विटामिन से भरपूर होता है, जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। सहजन के पत्तों का सूप, चूर्ण या पराठा बच्चों के आहार में जोड़ा जा सकता है, जिससे काफी लाभ मिल सकता है।

**-स्थानीय फल और अनाज :** बेर, आंवला, जामुन और कोदो-कुटकी जैसे अनाज बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक होते हैं। इनमें प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व होते हैं जो मस्तिष्क को स्वस्थ रखते हैं।

स्थानीय वनस्पतियां प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ बच्चों की मानसिक एकाग्रता, याददाश्त और सोचने-समझने की शक्ति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पुराने जमाने के बुजुर्ग वनस्पतियों का भी भरपूर उपयोग करते थे, तभी तो वह फिट रहते थे। हमें भी अपने पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करके बच्चों को स्वस्थ और मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

एक प्रसिद्ध कहावत है, आहार ही जीवन का आधार है और 'जैसा भोजन, वैसा मन।' इसलिए, सही खान-पान अपनाकर हम बच्चों की एकाग्रता को बढ़ा सकते हैं तथा हम उनके स्वास्थ्य भविष्य के लिए एक शक्तिशाली नींव रख सकते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# कल्पना, कौशल, किस्मत का स्वप्नलोक ड्रीम इलेवन

बंद आंखों से सपने सब देखते हैं, लेकिन खुली आंखों एवं चेतन अवस्था से सपने दिखाने का अजूबा आज के जमाने में ड्रीम इलेवन जैसी फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनियां बड़ी चतुराई से कर रही हैं एवं करोड़ों लोगों ने अब बंद आंखों एवं अर्धचेतन दिमाग से नहीं, बल्कि चेतन अवस्था में कल्पनासागर में कौशल कहें या फिर कौशल जनित भाग्य के बूते करोड़ों के मोती खोजने शुरू कर दिए हैं। मैं यहां बात कर रहा हूं ड्रीम इलेवन फैंटेसी स्पोर्ट्स के बढ़ते प्रचलन की जिसकी डोर पकड़े हर कोई हर दिन करोड़पति हो जाना चाहता है एवं करोड़ों प्रतिभागियों में कोई न कोई हर रोज ये स्वप्न पूरा भी करता है।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

करोड़ों के इस खेल में करोड़ों लोग भाग लेते हैं तथा किसी एक के भाग्य में करोड़ों की राशि हाथ भी लगती है, परंतु शेष करोड़ों निराश नहीं होते, अपितु अगले दिन उसी ऊर्जा से फिर कल्पनासागर में गोता लगाकर मोती खोजने निकल पड़ते हैं। कोई इस खुले खेल पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगाता, क्योंकि ड्रीम इलेवन उसको न सही पर उस जैसे को रोज करोड़पति बनाता ही है। ये खेल ठीक बाबा बागेश्वर धाम की पर्ची जैसा है सबकी खुले न खुले पर जिसकी भी खुले आस्था की ताली तो सबको बजानी ही है। वास्तव में ड्रीम इलेवन एक फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है जो ड्रीम स्पोर्ट्स कंपनी का फ्लैगशिप ब्रांड है।

फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनियां खेल जगत में असली खिलाड़ियों के प्रदर्शन के पूर्वानुमानों की कल्पना एवं संभावनाओं के गणित के साथ एक आभासी खेल का मैदान सजाती है जिसमें असल मैदान में तो दो टीमें खेल रही होती हैं, परंतु बाहर करोड़ों प्रतिभागी अपना भाग्य उनके खेल के बूते आजमाने उतर आते हैं। फैंटेसी शब्द का अर्थ ही कल्पना होता है इसी कल्पना के आधार पर फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनियां शतरंज की बिसात सजाती हैं जिसमें हर गेंद के साथ शह मात का खेल बदलता जाता है।



हार या जीत से जुड़ा कोई भी इवेंट परिणाम से पूर्व चर्चा का विषय बनता ही है संभावित परिणामों को लेकर लोग अपनी अपनी राय रखते हैं इसी जन व्यवहार से चाहे राजनीतिक चुनावी परिणाम हों या फिर लोकप्रिय खेलों के परिणाम हों पूर्वानुमानों के लिए चर्चा में रहते हैं जिससे सट्टा बाजार का भी जन्म हुआ। सट्टा बाजार जहां आर्थिक अपराधों की श्रेणी में आता है वहीं सट्टा धीरे-धीरे अनैतिक रूप से भी मैच फिक्सिंग तक पहुंचने लग गया जिसने खेल जगत की मर्यादा को खंडित करने का काम किया, परंतु फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म एक ऐसा नवाचार है जो सट्टे से हटकर टीमों की जीत हार की कल्पना मात्र तक सीमित न होकर कल्पना को कौशल के साथ जोड़कर विस्तार देता है जिसमें प्रतिभागी अपनी तार्किक कल्पना खेल कौशल का उपयोग करते हुए अपना यथा सामर्थ्य झोंककर परिणाम को भाग्य के भरोसे छोड़ देता है जैसा जीवन का सामान्य सिद्धांत भी है एवं गीता में भगवान श्री कृष्ण का भी संदेश है कि कर्म कर और फल की चिंता छोड़ दे।

भारत सहित विश्व में बहु प्रचारित ड्रीम इलेवन के संस्थापक हर्ष जैन एवं भवीत सेठ ने वर्ष 2008 में जब इस प्लेटफॉर्म की स्थापना की होगी तो मैं ये मान सकता हूं कि उनकी स्थिति ठीक ऐसे होगी जैसे कोई किसी नाजायज नवजात को जिसे जन्म के बाद छोड़ दिया गया है को गोद ले ले एवं उसे वैध संतान का रूप देकर अपना एवं उसका भविष्य गढ़ने का स्वप्न देखे, क्योंकि ड्रीम इलेवन जैसा फैंटेसी स्पोर्ट फॉर्मेट वास्तव में तो सट्टे की अवैध कोख की ही उपज है जिसमें कल्पना को कौशल के साथ जोड़कर इसे कानूनी एवं आर्थिक दृष्टि से वैध रूप दिया गया है।

इसकी विशेषता यह है कि इसमें परिणाम को कोई एक आधा खिलाड़ी प्रभावित नहीं कर पाता न ही कोई संभावित लाभार्थी खिलाड़ी से प्रत्यक्ष पहुंच की अपेक्षा रखता, बल्कि अनंत संभावनाओं के बीच खिलाड़ियों के प्राकृतिक प्रदर्शन के चलते ही इसके परिणाम का लाभ प्रतिस्पर्धी को मिलता है जिसके चलते यह मैच फिक्सिंग जैसी बुराई से दूर है। अब ड्रीम इलेवन सहित तमाम फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनियों की इस शतरंजी बिसात में मर्यादाओं का रक्षण हर उस हाथ के अपने बस में है जो इस बिसात में दाव चल रहा है कि वो कभी अपनी हार मानेगा भी या फिर खुद को हारकर भी धर्मराज की भांति द्रोपदी चीर तक बाजी ले जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश व देश में गोवंश पर जिनका खून खौलता, वह हकीकत में देखें कि रात के समय सन्नाटों में आवारा पशुओं के कारण भारतीय किसान का दिल कितना डूबता है। हमारे खेत अगर सभी पशुओं को चारा नहीं दे सकते, तो कृषि नीति को कोसें। कभी पशुधन होता था, आज वह सड़क पर खड़ा अपराधी है। होंगे अपराधी जो पांवटा साहिब की शांति में गोवंश के अवशेष यमुना किनारे छोड़कर माहौल खराब कर गए, परंतु किसानों के खेतों को आवारा पशु चट करते हैं, तो उसका पेट कटता है। विडंबना यह है कि हिमाचल में नलवाड़ मेले पालतू पशुओं या गोवंश की याद में चल रहे हैं, परंतु शुभारंभ के खूंटों पर माहौल उदास है। अब नहीं आती बैलों की जोड़ी वहां, लेकिन सुंदरनगर या किसी अन्य शहर के हर चौक पर आवारा पशु अब एक खौफनाक समुदाय है। जो कि हर मानव के लिए एक खतरे की घंटी है। **तनु, शाहपुर**

# डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही है फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक

गिबली है कि जिबली है, यह तय करने में काफी गफलत थी। वैसे भी किसी ने कहा है कि नाम में क्या रखा है। बेशक, बात तो काम की होनी चाहिए। तो यह सोशल मीडिया में गदर काट रहा गिबली... गिबली या जिबली... जिबली का चक्कर क्या है। कहीं इसके चक्कर में हम घनचक्कर तो नहीं बने जा रहे हैं। यूं तो सोशल मीडिया ट्रेंड की भरमार हमेशा रहती है, लेकिन बात जिबली ट्रेंड की करें, तो इसकी बात बिलकुल जुदा ही है।

यह जिबली क्या है, शायद अब यह बताने वाली बात नहीं रह गई है। बच्चे, युवा, बूढ़े सभी जिबली.... जिबली खेल रहे हैं। वैसे तो जिबली एक अनोखा जापानी आर्टवर्क है, जिसे जापान के एक स्टूडियो जिबली ने विकसित किया था। इस एनीमेशन स्टूडियों की स्थापना हायाओ मियाजाकी और उनके दोस्तों ने 1985 में की थी जिसने एनीमेशन फील्ड में कई मशहूर फिल्मों का निर्माण किया था। यहां निर्मित हर फिल्म के हर फ्रेम को हाथों से बनाया जाता था। इसे खासतौर पर डिटेल्ड बैकग्राउंड, वॉटरकलर रंगों, ड्रीम लाइक सीनरी और इमोशनल कैरेक्टर डिजाइन के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जिबली तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये सभी तस्वीरें एनीमेटेड फॉर्म में हैं। 24 मार्च को ओपन एआई ने जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर लांच किया था। ओपन एआई के चैट जीपीटी का प्रयोग करके अपनी असली तस्वीरों को जिबली एनीमेटेड तस्वीरों में चेंज कर शेयर करने का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसा नहीं है कि इस ट्रेंड में युवा ही भाग ले रहे हैं, सिनेमा के सितारे और राजनेताओं ने भी इस ट्रेंड को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा की।



लेखिका : प्रतिभा कुशवाहा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन तस्वीरों का लुक हूबहू असली तस्वीरों से मिलता-जुलता रहता है। उनकी इसी दिलचस्पी को भांपते हुए ओपेन एआई के सीईओ सैम अल्टमस ने एक बार में तीन तस्वीरों को जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर इस्तेमाल का अश्वासन दे दिया है। सवाल है कि इस ट्रेंड यानी भेड़चाल का किसे नफा और किसे नुकसान होगा। जिबली... जिबली का खेल किस पर भारी पड़ने वाला है। जिस तेजी से हम खेल और मनोरंजन के लिए अपनी फोटो ओपन एआई को सौंप रहे हैं, उनका होगा क्या। ऐसा करके हम क्या खतरा मोल ले रहे हैं, इस बात पर सोचने का वक्त सोशल मीडिया के जमाने में हमारे पास कम ही बचा है, क्योंकि यह तो सब कर रहे हैं। वास्तव में एआई का पूरा कारोबार डेटा पर टिका हुआ है। एआई उतना ही काम कर सकता है जितना उसके पास सटीक उपलब्ध डेटा उसे अलाउ करेगा। जिबली के इस खेल में हमारे 'फेशियल' डेटा हम खुशी से एआई को सौंप रहे हैं।



सवाल है कि एआई इससे क्या करेगा। तो बात दें कि इससे कमाल की टेक्नोलॉजी विकसित की जाती है, जिसे फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी कहते हैं। फेशियल रिकॉग्निशन एक बायोमेट्रिक तकनीक है, जो इंसान के चेहरे को स्कैन करके उसकी पहचान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करती है। इसके लिए डेटा कलेक्शन का काम किया जाता है। कैमरे या इमेज सेंसर के माध्यम से व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर या वीडियो बनाई जाती है।

एआई आधारित एल्गोरिदम चेहरे की मुख्य विशेषताओं (जैसे आंख, नाक, होंठ, ठोड़ी आदि) को पहचानता है, अगर चेहरे का डेटा डेटाबेस में मौजूद डेटा से मेल खाता है, तो व्यक्ति की पहचान सत्यापित हो जाती है। यह तकनीक कई क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है, जैसे सुरक्षा, स्मार्टफोन अनलॉकिंग, बैंकिंग, हेल्थ सेक्टर और कानून प्रवर्तन। फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक आज के डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही है। यह सुरक्षा, स्वास्थ्य, और वित्तीय लेन-देन जैसे कई क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है। जाहिर है कि इसका मार्केट वैल्यू भी होगा और बाजार भी। कॉग्निटिव मार्केट रिसर्च के अनुसार 2024 में इसका वैश्विक बाजार मूल्य लगभग 6515.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।

2024 से 2031 के बीच 17 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से इसके बढ़ने का अनुमान है। अब इससे हमें क्या नुकसान हो सकता है। इसे जानना भी जरूरी है। इस खेल के चक्कर में जब हम अपनी फोटो खुद एआई प्लेटफार्म पर अपलोड करते हैं, तो हम अपनी परमीशन दे देते हैं, इससे एआई या संबंधित एप को निजी डाटा प्रोसेस करने में आसानी हो जाती है। साथ ही फोटो को एआई पर शेयर कर उनके इस्तेमाल पर प्राइवेसी नहीं लगा सकते। इससे एआई उन तस्वीरों का भी प्रयोग कर सकता है। खुद चैट जीपीटी से जब इस बावत पूछा गया तो उसने कहा कि अगर एआई आधारित स्टूडिया जिबली आर्ट जेनरेटर एक सुरक्षित और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है, तो इसका उपयोग किया जा सकता है। अगर इसकी डेटा प्राइवेसी पॉलिसी संदिग्ध है या यह अनजान बेवसाइट पर होस्ट किया गया है, तो अपनी निजी फोटो अपलोड करना सुरक्षित नहीं है। तो समझा जा सकता है कि यह जिबली...जिबली का क्या है खेला।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# अभिनेत्री और राज्यसभा सदस्य

**जया** बच्चन एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री और राज्यसभा की सदस्य हैं। जया भारतीय सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन की पत्नी और अभिनेता अभिषेक बच्चन की मां है। आज के अनेक युवा कलाकारों के लिए वे मातृवत स्नेह का झरना हैं। जया ने ऐसे समय में फिल्मों में प्रवेश किया था, जब परदे पर शर्मिला टैगोर, मुमताज और हेमा मालिनी की चमक-दमक फैली हुई थी। सत्तर के दशक में सीधी-सादी, मासूम-सी लड़की का ग्लैमर की दुनिया में आना और सफल होना, एक तरह से नामुमकिन जैसा था, जया का जन्म का नाम जया भादुड़ी है। वे पत्रकार तरुण कुमार भादुड़ी की तीन पुत्रियों में सबसे बड़ी हैं। जया की दो छोटी बहनों के नाम नीता और रीता हैं। जया और अमिताभ का परिचय ऋषिकेश मुखर्जी ने अपनी फिल्म 'गुड्डी' के सेट पर कराया था। अभिमान फिल्म के बाद अमिताभ और जया ने जिंदगीभर साथ चलने का फैसला किया था और शोले फिल्म साइन करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। अमिताभ और जया 3 जून 1973 को बंगाली रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए। जया और अमिताभ पहली बार पुणे के फिल्म इंस्टीट्यूट में मिले थे। जया कहती हैं कि मैंने पहली बार अमित को इंस्टीट्यूट में देखा और पसंद करने लगी। मेरे दोस्तों ने कहा कि वो एक स्टिक की तरह लगते हैं। वो काफी पतले थे और उनकी आंखें काफी बड़ी-बड़ी थीं। मुझे याद है कि इस बात पर मैं अपने दोस्तों से काफी लड़ी थी और कहा था कि वो काफी अलग हैं। शायद यह पहली नजर का प्यार था। उसके बाद यह मुलाकात, कई और मुलाकातों का सबब बनी, लेकिन दोनों कैसे करीब आए, इसे दोनों ने जमाने से छुपाए रखा। ■



जया बच्चन
जन्म : 9 अप्रैल, 1950

## गजल



# बनते रिश्ते

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार

*बनते रिश्ते लम्हे में बिगड़ जाते हैं ।*
*जब अदद बात पे वो अड़ जाते हैं ।।*
*हाथ में हाथ भी चाहे ले लो उनका ,*
*आंख बंद करके पल में बिछड़ जाते हैं।*
*कर लो जितनी भी मुहब्बत तौबा-तौबा,*
*सांस जैसे हों धक से उखड़ जाते हैं।*
*झुकते वो हैं दरख्त जिनमें फल आते हैं,*
*मरना उनका बजा है जो अकड़ जाते हैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हर मानव अपना कर्म सही करे, बाकी सब प्रभु पर छोड़ दें

किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुंह देखना पड़ेगा, क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाए बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दंड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएं। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानियत न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊंचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊंची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायान नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है। इसे 'पलायन' कहना भूल होती है। पलायन के मूल में भय होता है तथा मोड़ का कारण होता है-मन का ऊंचे धरातल पर पहुंचना। संत-वृत्ति अपनाने पर तथा आध्यात्मिक रुचि ग्रहण कर लेने पर, मनुष्य धन अथवा पद आदि के लिए लौकिक संघर्ष से अधिक-से-अधिक संभव सीमा तक दूर हटकर स्वाध्याय, ज्ञानार्जन, ध्यान के अभ्यास, प्रार्थना, परोपकार, सेवाकार्य आदि में जुट सकता है।



संत क्षमादान कर प्रभु के दैवी न्याय पर सब कुछ छोड़ देता है। संत के लिए अपने व्यक्तिगत मामले में क्षमादान देना श्रेष्ठ होता है, किंतु यदि अन्य जन पर अन्याय हो रहा हो, तो उसका प्रतिरोघ करना सदैव समुचित हैं। जब आप पर अन्याय हो रहा है, तो दो ही राह हैं-घृणा को त्यागकर कर्तव्य ने नाते अत्याचार का प्रतिरोध करें तथा संघर्ष करें और जो भी फल हो उसे स्वीकार कर लें अथवा संतभाव को अपनाकर सब कुछ प्रभु पर छोड़ दें तथा अन्यायी के लिए भी सद्भावना ही करते रहें। नादिरशाही अन्याय का अंत अवश्य होगा। कमजोर पिट जाता है, किंतु सतानेवाला मिट जाता है।

अत्याचारी अपने अत्याचार से स्वंय नष्ट हो जाता है। अपनी रुचियों को खोजकर उन्हें उचित दिशा देने से विशेष सुख मिलता है। यदि ईमानदारी, सच्चाई और योग्यता होने पर भी उन्नति न मिले, तो उसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करें तथा ईमानदारी को न कोसने लगें। अंतरात्मा में शूल की भांति चुभनेवाले गलत काम किसी के भी दबाव में आकर कदापि न करें, क्योंकि फंसने कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गलू गांव में घर से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना पुलिस के दल ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति से 2 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीएसएल थाना पुलिस का दल एमडी गलू गांव में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। जिस पर पुलिस ने एक मकान में छापा मार कर वहां से दो हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने इस मामले में रमेश कुमार निवासी गांव रांगरा डाकधर एमडी गलू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### 2 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना पुलिस के दल ने सोमवार रात्रि गश्त के दौरान बीएसएल स्कूल चौक के निकट एक युवक को दो ग्राम हेरोइन के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बीएसएल थाना पुलिस का दल मुख्य आरक्षी भानु शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त पर था। इस दौरान बीएसएल स्कूल चौक के पास एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। संदेह होने पर पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 2 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। आरोपी की शिनाख्त राकेश कुमार (38) पुत्र सुखराम निवासी गांव व डाकघर हरनोड़ा जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### सांसद कंगना का दौरा फ्लॉप: एनके पंडित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी सदर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने कंगना रनौत के दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सांसद कंगना रनौत का मंडी दौरा पूरी तरह फ्लॉप रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की मंडी सांसद कंगना रनौत द्वारा अनदेखी की गई है, जो महिलाएं कंगना को हार पहना रही थी उन महिलाओं की भी कंगना रनौत द्वारा अनदेखा कर बेइज्जती की है। पंडित ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद ना जाने मंडी की सांसद कंगना रनौत कहां गायब हो गई थी। एनके पंडित ने कहा कि मोदी सरकार ने पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस के दाम फिर बढ़ाए हैं, जो जनता के साथ धोखा है। देश की जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है।




### पधर मेले के लिए कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, पधर।** आगामी 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित होने रहे जिला स्तरीय किसान मेला पधर की तीन सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए जोगिंद्रनगर व पधर उपमंडल से संबंध रखने वाले 16 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया। इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। इस बात की पुष्टि करते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑडिशन के लिए दो दिन निर्धारित किए गए हैं। 8 अप्रैल को पधर तथा जोगिंद्रनगर तथा 9 अप्रैल को प्रदेश के अन्य जिलों से संबंधित कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।



### छत्तर गांव में जांचा 90 ग्रामीणों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली के छत्तर गांव में सोमवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ। इस दौरान कुल 90 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें से 30 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई और 60 लोगों की ओपीडी की गई। डॉ. शगुन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घर-द्वार के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से लगभग 40 प्रकार के आवश्यक टेस्ट निःशुल्क किए जाते हैं, जिनमें ब्लड प्रेशर, शुगर, थायरॉइड, हीमोग्लोबिन, यूरिन जांच सहित अन्य प्रमुख परीक्षण शामिल हैं। शिविर की सफलता में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ ग्राम पंचायत मसौली के प्रतिनिधियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

### पधियूं स्कूल के बच्चों ने किया हिमाचल दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला पधियूं के सात विद्यार्थियों ने मंगलवार को अपने चार शिक्षकों के साथ शैक्षिक भ्रमण के दौरान मंडी के बिंदरावणी में ब्यास नदी व फोरलेन किनारे स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण किया व हिमाचल प्रदेश के हर पहलू को लेकर उपयोगी जानकारी हासिल की।

# बार-बार चालान करने पर भड़की टैक्सी यूनियन

## टैक्सी स्टैंड पर किया विरोध-प्रदर्शन, संचालकों ने की प्रदेश सरकार को टैक्सी की चाबी देने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**जिला** मंडी के सुंदरनगर में टैक्सी संचालकों का स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूटा है। टैक्सी संचालकों ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा उनकी टैक्सियों को निशाना बनाकर बार-बार चालान काटे जा रहे हैं। वहीं इसके खिलाफ टैक्सी यूनियन ने मंगलवार को टैक्सी स्टैंड पर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। टैक्सी यूनियन ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए। टैक्सी यूनियन सुंदरनगर के प्रधान पीतांबर लाल ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस टैक्सी को ही निशाना बना रहे है और लगातार एक बाद एक उनकी टैक्सियों के चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार टैक्सी ड्राइवर कहां जाए। टैक्सी स्कूलों से बच्चों को लेकर जाती है जिनको घर-घर के समीप रूकना पड़ता है। लेकिन पुलिस द्वारा उनका चालान काटा जाता है। होमगार्ड और पुलिस के जवान स्थानीय टैक्सी संचालक को निशाना बना रहे है। उन्होंने कहा कि इस मंदी के दौर में पुलिस बेवजह टैक्सी संचालकों को तंग कर रही है।



उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर इस तरह से ही टैक्सी संचालकों को परेशान किया जाता रहा तो आने वाले समय में उनकी गाड़ियों की चाबी सरकार को सौंप दी जाएगी। इसके अलावा संचालक अपनी टैक्सियों को खड़ा करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि टैक्सी गाड़ियों की गति सीमा को भी बढ़ाया जाए। इस मौके पर प्रधान पीताम्बर लाल, सचिव विपिन शर्मा, तारा तुंगला, जीत राम, रवि, लेख राम सहित अन्य चालक भी मौजूद रहे।

**क्या कहते हैं डीएसपी**

**डीएसपी** सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट की अवेहलना करने पर ही वाहनों का चालान काटा जाता है। भारत भूषण ने सभी चालकों से नियमों के अंतर्गत वाहन चलाने की अपील की है।

## जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग पर कार व बाइक में टक्कर, एक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर-सरकाघाट** उच्च मार्ग पर सोमवार को बालकरूपी के समीप एक कार और मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार 47 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार जोगिंद्रनगर से बालकरूपी की ओर आ रही थी, जबकि मोटरसाइकिल सवार बालकरूपी से जोगिंद्रनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों वाहन आमने-सामने आए, जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार को गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया। घायल की पहचान घमरेहड़ निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही जोगिंद्रनगर पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों और घायल के बयान दर्ज किए हैं। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच जारी है।

**घायल को टांडा मेडिकल कॉलेज किया रेफर, जांच में जुटी पुलिस**

### दुराचार कर नाबालिग को किया गर्भवती, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी के अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिग के साथ आरोपी द्वारा दुराचार कर गर्भवती करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस थाना सदर मंडी में नाबालिगा ने बताया कि वह 10वीं कक्षा की छात्रा है। पीड़िता की दोस्ती आरोपी से हो गई और उसके उपरांत उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुराचार कर उसे गर्भवती कर दिया। इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस गहन छानबीन कर रही है।

## हिमाचल दिवस समारोह के प्रबंधों में नहीं रहनी चाहिए कोई कमी: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल दिवस पर जिला स्तरीय समारोह मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच मंडी पर आयोजित किया जाएगा। समारोह में शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी देशभक्ति और हिमाचली संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण करेंगे और अपना शुभ संदेश देंगे।

उन्होंने बताया कि मार्च पास्ट पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, होमगार्ड सहित शिक्षण संस्थानों के बच्चों द्वारा किया जाएगा। समारोह में विभिन्न स्कूलों व अन्य संस्थानों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए शिक्षा, भाषा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयोजन से जुड़े लोक निर्माण, पुलिस, नगर निगम, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रबंधों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी जिला के समस्त विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मंडी वासियों से समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह भी किया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह पटियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश**

### सांसद ने विक्रमादित्य पर फिर साधा निशाना

## मैं नहीं हूं मिस्टर इंडिया जो नहीं देती हूं दिखाई: कंगना

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**मंडी** सांसद कंगना रनौत ने एक बार फिर प्रदेश पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर जोरदार जुबानी हमला बोला है। मंगलवार को मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कंगना रनौत ने कहा कि राजा बाबू रोज प्रेस बुलाकर सांसद दिखती नहीं के बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन संसद जाती हैं।

उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों द्वारा नकार दिए जाने के कारण हुई उनकी हार को अभी तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं। आज प्रदेश की जो दुर्दशा है व किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है और विपक्ष में रहकर आलोचना भी की जाती है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह द्वारा रोज उन्हें अपशब्द बोले जाते हैं। लोगों के समक्ष झूठ बोलकर भ्रमित किया जा रहा है। कंगना ने कहा कि सांसद के तौर पर शपथ ग्रहण करने के बाद 5 से 6 महीने संसद के कार्यों में ही निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मिस्टर इंडिया नहीं है जो दिखाई नहीं देंगी।



## सेलिब्रेटी के बजाय नेता बनकर लोगों के बीच जाएं सांसद कंगना: संजीव गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**कांग्रेस** के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने कहा कि मंडी की सांसद कंगना रणौत लोगों के बीच सेलिब्रिटी के बजाय नेता बनकर जाए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए संजीव गुलेरिया ने कहा कि मंडी की सांसद कंगना रणौत करीब एक साल के बाद लोगों के बीच जा रही है, महिला मतदाताओं से भी दूरी बनाए हुए है।

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि अभिनेत्री होने के नाते वे ऐसा करना उनकी मजबूरी हो सकती है।



उन्होंने कहा कि अगर वे सेलिब्रेटी हैं तो सांसद तो लोगों ने ही बनाया है, लोगों ने ही उन्हें वोट देकर संसद में भेजा है। मगर वह तो लोगों का ही तिरस्कार करने लगी है। ऐसे में अब उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को न केवल संसद में उठाना चाहिए, बल्कि लोगों के बीच जाकर उनका समाधान भी करना चाहिए। गुलेरिया ने कहा कि कंगना कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा में टिप्पणी करती है, जिससे उन्हें परहेज करना चाहिए, उन्हें लगता है कि वे अब भी चुनावी मोड में है। जबकि अब उन्हें क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर बात करनी चाहिए। मंडी दौरे के दौरान वे अनाप-शनाप बयानबाजी करने लगी है। उनका स्वभाव कैसा है ये मंडी की जनता भली भांति जानती है। अब तो भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा भी उनके कार्यक्रमों से दूरियां बना ली गई है।

## चौंतड़ा में महासरस्वती सुखबाग मेले का आगाज

### देवी-देवताओं की शिरकत से वातावरण बना भक्तिमय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल की चौंतड़ा पंचायत स्थित महासरस्वती सुखबाग में पारंपरिक मेले का शुभारंभ आस्था और उल्लास के साथ हुआ। क्षेत्र के विभिन्न देवी-देवताओं की शोभायात्रा और देव वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने देव आशीर्वाद प्राप्त कर मेले का आनंद लिया। मेला कमेटी के प्रधान विशाल सिंह राठौड़ ने जानकारी दी कि यह पांच दिवसीय मेला पूरी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज से चार दिवसीय सांस्कृतिक संध्याओं की शुरुआत हो रही है, जिसमें पहली संध्या विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनेगी।

पहली सांस्कृतिक संध्या में पालमपुर की प्रसिद्ध गायिका स्वेता अपने सुरीले गीतों से समां बांधेंगी और कार्यक्रम को चार चांद लगाएंगी। उनके साथ-साथ स्थानीय कलाकार भी मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे। विशाल राठौड़ ने बताया कि मेले में महिला मंडलों और शिक्षण संस्थानों के लिए भी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके। इसके अलावा, पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्रीय व बाहरी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। पूरे क्षेत्र में मेले को लेकर जबरदस्त उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व स्थानीय निवासी आयोजन में भाग ले रहे हैं।

**पहली सांस्कृतिक संध्या में पालमपुर की स्वेता लगाएंगी गीतों से चार चांद**

### गैस सिलेंडरों की कीमत में हुई वृद्धि का विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सरकाघाट लोकल कमेटी ने गैस सिलेंडरों की कीमत में की वृद्धि और पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क लगाने की निंदा करता है और इसे वापस लेने की मांग की है। पार्टी के सचिव व पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने सामान्य और सब्सिडी वाले दोनों श्रेणियों के लिए गैस सिलेंडरों की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे लोगों पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। इसके अलावा, सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया। डीजल की कीमतों में 32,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की है।

### नलवाड़ मेले में 60 किशोरियों के स्वास्थ्य को जांचा




लक्की, करसोग। बाल विकास परियोजना अधिकारी करसोग विपाशा भाटिया ने बताया कि जिला स्तरीय नलवाड़ मेला करसोग में बाल विकास परियोजना करसोग द्वारा किशोरी मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में सिविल अस्पताल करसोग के चिकित्सकों द्वारा लगभग 60 किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें पोषक आहार और स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सिविल अस्पताल करसोग से एएनएम उज्ज्वला चौहान, कला ठाकुर, फार्मासिस्ट ईश्वर, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक, पोषक को-ऑर्डिनेटर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। (अनंत ज्ञान)

## बहरी में डंप लकड़ी पर केंद्र सरकार की जांच का माकपा ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** के विधायक व उनकी पत्नी की कंपनी ने बिना विभागीय अनुमति के बहरी में हजारों पेड़ काट कर डंप की गई लकड़ी का मामला दिल्ली पहुंच गया है। केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 4 अप्रैल को 3 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित की है और उसे तीन सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। जिसका माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवैध लकड़ी के बारे में हुई विभागीय जांच में भी साबित हो गया था कि ये सब लकड़ी गैर कानूनी तौर पर डंप की गई है, लेकिन स्थानीय विधायक व उनकी पत्नी और उनके कुछ मंडी के राजनीतिक मित्रों व पदाधिकारियों की संलिप्तता इस सारे प्रकरण में होने के चलते मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की और अब मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया जिससे स्थानीय विधायक के साथ-साथ सुक्खू सरकार की फजीहत होने वाली है और बहुत से विभागीय अधिकारियों पर गाज गिरेगी।

**राज्य सरकार की अवैध कटान पर पर्दा डालने की कोशिश का होगा पर्दाफाश**

## राजराजेश्वरी देवी कामाक्षा, पुंडरी काक्ष व देव बाला कामेश्वर हलेल का पहली बार महामिलन

**उमेश, सुंदरनगर**

**राज्य** स्तरीय सुकेत देवता के समापन उपरांत अब देवी-देवताओं द्वारा भक्तों के घर पर आथित्य स्वीकार किया जा रहा है। देव आथित्य की पारंपरिक परंपरा को पूरा करते हुए मंगलवार को सुकेत सर्व देवता समिति के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सोनी के बाहौट स्थित निवास स्थान पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान आयोजित देउली में 14 वर्ष उपरांत सुंदरनगर में पधारी राजराजेश्वरी देवी कामाक्षा करसोग, देव पुंडरी काक्ष और देव बाला कामेश्वर हलेल के देव रथ विराजमान हुए। देउली में देव आगमन पर सर्व प्रथम देव बाला कामेश्वर हलेल और देवी कामाक्षा का इतिहास में पहली बार भव्य महामिलन हुआ। इस महामिलन को देख कर देउली में मौजूद सैकड़ों भक्त भाव विभोर हो गए। जानकारी देते हुए देव बाला कामेश्वर हलेल के कुटाल प्रदीप मिन्हास ने बताया कि देव बाला कामेश्वर हलेल का मंगलवार को देवी कामाक्षा और पुंडरी काक्ष तथा बाला कामेश्वर की पहली बार एक साथ देउली हुई। प्रदीप ने बताया कि देवता 13 अप्रैल को अपनी कोठी में विराजमान होंगे। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मीडिया में जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा हर मंडल के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन कार्यक्रम कर रही है। निहाल ने कहा कि सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन द्रंग विधानसभा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज व विधायक द्रंग पूर्ण ठाकुर, बल्ह विधानसभा के नेरचौक मंडल मे सांसद कंगना व बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल व विधायक इंद्र सिंह गांधी, ऊपरी बल्ह मंडल के लेदा में सांसद कंगना और इंद्र सिंह गांधी और सदर विधानसभा में बिलासपुर विधायक त्रिलोक जम्वाल एवं पूर्व मंत्री, विधायक अनिल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**बयान** सांसद के जोगिंद्रनगर दौरे पर कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर का तीखा हमला

## संसद में विकास के लिए आवाज उठाएं कंगना

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**प्रदेश** कांग्रेस के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर में एक प्रेसवार्ता कर सांसद कंगना रनौत पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सांसद कंगना का नौ माह बाद जोगिंद्रनगर दौरा स्वागत योग्य है, लेकिन सांसद बनने के बाद भी उनकी भाषा शैली में कोई बदलाव नहीं आया है। संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए उन्हें अपनी भूमिका को समझना होगा। जीवन ठाकुर ने कहा कि यह देश संविधान और ढांचे से चलता है। सांसद कंगना को चाहिए कि वह संसद में हिमाचल प्रदेश और मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र से अधिक सहायता की मांग करें, ना कि नेताओं पर बयानबाज़ी कर राजनीति चमकाएं।



जीवन ठाकुर ने कहा कि परौरा रेलवे स्टेशन के लिए केंद्र सरकार ने 13 करोड़ और पालमपुर रेलवे स्टेशन के लिए 19 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, लेकिन जोगिंद्रनगर-पठानकोट रेललाइन की उपेक्षा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद कंगना इस रेललाइन के अस्तित्व को बचाने के लिए केंद्र से एक रुपया भी स्वीकृत नहीं करवा पाई। कांग्रेस नेता ने कहा कि सांसद का कार्य जोगिंद्रनगर क्षेत्र की समस्याओं को संसद में उठाना है, जैसे सगनेहडर गांव में ओवरब्रिज का निर्माण न होना, जिससे स्थानीय लोगों को 8 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। उन्होंने विधायक प्रकाश राणा के मंच से दिए बयानों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश में अब तक के सबसे सजग मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने नशे के खिलाफ कड़ा अभियान छेड़ा है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर नशा तस्करों को जेल भेजा जा रहा है, चाहे वे कोई भी हों। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना, धौलाकुआं सबसे गर्म, आज से 3 दिन तक बारिश की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना जताई गई है। 9 से 11 अप्रैल तक प्रदेश के चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी हो सकती है, जबकि 10 से 12 अप्रैल तक निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की होने की संभावना है। फिर 13 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग शिमला ने जानकारी दी है कि मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान इस प्रकार से रहा। वहीं, ऊना में पारा 37.4, धौलाकुआं 34.5, कांगड़ा 34.4, सुंदरनगर 33.9, बरठीं 33.7, नाहन 32.7 जबकि मंडी और भुंतर 32.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### शिमला में अखिल भारतीय राज्य विवि की बैठक 12-13 को : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय बैठक आगामी 12, 13 अप्रैल को शिमला में आयोजित होने जा रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सह संयोजक अमित हिंदू, ने जारी करते हुए कहा है कि इस बैठक में पूरे राष्ट्रभर से सभी राज्यों के राज्य विश्वविद्यालय से 200 से ज्यादा छात्र नेता बैठक के लिए शिमला आएंगे।

## केंद्र ने 10 साल में मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ किए जारी : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुद्रा योजना के 10 साल पूरा होने पर इसे योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से ज्यादा लोन के माध्यम से 33 लाख करोड़ रुपए से करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव आने की बात कही है।



अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मुद्रा योजना के सफल 10 वर्ष पूरे हुए हैं। बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव लाने वाली मुद्रा लाभार्थियों में से आधे से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं। मोदी के नेतृत्व में 8 अप्रैल, 2015 को इस योजना की शुरुआत की गई थी। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई मुद्रा योजना के कारण बड़े स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है।

### मुद्रा लोन योजना में अब मिलेंगे 20 लाख

**अनुराग** ने कहा कि मुद्रा योजना से देश में स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है। इस योजना ने अल्प समय में ही कई लोगों की जिंदगी बदल दी है। मोदी सरकार ने इस योजना ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाया है। हाल ही में प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत ऋण सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है

# शिंकुला दर्रा यातायात के लिए बहाल

## बीआरओ ने डेढ़ माह के भीतर पिघलाई 30 फुट से ऊंची बर्फ की दीवारें

**कमलेश वर्मा, शिंकुला ( लाहुल-स्पीति )**

आखिर तीन माह बाद सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीमू पदुम दारचा (शिंकुला दर्रा) यातायात के लिए बहाल हो गया है। हालांकि, बीआरओ ने इस बार 14 फरवरी को शिंकुला दर्रा बहाल कर रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन 17 फरवरी के बाद भारी बर्फबारी होने से शिंकुला दर्रे में 15 से 20 फुट बर्फबारी हुई थी और दर्रा फिर बंद हो गया था। जिसे बीआरओ ने चार अप्रैल को बहाल कर दिया था।

मंगलवार को बीआरओ ने समुद्र तल से 16,580 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिंकुला दर्रा मंगलवार को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार दर्रा तीन दिन की देरी से खुला। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता राजेश राय ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ ही हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। टैंपो ट्रैवलर सहित 60 से अधिक वाहनों को दर्रे के दोनों ओर से रवाना किया। शिंकुला दर्रा बहाल होने से जहां जांस्कर के 20 हजार लोगों को राहत मिली है वहीं, अब पर्यटक कुल्लू-मनाली और लाहौल होकर शिंकुला दर्रे के रास्ते जांस्कर घाटी होते हुए लेह तक की यात्रा कर सकेंगे। लिहाजा, डेढ़ माह बाद लेह-लद्दाख जांस्कर घाटी होते हुए शिंकुला दर्रा लाहौल व मनाली से जुड़ गया है। दारचा चैक पोस्ट प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि जल्द ही शिंकुला दर्रे का दौरा किया जाएगा और आला अधिकारियों को हालात से अवगत करवाया जाएगा। वहीं, बीआरओ के योजक परियोजना के 14 कृतिक बल के 126 आरसीसी के अधिकारियों, जवानों व मजदूरों ने दिन रात कड़ी मेहनत से माइनस 30 से 35 डिग्री तापमान में खूब पसीना बहाकर, करीब 20 फीट ऊंची बर्फ की दीवारों को पिघलाकर शिंकुला दर्रा के दोनों छोर जोड़ दिए हैं। (अनंत ज्ञान)



### जांस्कर के लिए वाहनों की आवाजाही जल्द होगी शुरू

शिंकुला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण निम्मू-पद्दुम-दारचा (एनपीडी) सड़क पर एकमात्र दर्रा है जो मनाली को दारचा, पद्दुम और निम्मू के माध्यम से लेह से जोड़ने वाला तीसरा बेहतर विकल्प है। बीआरओ के उच्च अधिकारियों की मानें तो शिंकुला दर्रा बहाल होने के बाद शिंकुला पर बनने वाली टनल का निर्माण भी जल्द शुरू हो जाएगा। लाहौल-स्पीति पुलिस की मानें तो दर्रे के खुलने से मनाली और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के जांस्कर क्षेत्र के बीच वाहनों की आवाजाही कुछ ही दिनों में शुरू हो जाएगी।

# ड्राइंग टीचरों ने आयोग को 10 तक रिजल्ट निकालने का दिया अल्टीमेटम

## बोले; नहीं तो तंबू गाड़ कर शुरू कर देंगे धरना-प्रदर्शन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पिछले 3 साल से प्रक्रिया में फंसे ड्राइंग टीचर पोस्ट कोड-980 के रिजल्ट को घोषित नहीं करने पर अभ्यर्थियों ने मंगलवार को राज्य कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय के बाहरी इकट्ठा होकर नाराजगी जताई। उन्होंने आयोग को 10 अप्रैल तक रिजल्ट घोषित करने का अल्टीमेटम भी दिया है।

यदि तय अवधि के भीतर रिजल्ट नहीं निकाला, तो वे आयोग के मुख्यालय के बाहर तंबू गाड़कर धरने-प्रदर्शन पर बैठ जाएंगे। उनका कहना है कि वे ओवरेज हो रहे हैं। लंबे समय से अपनी नियुक्ति की इंतजार में हैं। यह रिजल्ट घोषित होने के लिए अंतिम चरण में है।

सरकार ने जिन पांच रिजल्ट्स को डिक्लेयर करने के लिए कर्मचारी चयन आयोग को हरी झंडी दी है, उसकी प्रक्रिया में तीन रिजल्ट्स तो निकाले जा चुके हैं। चौथा रिजल्ट बिजली बोर्ड में लाइनमैन की भर्ती को लेकर है। उसकी तैयारी में आयोग लगा हुआ है। आयोग का यह भी कहना है कि 30 अप्रैल तक पेंडिंग दोनों रिजल्ट्स घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है।

अभ्यर्थियों का कहना था कि पिछले ढाई वर्ष से वह नौकरी की इंतजार कर रहे हैं। मंडी जिला से ताल्लुक रखने वाली रिंकू देवी, अर्जुन शर्मा का कहना था कि मई 2022 को 313 पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी हुई थी उसके बाद 8 अक्तूबर 2022 को आयोग ने परीक्षा आयोजित की थी। 3 दिसंबर 2022 को इस परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया था। जिसमें 971 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टेड करके उनके डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जा चुका है। अब केवल फाइनल रिजल्ट घोषित होना था, जो ढाई साल से पेंडिंग है। इसीलिए वे रिजल्ट को शीघ्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं और 10 अप्रैल का उन्होंने समय दिया है। उसके बाद वे संघर्ष पर उतर जाएंगे।

दरअसल में सरकार ने जिन रिजल्ट्स को घोषित करने के लिए मंजूरी दी है। उनके रिजल्ट्स तो तैयार हो रहे हैं, लेकिन यह सारी प्रक्रिया मैन्युअल आधार पर हो रही है। अब यहां स्टाफ तो बहुत कम है, इसलिए समय भी लग रहा है, ऐसा नहीं है कि चंद दिनों में भीतर कोई रिजल्ट घोषित हो सकता है। क्योंकि भंग किए गए आयोग में तकरीबन 5 दर्जन कर्मचारी थे। अब यह संख्या डेढ दर्जन के आसपास है। (अनंत ज्ञान)

### 30 से पहले घोषित करेंगे रिजल्ट: सचिव

**इधर,** आयोग के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि सरकार ने जिन पांच पोस्ट कोड के रिजल्ट को घोषित करने के लिए 17 मार्च को पत्र मिला था। उसके तहत 3 रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। बिजली बोर्ड के एक रिजल्ट को लेकर प्रक्रिया जारी है इस रिजल्ट को भी 30 अप्रैल से पहले घोषित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी आज भी मिलने आए थे, उन्हें कह दिया गया है कि वे भरोसा रखें। क्योंकि इस प्रक्रिया में काम मैन्युअल आधार पर हो रहा है। थोड़ा वक्त लगेगा।

# दिल्ली में 'अंबेडकर सम्मान समारोह में शामिल हुए जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जयराम ठाकुर दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के भूमिका अविस्मरणीय है। कांग्रेस ने बाबा साहब की योगदान को कभी उतना महत्व नहीं दिया, जिसके वह हकदार थे। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का अपमान किया और अपने परिवारवाद की राजनीति को प्रश्रय दिया। बाबा साहब से जुड़े स्मारकों के निर्माण का कार्य भी तभी संभव हो पाया जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई।



# चंबा, नूरपुर व पांवटा में 10 किलो चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, भरमौर/नूरपुर/पांवटा**

विशेष अन्वेषण इकाई चंबा ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने जसौरगढ़ जीरो प्वॉइंट पर नाकाबंदी के दौरान 4 किलो 214 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान चरस दिनेश कुमार (32) पुत्र सिंह, निवासी सवाला, जिला चंबा के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एसआईयू टीम नियमित जांच अभियान के तहत जसौरगढ़ जीरो प्वॉइंट पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

उधर, सिरमौर की एसआईयू टीम ने रेन शेल्टर जामली एनएच-707 के पास आरोपी बेसु राम (65) पुत्र स्व. मोही राम निवासी गांव नैनीधार, जिला सिरमौर के कब्जे से 39700 रुपए और 2 किलो 105 ग्राम चरस बरामद की है। जिस पर पुलिस थाना शिलाई में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



वहीं, पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस ने मुकाम कड़वाल में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर ने बताया कि जिसमे नांकाबंदी के दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी नं. पीबी06-एई 4569 से अमित कौशल पुत्र ओमप्रकाश कौशल निवासी एचएम/41 नजद गेट हकीमन अमन वेन्य अमृतसर पंजाब व गुरप्रीत सिंह पुत्र स्मरीक सिंह निवासी गांव मजीठा रोड जगदंबा कलोनी अमृतसर पंजाब के कब्जे से 04 किलो 30 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। जिस पर उपरोक्त आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना नूरपुर में मामला दर्ज किया है।

# चिंतपूर्णी मंदिर में एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी**

### लाइनों में लगकर 15000 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एकादशी और मंगलवार के दिन माता चिंतपूर्णी के दरबार में रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंच गए। हालांकि, ऐसा कोई अनुमान नहीं था। धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में मंगलवार को श्रद्धालुओं की काफी रौनक रही। दोपहर तक श्रद्धालुओं के डबल लाइन पुराने बस स्टैंड से होते हुई माधो टीला को भी पार चुकी थी। मंगलवार को लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश, राजस्थान दिल्ली पंजाब आदि राज्यों से श्रद्धालु मां के दर्शनों को पहुंच रहे हैं।

श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी-बड़ी लंबी लाइन को व्यवस्थित करने में सुरक्षा कर्मचारी, होमगार्ड के जवानों ने लाइन व्यवस्था सुचारु रूप से चलाने के लिए काफी ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ी। उधर, मंदिर सुरक्षा कर्मचारी श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था में दर्शन करने हेतु बार-बार अपील करते हुए दिखाई दिए। मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ को सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा सुचारु रूप से संचालित किया गया। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते रहे। महिलाओं और युवाओं श्रद्धालुओं ने माता के गीत गाकर पूरे मंदिर मार्ग, बाजार को भक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं, श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा जेब कतरों व शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी रखी जा रही है। पहली बार केरल से आए हुए श्रद्धालुओं ने इस सुविधा के तहत पास बनाकर मां के दर्शन किए और मंदिर प्रशासन द्वारा चलाई जा रही सुविधा की सराहना की। उधर, इस संबंध में मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा ट्रस्टी तिलक राज कालिया, ट्रस्टी विनोद कालिया, ट्रस्टी नरेंद्र कालिया आदि ने बताया कि हर रोज श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन को मंदिर के विस्तारीकरण का कार्य शीघ्र शुरू कर देना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा के साथ, सुरक्षा आदि प्रदान हो सके। (अनंत ज्ञान)




### पुलिस प्रशासन की व्यवस्था

**उधर,** पुलिस प्रशासन द्वारा भी जाम लगने की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी जय रामकुमार शर्मा ने खुद मोर्चा संभालते हुए अपने टीम के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से व्यवस्थित किया, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़ा। इस अवसर पर कार्यवाहक मंदिर अधिकारी अरुण संख्यान ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ होने के चलते मंदिर न्यास द्वारा भी श्रद्धालुओं को सुविधा देने हेतु बेहतर इंतजाम किए गए हैं। सभी विभागों को अपनी सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान हो सके।

# सलामद्दीन और अरविंद को मिला डीजीपी डिस्क अवार्ड

**अनंत ज्ञान, बंगाणा/चौकीमनियार**

बंगाणा उपमंडल के लिए गर्व की बात है कि पिपलू गांव निवासी सलामद्दीन पुत्र स्वर्गीय बाजू दीन के होनहार बेटे ने अपनी प्रतिभा और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर हिमाचल प्रदेश सरकार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा सिल्वर मेडल (डीजीपी डिस्क) से सम्मान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव व क्षेत्र में खुशी है। यह सम्मान उन कर्मठ और ईमानदार पुलिस कर्मियों को दिया जाता है, जो अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते हैं और समाज की सेवा में समर्पित रहते हैं।





पुरस्कार समारोह में हिमाचल प्रदेश के डीजीपी ने उन्हें सिल्वर डिस्क और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और युवाओं को इनसे सीख लेकर देश सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। गांववासियों और रिश्तेदारों द्वारा सलाम दीन के परिवार को बधाइयां दी जा रही हैं।

वहीं, उपतहसील जोल की पंचायत टकोली से संबंध रखने वाले अरविंद कुमार 2008 से हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में सेवा प्रदान कर रहे हैं और अभी यह स्टेट सीआईडी साइबर क्राइम में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उन्हें हाल ही में डीजीपी हिमाचल प्रदेश ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सिल्वर डिस्क और प्रशंसीय पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इससे टकोली क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार पुत्र महेंद्र सिंह के बेटे हैं।

### देहरा थाना के दो पुलिसकर्मी डीजीपी डिस्क से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश के देहरा जिले के दो पुलिस अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पुलिस थाना देहरा के प्रभारी निरीक्षक संदीप पठानिया और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात आरक्षी अक्षय शर्मा को यह सम्मान शिमला स्थित पुलिस मुख्यालय में दिया गया। पुलिस महानिदेशक ने दोनों अधिकारियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। यह प्रदेश पुलिस का प्रतिष्ठित अवॉर्ड है। यह सम्मान पुलिस कर्मियों को असाधारण सेवा, ईमानदारी और साहस के लिए दिया जाता है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि निरीक्षक पठानिया ने अपराध नियंत्रण और जनता से संवाद में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनकी टीम ने कई गंभीर मामलों को सुलझाया है। आरक्षी शर्मा को उनके तकनीकी कौशल कार्यों में दक्षता के लिए सम्मानित किया गया है।

# हक देकर रिकवरी लेने पर भड़के अध्यापक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजकीय अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ गहरा रोष प्रकट करते हुए आवाज बुलंद की और कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के बाद हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों ने ऐसी सरकार को चुना, जिसने दो साल के भीतर ही इस प्रदेश के शिक्षक कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को खून के आंसू निकलवा दिए।

ऐसा एक बार पहले भी हुआ था, जहां कर्मचारियों पर 'नो वर्क नो पे' लागू हुआ था। उसके बाद वे विधायक का चुनाव भी हार गए थे और उनकी राजनीति हिमाचल में खत्म हो गई है। हिमाचल में राजाओं का शासन रहा है और उन्होंने कभी भी अपनी प्रजा का इस प्रकार शोषण नहीं किया, परंतु वर्तमान सरकार जिस प्रकार से अपने कानून बनाकर उन कर्मचारियों के शोषण में अपना कीमती समय बर्बाद कर प्रदेश को विकसित बनाने में पीछे हट चुकी हैं। विपक्ष बिलकुल चुप हैं। कर्मचारी संगठन सरकार की सराहना कर मात्र अपने फायदे देख रहे हैं। राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष छामछु सुव्वा सहित राज्य प्रबंधन सदस्य प्रवीण शर्मा, एनडी विंद्रा रिटायर्ड प्रिंसिपल, नविता परमार, शैलेंद्र सूद, शेष राम, तिलक राज, हर देव, हंसराज धरोच,जीत राम, रोजी गुप्ता, अजमेर सिंह, अजय शर्मा, हाकम राणा, पूनम शर्मा ,सीमा ठाकुर व अन्य ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी चुकी है।

संघ ने कहा कि आज हाईकोर्ट के जजों की किरकिरी हो रही है। उनके अहम फैसलों को दरकिनार कर अपने ही कानून बनाकर हिटलरी राज का तोहफा प्रदेश के लोगों को दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार कर्मियों के हक देती है और बाद में उनसे रिकवरी लेने की बात करती है। संघ ने कहा कि पीड़ित लोग अध्यापक संघ का साथ दे अन्यथा आप और आपके परिवारों को सड़कों पर भीख मांगनी पड़ेगी।

## विकल्प — रॉयल डिलीशियस सेब को मिली चुनौती, बदलते मौसम ने बदली बागवानों की सोच

# बेहतर सेब उत्पादन के लिए कम भूमि में ज्यादा पौधे रोपें बागवान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की बदलती आबोहवा रॉयल डिलिशियस सेब को चुनौती देने लगी है। परंपरागत रॉयल प्रजाति का सेब उत्पादन गिरने लगा है। शिमला व किन्नौर जिले के बागवान गिरती उत्पादन क्षमता से बेहद परेशान हैं, अन्य जिलों में भी रॉयल सेब का उत्पादन आधे से भी कम रह गया है। रॉयल का उत्पादन घटने से अब विकल्प के तौर पर बागवानों ने उच्च घनत्व वाली खेती पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

इसमें एक भूमि के टुकड़े में 70 से 100 पेड़ लगाए जा सकते हैं, जबकि रॉयल के पौधों में 15 से 20 ही लग पाते हैं। मौजूदा समय में उच्च घनत्व की खेती को सेब वैज्ञानिक भी मुफीद मान रहे हैं और यह समय की मांग बनकर उभरी है।

गौरतलब पहलू यह है कि सेब उत्पादन और बागवानी पिछले 70 से 80 वर्षों में समुचित रूप से फली-फूली है और वर्तमान समय में यह प्रदेश की आर्थिकी में बड़ा स्थान रखती है। सीधी तौर पर सेब बागवानी लाखों लोगों को रोजगार मुहैया करवा रही है और साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है। यह राज्य की जीडीपी में सालाना 5 हजार करोड़ रुपए का योगदान देती है। इसके अलावा राज्य में 5 लाख से अधिक लोग सीधे इससे जुड़े हुए है। वर्तमान में सेब बागवानी के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में रॉयल किस्म के सेब का ही दबदबा है। हैरानी की बात यह है कि उर्वरक, कीटनाशकों एवं अन्य दवाइयों के उपयोग के कारण सेब के उत्पादन एवं गुणवत्ता में दिनोंदिन गिरावट देखी जा रही है।



### वैज्ञानिकों ने नई तकनीक अपनाने की दी सलाह

इस प्रकार की खेती को वर्तमान समय की मांग माना जा रहा है। यदि हम इस व्यवस्था की विशेषताओं की बात करें तो इसमें अधिकतर स्पर किस्म जैसे रेड चीफ, स्कारलेट-1, स्कारलेट-2, एड्मस-1 जैसी अन्य किस्मों को उगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गाला प्रजाति के सेब जैसे रेडलम गाला, गेल गाला इत्यादि अन्य किस्मों को उगाया जा रहा है। इस पौधे की विशेषता यह है कि यह किस्म, रंग और स्वाद में बेहतर हैं और पौधरोपण के लगभग तीसरे और चौथे वर्ष में फसल देना प्रारंभ करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बाजार में मिल रहे बेहतर दाम: लोकिंदर चौहान


**जुब्बल** क्षेत्र के बागवान लोकिंदर चैहान का कहना है कि हमें अब धीरे-धीरे उच्च घनत्व की खेती की ओर बढ़ना होगा। क्योंकि बदलती परिस्थितियों में अब परंपरागत खेती संभव नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि 2020 में उन्होंने एक जमीन के भाग में उच्च घनत्व पर गाला के पौधे लगाए थे, जिसमें पिछले वर्ष यानि 2024 में उन्होंने फसल लेना प्रारंभ कर दिया है। रंग और गुणवत्ता में यह सेब बेहतरीन है और उन्हें बाजार में भी इसके बेहतर दाम मिले है।

### उच्च घनत्व की खेती के मिल रहे बेहतर परिणाम: प्रेम चौहान

**कोटखाई** क्षेत्र के प्रतिशील बागवान प्रेम चौहान ने भी उच्च घनत्व की खेती का समर्थन किया है और बताया कि यदि बागवानी में नई तकनीकों का प्रयोग किया जाए तो रॉयल सेब को भी उच्च घनत्व पर उगाया जा सकता है, किंतु इसके लिए उचित जानकारी और सही प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रेम चौहान ने बताया कि उन्होंने इसे एक बीघा पर 1000 पौधे लगाए जा सकते हैं और अपने बगीचे में उन्होंने यह कर के दिखाया भी है।

### नई तकनीक से कर रहे अच्छी कमाई: अमन

**रोहड़ू** क्षेत्र के एक और बागवान अमन शर्मा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में पुराने सेब के पौधों को उखाड़ कर उच्च घनत्व वाले 1000 पौधे लगाए थे। इसके लिए, उन्होंने हिमाचल के बागवानी विभाग से भी संपर्क किया। जहां से उन्हें भूमि प्रबंधन, सिंचाई एवं रोग नियंत्रण के अतिरिक्त सही कटिंग एवं प्रूनिंग का प्रशिक्षण मिला और आज वे अपने बगीचे से अच्छी कमाई कर रहे हैं।



### उच्च घनत्व की बागवानी समय की जरूरत: डॉ. मेहता

**उद्यान** विभाग के विषय विशेषज्ञ शिमला व मास्टर ट्रेनर डॉ. कुशाल सिंह मेहता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सेब बागवानी का भविष्य उच्च घनत्व की खेती है। उनका मानना है कि बढ़ती जनसंख्या और जमीन के घटते हुए आकार के कारण उच्च घनत्व बागवानी वर्तमान समय की जरूरत बन चुकी है। इसके साथ मौसम के बदलाव के कारण हमारी पारम्परिक सेब की खेती को अनुकूल परिस्थितियां नहीं मिल रही, जिसके कारण उत्पादन में कमी और अच्छी गुणवत्ता न होने के कारण बाजार में भी अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे, जिससे बागवानों को नुकसान हो रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### सिनवी स्कूल की प्रिया का राष्ट्रीय स्कॉलरशिप में चयन



**अनंत ज्ञान आनी।** आनी खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिनवी की आठवीं कक्षा की होनहार छात्रा प्रिया शर्मा पुत्री हीरा लाल शर्मा का राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप में चयन हुआ है। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा, अध्यापकों में गौरव भारती, भूपेंद्र सिंह,महेंद्र सिंह, पूर्ण शर्मा पदम् सिंह, देवीदत्त, नीलम आदि ने छात्रा को शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वन भूमि की अवैज्ञानिक तरीके से खुदाई पर जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** वन्य प्राणी मंडल स्पीति द्वारा वन भूमि की अवैध रूप से अतिरिक्त खुदाई और अवैज्ञानिक तरीके से वन भूमि की खुदाई करने पर न्यू इंडिया कंपनी पर 8,95,620 रुपए का जुर्माना लगाया है और इस जुर्माने की राशि को सरकारी खज़ाने में जमा किया गया है। सीमा सड़क संगठन द्वारा न्यू इंडिया कंपनी को समदो-काजा- ग्रामफो (एसकेजी) सड़क के चौड़ीकरण का कार्य दिया गया है। वन्य प्राणी मंडल स्पीति के उप वन संरक्षक मंदार जेवरे ने कहा कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पतलीकूहल में पोषण पखवाड़े का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं के तत्वावधान में 'पोषण पखवाड़ा' का शुभारंभ पतलीकूहल में एक जागरूकता रैली के माध्यम से किया गया। इस रैली में स्थानीय महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं, धनी राम ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने के लिए सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने हेतु स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# दीपकताल झील पर्यटकों के लिए हुई बहाल

## सुबह 9 से दो बजे तक जा सकेंगे पर्यटक; सोलंगनाला, सिस्सू, कोकसर व सूरजताल बना पहली पसंद

**कमलेश वर्मा, केलांग**



समुद्रतल से 3750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित लाहौल घाटी की दीपकताल झील पर्यटकों के लिए बहाल हो गई है। मनाली और लाहौल की वादियों में सैर-सपाटे को पहुंचे पर्यटक अब दीपकताल के भी दीदार कर सकेंगे। मनाली आने वाले पर्यटकों को अब कोकसर व सिस्सू के अलावा दीपकताल झील नया पर्यटन स्थल मिल गया है। दीपकताल बहाल होने से लाहौल के पर्यटन स्थल जिस्पा में भी पर्यटकों से चहल-पहल बढ़ जाएगी।

वहीं, मंगलवार को दो दर्जन पर्यटक वाहन दीपकताल पहुंचे। पहले दिन हालांकि पर्यटकों की आमद न के बराबर रही लेकिन आने वाले दिनों में यहां पर्यटकों का मेला लगेगा। प्रशासन ने झील की ओर जाने वाले पर्यटकों के लिए सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक समय निर्धारित किया है। आज कुछ पर्यटक कोकसर की ओर भी रवना हुए। फिलहाल कोकसर के जनदीक कुठ बिहाल पर्यटक स्थल पर्यटकों का स्नो प्वाइंट बना है। सोलंगनाला व सिस्सू के साथ-साथ कोकसर व सुरजताल सैलानियों की पहली पसंद बने हैं।

पर्यटन नगर मनाली में समर सीजन ने दस्तक दे दी है। मनाली में पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र के पर्यटक समर सीजन की शुरुआत करते हैं। हालांकि सप्ताहान्त में पड़ोसी राज्यों के पर्यटक भी मनाली का रुख कर रहे हैं, लेकिन इन दिनों पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र राज्यों से पर्यटक मनाली में देखने को मिल रहे हैं।

मनाली के होटल कारोबारी राजू, हैप्पी व किशन राणा ने बताया कि पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र के पर्यटकों ने दस्तक देकर मनाली में समर सीजन की शुरुआत कर दी है। उन्होंने बताया कि सड़कें बेहतर हो जाने से अब पड़ोसी राज्यों के पर्यटक सप्ताहान्त में मनाली का रुख करने लगे हैं, जिससे सप्ताहान्त में आक्यूपेंसी बढ़ रही है।

होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि समर सीजन धीरे-धीरे दस्तक देने लगा है। (अनंत ज्ञान)

# गांव-गांव संतुलित आहार और एनीमिया के बारे में करें जागरूक : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



- महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया 'पोषण पखवाड़े का शुभारंभ
- डीसी कुल्लू ने पखवाड़े का किया आगाज

जिला कुल्लू महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार से 22 अप्रैल तक 'पोषण पखवाड़े' का आयोजन किया जा रहा है। इसकी विधिवत शुरुआत मंगलवार को कुल्लू के उपायुक्त तोरूल एस रवीश द्वारा पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपायुक्त कार्यालय से कॉलेज गेट होते हुए अटल सदन तक जागरूकता संदेशों वाली तख्तियों और नारों के साथ रैली निकाली गई।

उपायुक्त कुल्लू ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि इस पखवाड़े के दौरान गांव-गांव तक संतुलित आहार और एनीमिया के बारे में जनता को जागरूक करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कुपोषण को दूर करने के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया जाएगा। वृत्त स्तर पर अनीमिया जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा ग्राम स्तर पर विशेष समुदाय आधारित कार्यक्रमों का आयोजन 11 और 21 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान शिशु के जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष महत्व डाला जाएगा तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर ऐप में अब लाभार्थी मॉड्यूल के माध्यम से लाभार्थी अपना पंजीकरण कर सकते हैं तथा अभिभावक अपने बच्चों के पोषण स्तर का आकलन स्वयं भी कर सकते हैं।

# पतलीकूहल मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में रमेश के गानों पर नाचे दर्शक

- समापन समारोह में वीर सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल दुर्गाष्टमी रामनवमी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोकगायक रमेश ठाकुर और रोहिनी डोगरा ने अपने गीतों से दर्शकों को नाचने में मजबूर कर दिया। दोनों ही कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से समां बांधा। रमेश ठाकुर ने याद आ रहा है तेरा प्यार, बांकी पौटू आलिए, तेरी नगरी दिल मूं लाणा और कई प्रसिद्ध फिल्मी गीत गाए।

वहीं, रोहिनी डोगरा ने नीमा डोलमा, प्लाजो गाने गाकर दर्शकों को खूब नचाया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। नेहा, गरिमा, शिवानी, अक्षम, रोहित ने फिल्मी गीतों में नाचकर इनाम भी जीता। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हलाण 2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ पंचायत के कई प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मेले के आखिरी दिन समापन समारोह में आशीष कंस्ट्रक्शन के एमडी और समाजसेवी वीर सिंह ठाकुर शिरकत करेंगे।

# पहले दिन मनाली से जांस्कर रवाना हुए 27 वाहन, वन-वे रहेगा ट्रैफिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- जांस्कर वासियों को मिली राहत, आज जांस्कर से मनाली आएंगे वाहन

शिंकुला दर्रे में मंगलवार से यातायात सुचारु हो गया है। पहले दिन मनाली की ओर से 27 वाहन जांस्कर के लिए रवाना हुए। मनाली जांस्कर के बीच यातायात सुचारु होने से जांस्कर घाटी के एक दर्जन से अधिक गांव को बड़ी राहत मिली है। बीआरओ ने शिंकुला दर्रे को एकतरफा वाहनों के लिए बहाल किया है। जब तक दर्रा दोतरफा वाहनों के लिए बहाल नहीं होता, तब तक मनाली जंस्कार के बीच वाहनों की आवाजाही एकतरफा रहेगी।

शिंकुला मार्ग बनने से पहले जंस्कार घाटी के लोगों को कारगिल व लेह होते हुए मनाली आना पड़ता था, लेकिन अब शिंकुला दर्रे से सफर आरामदायक हो गया है। दर्रे में टनल बनने से जांस्कर के लोगों की राहें ओर आसान हो जाएंगी। दारचा चैक पोस्ट के प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि आज 27 वाहन मनाली से जंस्कार गए। डीएसपी राजकुमार ने वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे सुबह सात बजे से 11 बजे के बीच ही आवजाही करें। उन्होंने बताया कि आज मनाली से गए सभी 27 वाहन सुरक्षित जंस्कार पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने सीमा सड़क संगठन का आभार जताया है।

### रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में हिमपात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** मंगलवार सुबह धूप खिली लेकिन शाम होते ही मौसम के करवट बदलते ही रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। पर्यटन नगरी मनाली में बारिश का क्रम शुरू होने से बागवानों की चिंता बढ़ गई। मंगलवार शाम को मनाली की ओर रोहतांग दर्रे सहित धुंधी, मकरवेद, शिकरवेद, सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, लदाखी पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट, फ्रैंडशिप पीक, रोहतांग के उस पार बारालाचा, शिंकुला जोत, कुंजम जोत, छोटा व बड़ा शिघरी ग्लेशियर, लेडी ऑफ केलांग व नीलकंठ की पहाड़ियों सहित समस्त ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। मनाली में सेब के बागवान फ्लावरिंग के दौरान बारिश से चिंतित हैं। उन्हें डर है कि इससे सेब की सेटिंग पर असर पड़ सकता है और फसल को नुकसान हो सकता है।

# सीएम साहब! कांग्रेस की 10 गारंटियां कोखे पाईं : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार विधानसभा के सभी मंडलों का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।

- भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे विधायक सुरेंद्र शौरी

कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा के सभी मंडलों का आज भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें बंजार विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता स्थानीय मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर ने लारजी में की।

सम्मेलन मे मुख्य रूप से कुल्लू जिला प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य रही। उन्होंने सम्मेलन को संबोधन मे पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला और प्रदेश मे कांग्रेस सरकार के दो विफल साल का के बारे जागरूक किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुऐ बंजार विधानसभा सभा विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरुआत से ही परिवारवाद से घिरी हुई है और गांधी परिवार के इर्द-गिर्द कांग्रेस की पूरी राजनीति चलती है, जबकि दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसके लिए सिर्फ देश पहले है।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दलों पर परिवारवाद हावी है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मौजूदा सरकार इस छोटे कार्यकाल में करीब 33 हजार करोड़ का कर्ज लिया है और इस वित्तीय वर्ष की पहली ही सप्ताह में 900 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर लेकर एक नया रिकॉर्ड यह सरकार बना चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से लगातार पिछले 10 वर्षों से करोड़ों रुपए की मदद हिमाचल प्रदेश को मिल रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश में सड़कों का जाल बीच रहा है और फोरलेन निर्माण के साथ-साथ रेलवे का भी विस्तार हो रहा है, उसके बावजूद प्रदेश कांग्रेस के नेता हमेशा केंद्र सरकार को खोजते रहते हैं। विधायक ने इंजीनियर विमल नेगी ने की मौत मामले को लेकर कहा कि विमल नेगी का परिवार और पूरे प्रदेश के लोग चाहते हैं कि विमल नेगी मौत मामले की निष्पक्षता से सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि मामले से जुड़े सारे तथ्य उजागर हो सके। मगर सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है और मुख्यमंत्री ने बीते कल जो बयान इस मामले को लेकर दिया है वह बेहद निंदनीय है।

इस अवसर पर बंजार विधानसभा के सैंज मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर बंजार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर, मांगलौर मंडल के अध्यक्ष डाबे राम, बाजोरा मंडल के अध्यक्ष परमानंद ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष व जिला महामंत्री बलदेव महंत, सैंज मण्डल के महामंत्री शेर सिंह नेगी, मांगलौर मंडल के महामंत्री टीकम कार्तिक, जिला महिला मंडल अध्यक्ष कमलेश शर्मा माला ठाकुर, मंडल सचिव वेद ठाकुर आदि बड़ी संख्या में सक्रिय व प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शराब के ठेके के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** संतोषगढ़ के स्थानीय लोगों ने अंबेडकर चौक के पास खुले शराब के ठेके का रोष प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों की मांग है कि शराब के ठेके को कहीं और शिफ्ट किया जाए। स्थानीय लोगों व महिलाओं का कहना है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया, तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर भी रोष प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं किया जाएगा। नगर परिषद संतोषगढ़ के नजदीक स्कूल, आइटीआई, बस स्टैंड, डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक है। इसी चौक के पास शराब का ठेका खोल दिया गया है, जिसका स्थानीय निवासी विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी यहां ऐसा प्रयास किया गया था, जिसका विरोध किया जा चुका है, जब शहर में पहले ही दो-दो शराब के ठेके हैं, तो फिर शहर के मध्य और संवेदनशील स्थानों पर इन्हें क्यों खोला जा रहा है। पार्षद किरण वाला की अगुवाई में महिलाओं ने कड़ा विरोध किया। इस मौके पर डॉ. भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी संतोखगढ़ के उपाध्यक्ष सुलिंद्र चोपड़ा, वाल्मीकि यूथ एकता ऊना के अध्यक्ष अमित वाल्मीकी, नव बैंस, बलराम महे, सीनियर सिटीजन जगमोहन सिंह बालिया आदि मौजूद रहे।

### 11 से 15 तक होगा अमृत धारा प्रकट दिवस

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने बताया कि चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में हर साल आगामी 11 से 15 अप्रैल तक महात्मा ज्योतिवा फुले, अमृत धारा प्रकट दिवस, डॉ. भीम राव अंबेडकर जन्मदिवस को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। चरण छोह गंगा का इतिहास गुरु रविदास महाराज से जुड़ा हुआ है। गुरु महाराज की शक्ति द्वारा यहां पर लोगों की मांग पर पानी की समस्या को दूर किया गया था। प्राचीन समय से लेकर आज दिन तक यहां गंगा रूपी अमृतधारा निरंतर चल रही है। इसमें विभिन्न राज्यों सहित देश-विदेश के श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं तथा चरण छोह गंगा में स्नान कर अपने आप को धन्य मानते हैं।

### शिक्षकों का नई शिक्षा नीति से करें युक्तिकरण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा, महासचिव संजीव ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, ऊना जिले के प्रधान देवेंद्र सिंह, महासचिव शशि सैनी एवं लेक्चरर संघ के अन्य नेताओं ने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षकों का युक्तिकरण नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किया जाए। उन्होंने बताया कि युक्तिकरण के नियमों में सुधार करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में छात्र शिक्षक अनुपात 60 :1 है, जबकि नई शिक्षा प्रणाली में शिक्षक छात्र अनुपात 30:1 है। लेक्चरर संघ ने मांग की है कि युक्तिकरण की प्रक्रिया को नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत ही लागू किया जाए। लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान लोकेंद्र नेगी, प्रांतीय प्रेस व संगठन सचिव राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि युक्तिकरण की प्रक्रिया को सत्र के मध्य से शुरू न कर सत्र शुरू होने से पहले लागू किया जाए। शैक्षणिक सत्र के बीच युक्तिकरण की प्रक्रिया अगर शुरू होती है, तो इससे छात्रों का नुकसान होगा। राजन शर्मा ने बताया कि इस बारे में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भी आग्रह किया गया था। उन्होंने इस बारे में सहमति व्यक्त की थी, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### जातिवाद को बढ़ावा देने वालों पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान एवं राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन के राज्य महासचिव राज व अमित दोधी राज्य अध्यक्ष महार्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को जातिप्रथा पर ज्ञापन सौंपा। डीसी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में जातिवाद के एक मामले का जिक्र किया गया इसमें जिला ऊना की तहसील बंगाणा के गांव नायली में पंडित प्रकाश चंद शर्मा के साथ उसके गांव के लोगों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के मुद्दे को उठाया गया है। बताया गया कि पंडित राम प्रकाश शर्मा पुत्र उधो राम जो समाजसेवक हैं और अपनी एंबुलेंस चलाकर समाज को सेवा दे रहे हैं। पंडित प्रकाश चंद शर्मा ने अपनी मलकीयत भूमि, जो कि सांझी मुस्तरका है उस पर एक मंदिर बना रखा है, जिसमें बाबा पहाड़िया, सुभाष चंद्र बोस, अपने माता-पिता व गुरु रविदास महाराज की मूर्ति स्थापित कर रखी है। इसके चलते जब करीब एक महीना पहले गुरु रविदास महाराज की मूर्ति स्थापित की, तो पंडित प्रकाश चंद शर्मा के मोहल्ले के कुछ शरारती तत्वों ने विरोध करना शुरू कर दिया। शरारती तत्वों का कहना है कि यहां से रविदास की मूर्ति हटाओ। दीवार करने की सलाह देकर भंडारा करने को कहा है। इस 12 अप्रैल को मूर्ति स्थापित करने को लेकर भंडारा होगा। इस भंडारे के दौरान किसी भी प्रकार का झगड़ा या सामाजिक भेदभाव न हो, इसमें प्रशासनिक तौर पर आयोजकों ने प्रशासन से सहयोग की गुहार लगाई है।

# ठेकेदारों की मेहनत का सही मूल्य नहीं चुका रही सरकार : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- ठेकेदार अपनी मशीनरी बेचने पर मजबूर हो रहे हैं

ऊना में ठेकेदारों के भुगतान में हो रही देरी के मुद्दे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने उनका समर्थन करते हुए राज्य की सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि सुक्खू सरकार ने ठेकेदारों से टेंडर लेकर काम तो करवा लिया, लेकिन जब कार्य पूरा हो गया, तब सरकार ठेकेदारों को भुगतान करने से बच रही है। इस कारण ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि ठेकेदारों ने बैंकों से कर्ज लेकर अपनी मशीनरी खरीदी है और योजनाओं के तहत कार्य पूरा किया है, अब जब कार्य पूरा हो चुका है, तो सरकार ठेकेदारों का भुगतान क्यों नहीं कर रही है। इस स्थिति में ठेकेदार और उनकी लेबर दोनों ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

भुट्टो ने कहा कि जब ठेकेदारों का भुगतान नहीं होगा, तो उन्हें अपने परिवारों और मजदूरों का भरण-पोषण करने में मुश्किलें आ सकती हैं। भुट्टो ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया कि वह ठेकेदारों की मेहनत का सही मूल्य नहीं चुका रही है। ठेकेदार अपनी मशीनरी बेचने पर मजबूर हो रहे हैं, ताकि वे अपने कर्मचारियों का भुगतान कर सकें। इसके बावजूद, ठेकेदारों को लगातार दबाव का सामना करना पड़ रहा है और वे मजबूर हो रहे हैं कि वे भूख-हड़ताल जैसी कठोर कार्रवाई करें।

### सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन लता मंगेशकर कलाकेंद्र, समूर कलां में आरंभ हो गए हैं। पहले दिन ऊना जिले के विभिन्न उपमंडलों से आए कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक मंच पर सुर, लय और भाव की त्रिवेणी का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। डीसी जतिन लाल ने जानकारी दी कि ऑडिशन 8 से 10 अप्रैल तक प्रतिदिन 11 बजे से आयोजित होंगे। नामी कलाकारों, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा प्रसिद्ध कलाकारों को ऑडिशन से छूट दी गई है, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों के लिए ऑडिशन में भाग लेना अनिवार्य है। इच्छुक कलाकार एसडीएम कार्यालय, हरोली में अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। अथवा स्टेट लेवल हरोली उत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर ईमेल के माध्यम से आवेदन भेज सकते हैं। इस बार हरोली उत्सव को विशेष बनाने के लिए एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

# बेरोजगार युवाओं व महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी प्रियंका चौधरी

**विनोद कुमार, लठियाणी**



- मशरूम बेचकर 20 से 25 हजार रुपए प्रति महीना लाभ कमा रहीं

मशरूम को बेचकर प्रियंका चौधरी अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही है।

ये स्वयं मशरूम उगाकर बेच रही थी, लेकिन कारोबार करने में कई प्रकार की समस्याएं आने के बावजूद यह अपने कार्य को लगातार करने के लिए संघर्ष करती रही, क्योंकि मशरूम के पैदावार करने के लिए समय का अभाव होने के कारण प्रियंका चौधरी ने मशरूम के पैदावार वालों से संपर्क कर अपने व्यापार को लगातार बढ़ाने के लिए बस के माध्यम से अलग-अलग शहरों एवं गांवों में जाकर बेचने का कार्य करती रही, लेकिन बस के द्वारा व्यापार करने में समय बहुत ज्यादा लग जाता था, जिससे स्कूटी के माध्यम से व्यवसाय को बढ़ाया। प्रियंका चौधरी मशरूम लेने के लिए नादौन, रंगस, टाहलीवाल, बड़सर आदि से चार या पांच प्रतिशत कमीशन पर जिला ऊना, मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर व रिवालसर, नेरचौक, सुंदरनगर एवं कई गांवों में मशरूम बेचकर लगभग 20 से 25 हजार रुपए प्रति महीना लाभ हो रहा है। 30 वर्षीय प्रियंका चौधरी रैली जजरी की निवासी हैं। यह सुबह घर का काम करने के उपरांत सात-आठ बजे घर से अपने कार्य के लिए स्कूटी के माध्यम से मशरूम बेचती हैं। प्रियंका चौधरी से युवाओं एवं महिलाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए कि जीवन में चुनौतियों का सामना करते हुए स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनें। (अनंत ज्ञान)

### गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के रामपुर और टकारला गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन मंडियों में गेहूं खरीद प्रक्रिया 15 जून तक चलेगी। कृषि उपज मंडी समिति ऊना के सचिव भूपेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि रामपुर और टकारला क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। गेहूं की सफाई के लिए मशीनों की मरम्मत भी करवा ली गई है, लेकिन अभी तक गेहूं की फसल तैयार नहीं हो पाई है, जिससे राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेहूं मंडियों में आवक शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गेहूं खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। टोकन बुक करने के उपरांत किसान अपनी गेहूं को निर्धारित समय और तिथि के अनुसार इन मंडियों में बेच सकते हैं।

**निरीक्षण** वन काटुओं और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष दस्ते का गठन

# बल्ह खालसा जंगल को सील करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**




ऊना के जिला वन पर्यवेक्षक अधिकारी यानि डीएफओ सुशील राणा ने बल्ह खालसा के सरकारी जंगल में अवैध कटान और आगजनी की बढ़ती घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान दिया।

इस सिलसिले में उन्होंने मगंलवार को सुबह कुटलैहड़ के बल्ह खालसा के सरकारी जंगल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अवैध कटान के ठूंड और खैर के चार दर्जन से ज्यादा मोच्छों को बरामद किया। इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि जंगल के भीतर अवैध कटान और आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो वन्यजीवों और पर्यावरण के लिए खतरे का संकेत हैं। डीएफओ ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और फॉरेस्ट अधिकारियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा की। उनके इस कदम ने न केवल अवैध कटान को रोकने की दिशा में अहम योगदान दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि स्थानीय समुदाय को इस मुद्दे की गंभीरता समझ में आए। डीएफओ ने बताया कि जंगल के भीतर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डीएफओ ने बल्ह खालसा जंगल को चारों ओर से सील करने का आदेश दिया, ताकि अवैध गतिविधियां और आगजनी को नियंत्रित किया जा सके। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया और संबंधित फॉरेस्ट अधिकारियों को जंगल के चारों ओर गहरी निगरानी रखने के निर्देश दिए। जंगल के आसपास निगरानी बढ़ाने से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जंगल में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि न हो, जिससे वन्यजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचे। डीएफओ की पहल के तहत एक विशेष दस्ता भी तैयार किया गया, जो जंगल में अवैध कटान करने वालों और आगजनी करने वालों की धड़पकड़ के लिए काम करेगा। इस दस्ते को जंगल में तैनात किया गया है, ताकि उन अपराधियों को पकड़ा जा सके, जो वन संसाधनों का अवैध रूप से दोहन कर रहे हैं। इस विशेष दस्ते के द्वारा जंगल में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

इस टीम के सदस्य जंगल में नियमित गश्त करेंगे और अवैध रूप से कटाई किए गए पेड़ों या किसी भी आगजनी की घटना पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। बंगाणा के बल्ह खालसा का जंगल, जो कि सरकार के संरक्षण में आता है, काफी समय से अवैध कटान और आगजनी की घटनाओं का शिकार बनता आ रहा था। यह घटना न केवल वन्यजीवों के लिए खतरे की घंटी थी, बल्कि इसने पर्यावरण संतुलन को भी नुकसान पहुंचाया था। जंगल में आग लगने से वन्यजीवों का जीवन भी खतरे में पड़ गया था। डीएफओ सुशील राणा ने इन घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक योजना बनाई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

# पोषण पखवाड़ा अभियान शुरू




**अनंत ज्ञान, ऊना**

- 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ाः नरेंद्र कुमार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय से पोषण पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर्स और सहायिकाओं ने पोषण पखवाड़े पर आधारित एक जागरूकता रैली निकाली। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख विषयों पर जोर दिया जाएगा, जिसमें जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी, नागरिक मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मालन्यूट्रिशन (सीएमएएम) के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है। पोषण पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व और स्वस्थ भोजन की आदतों के बारे में जागरूक बनाना है। नरेंद्र ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान विभिन्न सामुदायिक गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे लोगों को जागरूक किया जाएगा।

इनमें पोषण भी, पढ़ाई भी (पीबीपीबी), बेहतर प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई), पोषण संबंधी जागरूकता के लिए जनजातीय, पारंपरिक, क्षेत्रीय और स्थानीय खानपान पद्धतियों पर जोर और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार (आईवाईसीएफ) संबंधी विधियों पर ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना शिव सिंह, जिला समन्वयक पोषण, मिशन शक्ति के सभी सदस्य, परियोजना ऊना की सभी पर्यवेक्षक और वृत्त ऊना, अरनियाला और रक्कड़ की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं।

## सोलन में कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 10 अप्रैल को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल नंबर 1 के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल को दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक नगर निगम सोलन, मैजिक मोमो, सर्कुलर मार्ग, विद्युत उपमंडल नंबर 1 तथा 2, ब्रह्मकुमारी आश्रम, लोक निर्माण विभाग कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय पर परिवर्तन किया जा सकता है।

## राजगढ़-नेरी सड़क की मरम्मत का कार्य आरंभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** लंबे अंतराल से खराब हालत में पड़ी राजगढ़-नेरी सड़क का मरम्मत कार्य आरंभ होने से लोगों में खुशी की लहर है। इस सड़क में बड़े-बड़े गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोक निर्माण विभाग द्वारा सोमवार से टारिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है और लोग राहत महसूस कर रहे हैं। 13 अप्रैल से आरंभ हो रहे राजगढ़ के प्रसिद्ध जिला स्तरीय शिरगुल देवता मेले से पहले यह कार्य पूरा होने की उम्मीद है। गौर रहे कि राजगढ़ से नेरी और रतौली से होकर सोलन जाने वाली यह सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में थी। विवेक शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अजय चौहान, आशा प्रकाश, विक्रम जेलदार, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योती साहनी, रामानंद ठाकुर, युथ कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर, राम किशन, सुधीर ठाकुर, अमन ठाकुर, आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओंने प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया।

## पच्छाद यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी का होगा विस्तार : विक्रम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पच्छाद में यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार कर पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान की जाएगी। यह बात पच्छाद यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने चुनाव के बाद राजगढ़ में आयोजित प्रथम बैठक में कही। विक्रम ठाकुर ने कहा प्रदेश में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बेहतरीन कार्य कर रहे हैं और प्रदेश आत्मनिर्भर होने के दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ में इस वर्ष के बजट सत्र में सरकार ने अग्निशमन केंद्र खोलने की घोषणा कर यहां की बहुत पुरानी मांग को पूरा किया है, साथ ही इसी वर्ष नगर पंचायत राजगढ़ में सीवरेज का कार्य आरम्भ किये जाने का प्रावधान भी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस पच्छाद की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष उजागर करती रहेगी और यहां के विकास को रुकने नहीं दिया जाएगा। बैठक में पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों का मार्गदर्शन भी लिया गया। बैठक में महासचिव केतन ठाकुर, अभिषेक कौंडल, राजेंद्र ठाकुर, विवेक शर्मा, विक्रम जैलदार, सुरेंद्र कमल, दिनेश, अनुज ठाकुर, राम किशन, रघुवीर, अरुण ठाकुर, मनीष, चंद्रमोहन शर्मा, सुनील तोमर, विकास कंवर, विशाल पुंडीर, अभय, प्रेम सागर, अजय ठाकुर, शुभम तोमर, चिराग वर्मा व शहरी युवा अध्यक्ष निशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अर्की।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अर्की क्षेत्र के लक्ष्य शिक्षण संस्थान व लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिवांकी, आईसीडीएस विभाग के पर्यवेक्षक राहुल, आशा कार्यकर्ता रमा देवी और कविता ने संस्थान का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम के तहत 'वो दिन' योजना के अंतर्गत बीएड प्रशिक्षुओं और स्कूली छात्रों से कुपोषण, एनीमिया और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर चर्चा की गई। डॉ. शिवांकी ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता बनाए रखने और संतुलित आहार के महत्व को सरल भाषा में समझाया। संस्थान के अध्यापकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## आदित्य ने पास की एनएमएमएस परीक्षा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ के छात्र आदित्य ने नेशनल मीन कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा पास कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल पूनम कालटा ने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा की उत्तीर्ण करने वाले छात्र को प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह कक्षा 9 से जमा दो तक मिलेगी। प्रिंसिपल पूनम कालटा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आदित्य की मेहनत, अध्यापक और माता-पिता के सही मार्गदर्शन से यह संभव हुआ है। उन्होंने आदित्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। स्कूल स्टाफ व अध्यापकों ने भी आदित्य को बधाई दी।

## अध्यापक के लगातार डेपुटेशन का किया विरोध


**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पीएम श्री हाई स्कूल सकोड़ी में गणित का अध्यापक पिछले करीब एक महीने से डेप्युटेशन पर रहा। इसके बाद इसी अध्यापक का फिर डेप्युटेशन करने के आदेश आने से स्कूल एसएमसी ने विरोध किया और स्कूल में शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित करने का जबरदस्त विरोध किया है। स्कूल एसएमसी ने इस बारे स्कूल में आपात बैठक का आयोजन किया। इसमें प्रधान राजेंद्र मेहता अमित चौहान पंकज ठाकुर सहित कई पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावशाली या विभाग से सांठ - गांठ रखने वाले शिक्षक अपनी मर्जी से मनचाहे स्थान पर डेप्युटेशन करवाते है यह डेप्युटेशन इसी तरह का उदाहरण है द्य स्कूल से टीजीटी नॉन मैडिकल शिक्षक की एक महीने से जिले के बाहर भरेरी में परीक्षा डियूटी लगाई गई और अब इसी अध्यापक का पेपर चैकिंग को डेप्युटेशन किया गया द्य इससे इस शिक्षा सत्र में विद्यार्थी गणित की स्कूल में पढ़ाई नहीं कर सके और इस विषय का शैक्षणिक कार्य चौपट हो गया है द्य उन्होंने शिक्षा विभाग से सवाल किया कि एक स्कूल से ही शिक्षक का क्यों डेप्युटेशन किया जा रहा है द्य एसएमसी ने विधिवत प्रस्ताव पारित करते हुए मुख्य अध्यापिका शिक्षा उप निदेशक सोलन से साफ किया है जब तक स्कूल में इस विषय का शिक्षक उनके स्थान पर तैनात न हो जाए तब तक लगातार डेप्युटेशन पर भेजे जा रहे शिक्षक को रिलीव न

# पांच अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार

## नशा तस्करों पर सोलन पुलिस की लगातार जारी है बड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नशा तस्करी के खिलाफ सोलन जिला पुलिस ने फिर से बड़ी सफलता हासिल की है। दो अलग-अलग घटनाओं में पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो मामले में मुख्य सप्लायर भी शामिल हैं। पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए चिट्टा की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने में कामयाबी हासिल की है। पिछले डेढ़ साल में जिला पुलिस ने बाहरी राज्यों के 125 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार कर 53 अंतर्राज्यीय नेटवर्क ध्वस्त किए हैं।



पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्कर।

पहली घटना में, 2 मार्च को जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई (एसआईयू) ने परवाणू क्षेत्र में गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। एक स्विफ्ट कार एचपी-63 डी-9903 को दात्यार के पास नाकाबंदी कर रोका गया, जिसमें शिमला के जुन्गा निवासी 37 वर्षीय कुलदीप कुमार और शिमला के ही मशोबरा निवासी 34 वर्षीय पलविंदर सिंह सवार थे। तलाशी में उनके पास से करीब 15 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार कर परवाणू थाने में मामला दर्ज किया गया और पुलिस रिमांड पर लिया गया।

पूछताछ में पता चला कि यह नशीला पदार्थ मनीमाजरा, चंडीगढ़ के 32 वर्षीय सुशील कुमार से 40 हजार रुपए में खरीदा गया था। इसके बाद 5 अप्रैल को तकनीकी जांच के आधार पर सुशील को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। सुशील के खिलाफ शिमला के बालूगंज थाने में पहले से एक नशा तस्करी का मामला दर्ज है। उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है।

दूसरी घटना में 3 अप्रैल को धर्मपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में सवार पंजाब के अमृतसर के रणगढ़ निवासी 28 वर्षीय सुखदेव सिंह उर्फ गुड्डी नशे की खेप ले जा रहा है। इस सूचना पर सनवारा टोल प्लाजा के पास बस को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें सुखदेव सिंह उर्फ गुड्डी के पास से 25 ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद हुआ। मामला दर्ज कर उसे रिमांड पर लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि वह यह खेप धर्मपुर, सोलन और आसपास के शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को सप्लाई करने की फिराक में था। उसने यह नशीला पदार्थ अमृतसर के 27 वर्षीय अवतार सिंह उर्फ काका से खरीदा था। 6 अप्रैल को सोलन पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अमृतसर से अवतार को गिरफ्तार कर लिया। उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

सोलन पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करते हुए पिछले डेढ़ साल में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से 125 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 119 बड़े सप्लायर और 9 नाइजीरियाई मूल के तस्कर शामिल हैं। इनके 53 अंतरराज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त कर हजारों युवाओं तक नशे की पहुंच रोकने में सफलता मिली है। इसके अलावा, 15 तस्करों की पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति भी अटैच की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सोलन के 3 पुलिस कर्मचारी डीजीपी डिस्क-2022 अवॉर्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन पुलिस के तीन पुलिस कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश द्वारा डीजीपी डिस्क-2022 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा, निष्ठा और अपराध नियंत्रण में शानदार कार्य के लिए दिया गया है।

एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक स्व. विनोद भगटा एएसआई इंटेलिजेंस एवं सुरक्षा शाखा में रहते हुए वीवीआईपी कार्यक्रमों व चुनावों के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन किया। एनडीपीएस, आबकारी व जुआ एक्ट के कई मामलों का सफल पर्दाफाश कर सराहनीय कार्य किया। यह अवार्ड स्व. विनोद भगटा की धर्मपत्नी को प्रदान किया गया। इसी तरह मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार विशेष जांच इकाई

**उपनिरीक्षक स्व. विनोद भगटा को मरणोपरांत मिला सम्मान**

सोलन में तैनात रहकर 2022 में एनडीपीएस व आबकारी एक्ट के अंतर्गत 50 से अधिक मामलों की सफल जांच की। चिट्टा, चरस, पॉपी हस्क व अवैध शराब की बड़ी बरामदगी की।

वहीं, मुख्य आरक्षी जगदीश कुमार साइबर सैल, सोलन में कार्यरत रहते हुए तकनीकी उपकरणों जैसे सीडीआर, आइपीडीआर व सोशल मीडिया विश्लेषण का उपयोग कर 50 से ज्यादा आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साइबर अपराध के कई मामलों की दक्षतापूर्वक जांच के लिए उन्हें साइबर इंवेस्टीगेटर बैंडेज से भी नवाजा गया है।

# कोणार्क ग्रुप ने मोक्ष धाम नाहन के विकास को दिए 2.51 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, नाहन**



विधायक अजय सोलंकी को चेक प्रदान करते कंपनी के प्रबंधक।

जय छहनाहन स्थित मोक्षधाम में एक गरिमामय अवसर पर कोनार्क ग्रुप्स, मोगीनंद (काला अंब) की ओर से 2.51 लाख की धनराशि दान स्वरूप प्रदान की गई। यह सहयोग कोणार्क ग्रुप के निदेशक ठाकुर रूपेंद्र सिंह ने विधायक अजय सोलंकी की उपस्थिति में मोक्षधाम समिति को अढ़ाई लाख का चेक भेंट किया।

इस अवसर पर विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि यह योगदान न केवल मोक्षधाम के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण को गति देगा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाएगा। ठाकुर रूपेंद्र सिंह का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने मोक्षधाम समिति के सभी सदस्यों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। कोणार्क ग्रुप के निदेशक ठाकुर रूपेंद्र सिंह ने कहा कि वह स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें मोक्षधाम जैसे पवित्र स्थल के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त हुआ।

भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहभागिता जारी रहेगी। मोक्षधाम समिति ने कोणार्क ग्रुप और विशेष रूप से ठाकुर रूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग मोक्षधाम के निर्माण एवं सुविधाओं के विस्तार में सहायक सिद्ध होगा। समिति ने विधायक सोलंकी के निरंतर मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए भी धन्यवाद प्रकट किया।

# पोषण ट्रैकर वेब ऐप से होगी पोषाहार की निगरानी : खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने राजकीय उच्च पाठशाला केन्ट नाहन में 8 से 22 अप्रैल तक चलाए जा रहे जिला स्तरीय 'सही पोषण-देश रोशन' पोषण पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जिला के सभी 6 बाल विकास परियोजनाओं मे चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 64 पर्यवेक्षक वृत्तों के 1486 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक एंव पौष्टिक पोषाहार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पोष्टिक पोषाहार के प्रति जागरूकता लाना है।

**सिरमौर जिले में 22 तक चलाया जाएगा विशेष पोषण पखवाड़ा**

उन्होंने बताया कि इस पोषण पखवाड़े के तहत बच्चों के जन्म से 1 हजार दिनों तक के नाजुक समय के दौरान विशेष ध्यान देने पर बल दिया जाएगा तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली पोषाहार सेवाओं की तकनीकी की सहायता से रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं को पोषण ट्रैकर वेब ऐप में पंजीकृत कर सकते हैं।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सिरमौर के डीसी।

उन्होंने बताया कि आजकल बच्चों में कम वजन की अपेक्षा अधिक वजन व मोटापा भी कुपोषण का कारण बन रहा है जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जन सहयोग लिया जाएगा तथा लोगों को हरी व पत्तेदार सब्जियां को आहार में शामिल करने तथा जंक फूड से परहेज करने बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा जो कि बच्चों व किशोरियों में खून की कमी की जांच करेंगे।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमिताभ जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी मोनिषा अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमा रेक्टा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष निशा राज, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर, आयुष अधिकारी डॉ. जयदीप, व मुख्य अध्यापिका केंट सीमा शर्मा उपस्थित रहे।

## डीसी ने केसों के शीघ्र निपटारे के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा की अध्यक्षता में लंबित वन संरक्षण अधिनियम एफसीए) प्रकरणों के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रयोक्ता संस्थाओं द्वारा वन विभाग के (परिवेश) पोर्टल पर आवेदित केसों के बारे में चर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रयोक्ता संस्थाओं को प्रमुखता से इन केसों के शीघ्र निपटान हेतु आदेश दिए, गया है उनको अगली बैठक से पहले पुनः सुचीबद्ध करने बारे भी निर्देश जारी किये गये ताकि केसों में आगामी कार्रवाई संबद्ध तरीके से की जा सके। इसके अलावा अन्य भी निर्देश दिए।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया भाग



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

भाजपा के राजगढ़ और पच्छाद मंडलों का सयुंक्त विशेष एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर में किया गया।

इस भव्य सम्मेलन की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने की। इस अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन महामंत्री अक्षय भरमौरी, विधायक रीना कश्यप, मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा तथा मंडल महामंत्री अरुण चौहान सहित पार्टी के सैकड़ों वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सम्मेलन में कांग्रेस छोड़कर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। इन कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे विधायक रीना कश्यप की कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। मीडिया प्रभारी विवेक प्लाहा ने जानकारी दी कि सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने की प्रतिज्ञा ली।

## कार्यकर्ता निष्ठा और समर्पण की भावना से करें कार्य : सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, राजगढ।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से निष्ठा और समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया है। सिरमौर जिले के संगड़ाह में ददाहु, संगड़ाह और नौहराधार भाजपा मंडलों के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री ने उक्त बाद कही। इस मौके पर सिरमौर भाजपा के जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने कहा कि रेणुका चुनाव क्षेत्र में यद्यपि संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है और इस चुनाव क्षेत्र में एक मंडल से तीन भाजपा मंडल गठित करने के उपरांत भाजपा को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस मौके पर रेणुका चुनाव से क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह ने केंद्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमोरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर, प्रताप तोमर, जिला परिषद की अध्यक्षता सीमा कल्याण, जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर, तीनों मंडलों के अध्यक्ष बलबीर ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर और भारत भूषण सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा दाड़ला मंडल ने किया सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा दाड़ला मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन दाड़लाघाट के झरना में किया गया। यह सम्मेलन मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, अर्की मंडल की अध्यक्षा रीना भारद्वाज तथा जयनगर मंडल अध्यक्ष राजेश महाजन की संयुक्त अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डालते हुए सक्रिय सदस्यों का मार्गदर्शन किया। इसके अतिरिक्त भाजपा सोलन जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पाल और पूर्व विधायक व वर्तमान विधानसभा प्रत्याशी गोविंद राम शर्मा की उपस्थिति ने सम्मेलन को और भी गौरवशाली बना दिया। इस दौरान सम्मेलन में सबसे ज्यादा अर्की भाजपा से सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने वाले राकेश ठाकुर, प्रतिभा कंवर,राज कुमार,राजेंद्र ठाकुर,भीम सिंह चौहान,संत राम को सम्मानित भी किया गया।

## नर्सिंग की छात्राओं ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएम नर्सिंग कॉलेज कुमारहट्टी ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के सहयोग से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर की देखरेख में बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का विषय था 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य, मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना'। प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने कहा कि यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है, साथ ही, महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने पर भी बढ़ावा देता है । अजय सिंघल रजिस्ट्रार एमएमयू, सोलन, डॉ. जेजी वोहरा नैक समन्वयक, डॉ. अमित रंजन तलवार, सीएमओ/एमएस, मनोरमा, नर्सिंग अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल, सोलन ने पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल सराहां में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर कक्षा 10वीं के छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी संदेश सभी को दिया। विद्यालय के कला अध्यापक अश्वनी सिंह तथा विज्ञान की अध्यापिका मिस हर्षिता की अगुवाई में अभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा चार्ट, स्लोगन बनाए गए। विद्यालय प्रबंधक महेंद्र पाल नेहरू स्कूल सलाहकार सुनंदा आर्या स्कूल की प्रधानाचार्य डा. रागिनी नेहरू भटनागर ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों को संदेश दिया कि सभी पौष्टिक आहार लें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य संजना शर्मा समस्त अध्यापक वर्ग तथा कर्मचारी वर्ग इस स्वास्थ्य दिवस पर विशेष रूप से उपस्थित रहा।

## हिमालयन ग्रुप में मेगा जॉब फेयर आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस, कालाअंब ने सरकारी और गैर-सरकारी पॉलिटेक्निक के पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए हिमालयन ग्रुप, कालाअंब के परिसर में मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया। इस जॉब फेयर का उद्घाटन हिमालयन ग्रुप, काला अंब के अकादमिक निदेशक डॉ. जोगिंदर सिंह नेएचजीपीआई के परिसर में किया। हिमाचल से चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, रोहड़ू, सुंदरनगर, बिलासपुर, पांवटा साहिब, सिरमौर के पॉलिटेक्निक के छात्र इस मेले में भाग लेने आए थे।

## छात्रा स्कॉलरशिप के लिए चयनित, किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल के पीएम श्री हाई स्कूल सकोड़ी की नौवीं कक्षा की छात्रा रिमशा भारद्वाज का नेशनल मिन्ज एंड मेरिट स्कॉलरशिप के लिए चयन होने पर स्कूल में समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य अध्यापिका पूनम शर्मा ने की। स्कूल स्टॉफ और एसएमसी पदाधिकारियों ने छात्रा की सम्मान दिया। मुख्य अध्यापिका ने कहा कि सम्मान समारोह का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शिक्षा में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित करना है।

# वर्ल्ड हेल्थ डे पर विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हेल्थी बिगिन्निन्स होपफुल फ्यूचर' नामक शीर्षक के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो अमर सिंह चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि, अनिल जैन, सचिन जैन व कॉलेज प्रधानाचार्य रीजी गीवर्घीज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित से की गई।



कार्यक्रम मे विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, सोलो सिंगिंग, रील मैकिंग, स्केच कंपीटिशन, मॉडल कंपीटिशन आदि प्रतियोगिता करवाई ई। कॉलेज प्रधानाचार्य रिजी गीवर्गीस ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व स्वास्थ्य को मानव जीवन का आधार मानने में है।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना है। मुख्यातिथि अमर सिंह चौहान ने इस दिन की महता बताई। अनिल जैन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता मे विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# कांसर में शहीद रोत्तम लाल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के धारटीधार इलाके की कांसर पंचायत के खेल मैदान में शहीद रोत्तम लाल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच नड़ासी और यंग भामडू के बीच खेला गया। यंग भामडू ने 39 रनों से यह मैच अपने नाम कर अगले दौर में प्रवेश किया।

**उद्घाटन मैच में यंग भामडू ने नड़ासी को दी मात**

इसके बाद दूसरा मैच एससीके बगना और लक ब्वॉय चांस के बीच हुआ, जिसमें एससीके बगना ने 45 रनों से जीत दर्ज की।इससे पूर्व बिरला पंचायत के पूर्व प्रधान सुनील शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजकों सहित पंचायत के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने आयोजक श्री दुर्गा नवयुवक मंडल को अपनी ऐच्छिक निधि से 31,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के संदेश दिया।

**तैयारी** इस वर्ष भी सभी विभागों के सहयोग से मेले का भव्य व सफल आयोजन किया जाएगा : मनमोहन

# 20 जून से आयोजित होगा राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिले का प्रसिद्ध राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला इस वर्ष 20, 21 व 22 जून को आयोजित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा इस संबंधित जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी विभागों के सहयोग से मेले का भव्य व सफल आयोजन किया जाएगा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि यह मेला इस वर्ष न केवल पारंपरिक रूप से और बेहतर हो अपितु अपने आयोजन में पूर्ण रूप से सफल भी रहे। उन्होंने कहा कि मेले में जगह-जगह आयोजित किए जाने वाले भंडारों के लिए उपमंडलाधिकारी सोलन से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष लड़कियों के लिए विभिन्न खेलों का अलग से आयोजन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि मेला अवधि में कानून एवं व्यवस्था तथा यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए जिला पुलिस निर्धारित योजना के अनुसार कार्य करेगी। सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से नजर रखी जाएगी। मेले के सफल आयोजन के लिए सभी सरकारी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सभी विभागों को योजना तैयार रखने और निर्धारित मानक प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए। मेला स्थल एवं सोलन शहर में भीड़ के दृष्टिगत सभी एहतियाती उपाय अपनाए जाएंगे। उन्होंने मेले के दौरान किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बैठक में सुरक्षा एवं अन्य उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की। सहायक आयुक्त सोलन नरेंद्र चौहान ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।



राज्य स्तरीय शूलिनी मेले को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।


**ये रहे मौजूद :** पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, सहायक आयुक्त सोलन नरेंद्र चौहान, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, उपमंडलाधिकारी नालागढ़ राजकुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार, नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त विमला सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## भव्य शोभायात्रा निकलेगी, प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

मेले में भव्य शोभायात्रा, प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मेले में स्वस्थ बेबी शो, फ्लावर शो, श्वान प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों को यथोचित स्थान एवं सम्मान दिया जाएगा। उपायुक्त ने मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, बेबी शो, श्वान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्मारिका प्रकाशन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई।

## परिवारवाद से घिरी है कांग्रेस पार्टी : बिंदल

**अनंत ज्ञान, सोलन/नाहन।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस को परिवारवाद से घिरी पार्टी करार दिया है। नाहन में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद डॉ. राजीव बिंदल पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरुआत से ही परिवारवाद से घिरी हुई है और गांधी परिवार के इर्द-गिर्द कांग्रेस की पूरी राजनीति चलती है जबकि दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसके लिए सिर्फ देश पहले है।



उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दलों पर परिवारवाद हावी है। राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार का यह कार्यकाल बेहद दुखद रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### वैध विक्रेता ही आवंटित वेंडिंग स्थानों से करें काम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम (एमसीसी) के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ स्थानीय सरकार एवं शहरी विकास सचिव मंदीप सिंह बराड़, आईएएस की अध्यक्षता में विक्रेताओं और प्रवर्तन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एमसीसी के संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग ने आयुक्त एमसीसी की उपस्थिति में प्रतिभागियों को शहर में स्ट्रीट वेंडर्स की वर्तमान स्थिति और स्ट्रीट वेंडर्स और वेंडिंग जोन की प्रभावी निगरानी के लिए नगर निगम द्वारा किए गए उपायों के बारे में जानकारी दी। नगर निगम द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं कि केवल वैध विक्रेता ही अपने आवंटित वेंडिंग स्थानों से काम करें, जैसे सख्त प्रवर्तन और वेंडिंग शुल्क का भुगतान न करने पर चालान और रद्द करना आदि। बैठक के दौरान, स्थानीय सरकार और शहरी विकास सचिव ने नगर निगम को एक महीने के भीतर शहर में 46 नामित वेंडिंग जोन में सभी साइटों की मार्किंग पूरी करने के निर्देश जारी किए। इसके अलावा, सभी सक्रिय स्ट्रीट वेंडर्स को स्मार्ट आईडी कार्ड प्रदान करने के निर्देश जारी किए गए, जिसमें स्पष्ट रूप से उनके आवंटित वेंडिंग साइट्स को दर्शाया गया है, जो वास्तविक समय के डेटा पर काम कर रहे हैं, जिसमें बढ़ी हुई सुरक्षा विशेषताएं हैं, ताकि इसे जाली या कॉपी न किया जा सके।

### हरियाणा के 18 छात्र साक्षात्कार में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी) ने जुलाई 2025 में शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए कॉलेज ज्वाइन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। आरआईएमसी, 1922 में स्थापित एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जिसका लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना और भारतीय सेना के लिए भावी नेताओं को तैयार करना है। लिखित परीक्षा 1 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गई। इसके बाद 8 अप्रैल, 2025 को सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग, पंचकूला में साक्षात्कार आयोजित किया गया। इच्छुक उम्मीदवारों की मौखिक परीक्षा सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में राज्य चयन बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी। बोर्ड के अन्य सदस्यों में लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ गुप्ता, मेजर चिराग और एनसीसी (उच्च शिक्षा विभाग) के संयुक्त निदेशक डॉ. अजीत सिंह शामिल थे। आरआईएमसी लिखित परीक्षा में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने वाले हरियाणा के कुल 18 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार सत्र में भाग लिया।

### मोहित गुप्ता फाउंडेशन ने लगवाया चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मोहित गुप्ता फाउंडेशन ने ओमैक्स न्यू चंडीगढ़ की स्लैम कॉलोनी में एक निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 300 से अधिक गरीब लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक औषधियां प्रदान की गईं। कपूर डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांट सेंटर की ओर से डॉ. करण कपूर (एमडीएस), डॉ. जिज्ञासा शर्मा (बीडीएस), पुनी जोशी और पूजा ने लोगों की मौखिक जांच की। डॉ. करण कपूर ने कहा कि 'अगर भविष्य में स्लम क्षेत्र में डेंटल केयर की कमी है, तो हम मोहित गुप्ता फाउंडेशन के साथ पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे।' इस कैंप की सफलता में वकील राणा, प्रदीप सिंह राणा, युद्धवीर सिंह, आरुष वालिया और अनिष्का कुलेरिया ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।




### साउथ कोरिया में 3 जून को राष्ट्रपति चुनाव

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक नेता हान डक-सू ने मंगलवार को घोषणा की कि यून सुक येओल को राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के बाद इस पद के लिए चुनाव तीन जून को होंगे। यह घोषणा संवैधानिक न्यायालय की ओर से राष्ट्रपति यून सुक येओल को दिसंबर में 'मार्शल लॉ' लागू करने के मामले में पद से हटाए जाने के कुछ दिनों बाद की गई है। तीन जून के चुनाव में मुख्य मुकाबला दो प्रमुख राजनीतिक दलों यून की पीपुल्स पावर पार्टी और इसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच देखने को मिल सकता है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 1.2 किलोग्राम सोना जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक इराकी नागरिक को 1.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है। सोना सिल्वर कोटेड ज्वेलरी में लिपटा हुआ था। कस्टम अधिकरियों को संदेह है कि यह सोना हो सकता है। आरोपी बगदाद से दिल्ली आया था। इससे पहले मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने लगभग 17.89 करोड़ रुपए मूल्य की संदिग्ध कोकीन जब्त की थी। आरोपी नैरोबी से दोहा होते हुए मुंबई आया था। और एक यात्री को गिरफ्तार किया।

### ट्रंप ने नाटो में तैनात महिला एडमिरल को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने नाटो में तैनात यूएस एडमिरल शोशाना चैटफील्ड को हटा दिया है। शोशाना 2023 से नाटो में अमेरिका की सैन्य प्रतिनिधि थीं और नेवल वॉर कॉलेज की पहली महिला प्रमुख रह चुकी हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद सैन्य अधिकारियों की छंटनी जारी है। पिछले तीन महीने में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने 9 सीनियर सेना के अधिकारियों को हटाया है, जिनमें 4 महिलाएं थीं। चैटफील्ड की जगह अब ब्रिगेडियर जनरल शॉन फिलन को टेम्परेरी जिम्मेदारी दी गई है।

### अमेरिकी-रूसी दल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना



**मॉस्को।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक तथा रूस के दो अंतरिक्ष यात्री एक रूसी अंतरिक्ष यान पर सवार होकर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए। 'सोयुज बूस्टर' रॉकेट ने कजाकिस्तान स्थित बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से तय समय पर उड़ान भरी, ताकि नासा के जॉनी किम और रूस के सर्गेई रिझिकोव एवं एलेक्सी जुब्रित्स्की को ले जाने वाले 'सोयुज एमएस-27' को कक्षा में स्थापित किया जा सके। ये तीनों यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में करीब आठ महीने बिताएंगे। नासा ने कहा कि किम भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए चालक दल को तैयार करने और पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने में मददगार वैज्ञानिक अन्वेषण करेंगे।

## राव नरबीर ने जीएमडीए व नगर निगम अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, बोले-

# बरसात में जलभराव की रोकथाम के लिए पहले से ही व्यवस्थाएं कर लें पूर्ण

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मंगलवार को गुरुग्राम में आगामी मानसून से पूर्व शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर नगर निगम गुरुग्राम व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरुग्राम में आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, अतिरिक्त निगम आयुक्त वाईएस गुप्ता सहित जीएमडीए के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के दौरान अतिवृष्टि एवं जलभराव की रोकथाम के लिए पहले से ही समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी ड्रेनेज व सीवरेज की सफाई, मानसून से पूर्व निर्धारित समयावधि में पूरे की ली जाए। जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर के नालों का सफाई कार्य प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने नगर निगम व जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी तीन साल में जलभराव की निकासी के लिए पंप व्यवस्था से हटकर स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़े। बरसात के समय ग्रीन बेल्ट में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कैबिनेट मंत्री ने सुझाव देते हुए कहा कि जीएमडीए के अधिकारी चिन्हित स्थानों पर ट्रायल के तौर पर एक निश्चित चौड़ाई का गड्ढा बनाकर, उसमें जमीन स्तर से एक फुट ऊपर तक ईंटों से भरवाना सुनिश्चित करें। इससे कम खर्च में एक तरफ जहां प्राकर्तिक रूप से जलस्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह ठीक होगा। राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में यमुना को साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गुरुग्राम के ड्रेनेज सिस्टम में फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त पानी नहीं गिरना चाहिए। अधिकारियों द्वारा दिल्ली क्षेत्र में नजफगढ़ ड्रेन की डिसिल्टिंग के विषय पर उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस दिशा में दिल्ली सरकार से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि शहर में चल रहे सड़क मरम्मत कार्य के दौरान साथ लगते नालों की सफाई नहीं की जा रही, जिससे मानसून के समय नालों के ओवरफ्लो होने से सड़क को पुनः क्षति पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर नालों के होल्स सड़क के स्तर से ऊंचे होने के कारण रिहायशी स्थानों पर जलभराव को स्थिति बनती है।

कैबिनेट मंत्री ने बैठक में अन्य मुद्दे जैसे नगर निगम गुरुग्राम से जल शुल्क का भुगतान, एमसीजी द्वारा अंडरपास की सफाई, कॉलोनियों में सीधा कनेक्शन, बूस्टिंग स्टेशन तक जाने वाली पाइप लाइन में सीधा कनेक्शन, अनधिकृत क्षेत्रों में पानी पर नियंत्रण, सड़क की नालियों में स्ट्रीट स्वीप का डंपिंग, सेक्टरों के मुख्य नाले के साथ आंतरिक नाले की कनेक्टिविटी आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस गरीबों की हमदर्द बनने का कर रही नाटक : मल्होत्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष लक्की द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की मामूली वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से भ्रामक, खोखले और राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित हैं।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कभी भी गरीबों की चिंता नहीं की। आज जब केंद्र सरकार गरीबों के लिए योजनाएं लागू कर रही है, तब कांग्रेस सिर्फ आलोचना कर रही है, क्योंकि उसे गरीबों का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि उन्हें वोट बैंक बनाए रखना आता है।

मल्होत्रा ने कहा लक्की जी, आप शायद भूल गए होंगे, लेकिन जनता को अब भी अच्छे से याद है कि कांग्रेस के समय में गैस सिलेंडर लेना किसी आम आदमी के लिए सपने जैसा था। लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता था, नेताओं और सांसदों के पास सिफारिशें लेकर जाना पड़ता था, तब कहीं जाकर सिलेंडर या कनेक्शन मिलता था। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने वर्ष 2024-25 में 41,300 रुपए करोड़ की राशि केवल एलपीजी सब्सिडी के माध्यम से गरीबों तक राहत पहुंचाने में खर्च की है। इतना ही नहीं, 2025 के बजट में भी उज्ज्वला योजना और सीधी सब्सिडी ट्रांसफर के तहत गरीबों को पूरी सहायता जारी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि योजनाओं की घोषणा करना, लेकिन जमीनी स्तर पर गरीब को कुछ न देना। इसके उलट भाजपा सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया। उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला और वे भी बिना किसी सिफारिश या भ्रष्टाचार के। 50 रुपए की वृद्धि को लेकर कांग्रेस जिस प्रकार से हो-हल्ला मचा रही है, वह केवल एक राजनीतिक स्टंट है। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि यह वृद्धि वैश्विक ऊर्जा बाजार के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए की गई है, जबकि गरीबों के लिए सब्सिडी का पूरा प्रावधान अब भी मौजूद है। उन्होंने कहा कि लक्की जवाब देंगे कि कांग्रेस बताए कि जब वह सत्ता में थी, तब कितने घरों तक मुफ्त या सब्सिडी वाला सिलेंडर पहुंचा है? क्या कितनी महिलाओं को धुएं से राहत मिली? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर थोड़ी भी शर्म बची है तो वह जनता से माफी मांगे।

## सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स (पीजीजीसीजी) सेक्टर-11, चंडीगढ़ का 66वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसमें चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, आईएएस मुख्यातिथि मौजूद रहे। सत्र 2023-24 के दौरान 1050 से अधिक छात्रों ने अपना स्नातक और स्नातकोत्तर पूरा किया।

इस अवसर पर कॉलेज के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के 80 से अधिक छात्रों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। पंजाब विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 10 छात्रों को पदक से सम्मानित किया गया और 19 छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मुख्यातिथि द्वारा रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने अपने संबोधन में स्नातकों और स्नातकोत्तरों को बधाई दी और उन्हें आशा, सफलता और सकारात्मक बदलाव से भरा भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उनसे उन लोगों के प्रति आभारी रहने का आग्रह किया, जो इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनके समर्थन के स्तंभ रहे हैं। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को नई पीढ़ी के विचारों और उनकी ऊर्जा की आवश्यकता है,



इसलिए स्नातक युवाओं को साहसी, अभिनव होना चाहिए, उत्कृष्टता का पीछा करना चाहिए और मूल्यों को बनाए रखना चाहिए। पीजीजीसीजी-11 की प्राचार्य प्रो. अनीता कौशल ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और शैक्षणिक, खेल और अन्य सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में छात्रों की शानदार उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने अनुसंधान में संकाय के योगदान को भी रेखांकित किया। प्राचार्य ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीजीजीसीजी-11 ने पंजाब विश्वविद्यालय जोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल में लगातार ग्यारहवें वर्ष ओवरऑल ट्रॉफी जीती है।

## मात-पिता मंदिर में 'मात-पिता पूजन दिवस' 10 अप्रैल को

# रंग भरने की प्रतियोगिता के विजेता होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मोहाली जिले के बनूड़-अंबाला रोड पर खल्लौर गांव में दुनिया के पहले और एकमात्र निर्माणाधीन मात-पिता मंदिर में 10 अप्रैल को 'मात-पिता पूजन दिवस' धूमधाम से मनाया जाएगा।

इसमें स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज मुख्यातिथि होंगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू विशिष्टातिथि होंगे। एसबीएस और हारमनी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष धर्मपाल बंसल और अग्रोहा विकास ट्रस्ट पंजाब के मुख्य संरक्षक शाम लाल सिंगला विशेषातिथि होंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए माता-पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गोचर दास ज्ञान चंद वालिया ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय गो कथा वाचक के चंद्रकांत अपने प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे तथा भजन गायक प्रवीन वाधवा अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत नंदिनी गो महायज्ञ के साथ होगी, जिसके बाद माता-पिता पूजन होगा। इस अवसर पर रंग भरने की प्रतियोगिता



के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। संस्कार ज्योति द्वारा रंग भरने की प्रतियोगिता फरवरी में स्कूली स्तर पर भावी पीढ़ी में माता-पिता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने की एक अनूठी पहल के तहत शुरू की गई थी। हमारे युवा मन में संस्कारों के बीज बोने की इस पहल के तहत 11 स्कूलों को चित्र सौंपे गए, जिसमें छात्रों को उनके माता-पिता और शिक्षकों की मदद से चित्र के पीछे की कहानी को समझते हुए चित्रों में रंग भरने और 3-5 पंक्तियों में विवरण लिखने के लिए कहा गया था।

## देश-विदेश

## सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश को किया खारिज

# अतिरिक्त शिक्षक पदों की सीबीआई जांच नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल कैबिनेट की ओर से अतिरिक्त पदों के सृजन के फैसले की सीबीआई जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के एक हिस्से को खारिज कर दिया।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति के अन्य पहलुओं के संबंध में सीबीआई जांच जारी रहेगी। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने साफ किया कि 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े अन्य पहलुओं की सीबीआई जांच जारी रहेगी।

### अदालतों का काम 'मोरल पुलिसिंग' नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जैन मुनि तरुण सागर का मजाक उड़ाने के लिए राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि अदालतों का काम 'नैतिकता की ठेकेदारी' करना नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के 2019 के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पूनावाला और संगीतकार तथा गायक विशाल ददलानी को जुर्माना भरने का निर्देश दिया था।

### ईडी ने की करुवन्नूर बैंक धनशोधन मामले में माकपा सांसद राधाकृष्णन से पूछताछ

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक में कथित अनियमितताओं की जांच के तहत मंगलवार को केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सांसद के. राधाकृष्णन से पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले में अपना बयान देने के लिए अलाथुर लोकसभा सीट से 60 वर्षीय सांसद यहां संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय में पेश हुए। सांसद को पिछले महीने तलब किया गया था, लेकिन दिल्ली में पिछले सप्ताह समाप्त हुए संसद सत्र के दौरान अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए उन्होंने बयान देने के लिए और समय मांगा था।

## जेएंडके विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान एनसी और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई भी हुई। इससे पहले सोमवार को एनसी के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक एनसी विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। एनसी समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

### वक्फ संशोधन कानून को लेकर मणिपुर में हिंसक प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले के मुस्लिम बहुल लिलोंग इलाके में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पूर्व जिले में भी चौकसी बढ़ा दी गई है, जहां मंगलवार को खुरई खुमीदोक बाजार में कानून के विरोध में मानव श्रृंखला बना कर विरोध-प्रदर्शन किए जाने की योजना है।

## सीडब्ल्यूसी मीटिंग : आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ थे सरदार पटेल: मल्लिकार्जुन खड़गे

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**गुजरात** के अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई सीनियर नेता मौजूद हैं।

पहले दिन मंगलवार को खड़गे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि



पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी और यह हास्यास्पद है कि आज इस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत पर दावा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि आज सांप्रदायिक विभाजन के जरिये देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाया जा रहा है और सामंती एकाधिकार संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने की राह पर हैं।

## चीन का ट्रंप की 50 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी पर पलटवार, कहा- ट्रेड वॉर हुआ तो हम हैं तैयार

**एजेंसी, बीजिंग**

**अमेरिका** और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वॉर की संभावना बढ़ गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34 फीसदी टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। इसे लेकर चीन ने कहा कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। चीन ने कहा कि 'अगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है और इससे और मजबूत होकर निकलेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने एक टिप्पणी में लिखा कि अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा।'

# जर्मनी को पछाड़कर पवन और सौर ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने एक और कीर्तिमान रच दिया है। दरअसल भारत, जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरा सबसे बड़ा सौर और पवन ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। चीन पहले और अमेरिका दूसर बना पर बना हुआ है।

ग्लोबल एनर्जी थिंक टैंक एंबेर ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू के छठे संस्करण की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। रिपोर्ट में बताया कि भारत ने साल 2024 में दुनिया के कुल सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन का 15 प्रतिशत उत्पादन किया। नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा सहित कम कार्बन वाले स्रोतों को मिलाकर साल 2024 में दुनिया की 40.9 प्रतिशत बिजली का उत्पादन हुआ। साल 1940 के बाद पहली बार हुआ, जब परमाणु ऊर्जा उत्पादन ने 40 प्रतिशत का आंकड़ा पार किया। भारत में, स्वच्छ स्रोतों से 22 प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन हुआ। इसमें से जलविद्युत ऊर्जा ने सबसे अधिक 8 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि पवन और सौर ऊर्जा ने मिलकर 10 प्रतिशत का योगदान दिया। वैश्विक स्तर पर, साल 2024 में रिकॉर्ड 858 टेरावाट घंटे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हुआ, जो कि साल 2022 में पिछले रिकॉर्ड से 49 प्रतिशत अधिक है।

**दुनिया में बढ़ रहा स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन**

### लगातार बढ़ रहा सौर ऊर्जा का उत्पादन

**सौर** ऊर्जा लगातार तीसरे वर्ष बिजली का सबसे बड़ा स्रोत रही, जिसने 2024 में 474 टीडब्ल्यूएच जोड़े। यह लगातार 20वें वर्ष सबसे तेजी से बढ़ने वाला बिजली स्रोत भी रहा। केवल तीन वर्षों में, वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन दोगुना होकर कुल बिजली उत्पादन का 6.9 प्रतिशत हो गया। भारत में भी सौर ऊर्जा में तेजी से वृद्धि देखी गई। 2024 में सौर ऊर्जा ने देश की बिजली में 7 प्रतिशत का योगदान दिया और साल 2021 से उत्पादन बढ़कर दोगुना हो गया।

## सेंसेक्स 1135 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी 374 अंक का आया उछाल

**एजेंसी, मुंबई**



**सोमवार** को 3 फीसदी की गिरावट के बाद शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। सेंसेक्स 1135 अंक या 1.55 फीसदी चढ़कर 74,273 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 374 अंक या 1.69 फीसदी की तेजी रही और यह 22,535 के स्तर पर बंद हुआ है। आज के कारोबार में मीडिया, रियल्टी और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी दिखी।

निफ्टी मीडिया इंडेक्स 4.72 फीसदी चढ़ा। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स करीब 2.50 फीसदी चढ़े। एफएमसीजी, आईटी और ऑटो में करीब 2 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 6 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। वहीं, हांगकांग के इंडेक्स में 1.51 फीसदी की तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि कई देश टैरिफ पर बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। इससे ट्रेड वॉर टेंशन थोड़ी कम हुई है।

### मणिपुर के इंफाल में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल पूर्व में तलाशी अभियानों के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके)' के एक सक्रिय काडर को इंफाल पूर्व के पेबिया पनफी से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के केराओ वांगखेम से 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके) के एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान



**एजेंसी, लिस्बन**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान से नवाजा गया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने उन्हें यह सम्मान दिया। राष्ट्रपति ने लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लिस्बन अपने खुले विचारों, संस्कृति, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। मुर्मू ने कहा कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी बदलाव, इनोवेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल संक्रमण के मामले में सबसे आगे है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
201




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
10



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
16

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 03 | 03 | 00 | 06 |
| 2. | गुजरात | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 3. | बेंगलुरु | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 4. | पंजाब | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 6. | लखनऊ | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 7. | राजस्थान | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 8. | मुंबई | 05 | 01 | 04 | 02 |
| 9. | चेन्नई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 05 | 01 | 04 | 02 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### जयवर्धने बोले- सहज नजर आ रहे हैं जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण तीन महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी पर सहज नजर आ रहे हैं और उनके शामिल होने से टीम के आक्रमण को मजबूती मिली है। बुमराह ने पीठ की चोट के कारण इस साल जनवरी से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। भारतीय टीम के उनके साथी विराट कोहली ने मिडविकेट पर छक्का जड़कर उनका स्वागत किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। मुंबई की टीम यह मैच 12 रन से हार गई थी। जयवर्धने ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने मैच के बाद उनसे बात की और वह अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। वह निराश भी हैं, क्योंकि वह वापसी पर टीम को जीत दिलाना चाहते थे। उनकी गति अच्छी है और वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।'' जयवर्धने ने बुमराह को देर से गेंदबाजी के लिए बुलाने के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा, ''उनके आने से हमारे पास अधिक विकल्प हो गए हैं। हमारे पास दो स्विंग गेंदबाज हैं और हमें सबसे पहले उन्हें वह मौका देना होगा। बूम (बुमराह) तीन महीने बाद वापसी कर रहे हैं और हम उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का माहौल देना चाहते थे।''

### आलिया रियाज खूबसूरत अंदाज में

**पाकिस्तान।** पाकिस्तानी क्रिकेटर टीम की स्टार प्लेयर आलिया रियाज अक्सर अपने खेल के अलावा खूबसूरती की वजह से भी चर्चा में रहती है। आलिया की सादगी का हर कोई कायल है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



### राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के लिए भेजा अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिए अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है, जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा,''अधिकांश स्थानीय टीमों के पास फिजियो या मेडिकल स्टाफ नहीं होता, लेकिन हमारे राष्ट्रीय खिलाड़ियों को पेशेवर ढांचे की आदत है । हमारा लक्ष्य चोटों से बचाव करना और खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये माहौल देना है।'' उन्होंने कहा,''एफआईएच प्रो-लीग को देखते हुए यह जरूरी है कि खिलाड़ियों का प्रबंधन सही तरीके से हो । अनावश्यक जोखिम से बचाव हो और रिकवरी जल्दी हो।'



## आईपीएल पूरन ने बनाए नाबाद 87 रन, मार्श की फिफ्टी

# लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया



शॉट खेलते मिचेल मार्श।

**एजेंसी, कोलकाता**

लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर 4 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यह कोलकाता की उसके घरेलू मैदान पर लगातार दूसरी जीत है। टीम को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 विकेट से हराया था।

मंगलवार को ईडन गार्डंस स्टेडियम में 239 रन का टारगेट चेज कर रही कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रिंकू सिंह 15 बॉल पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 61 और वेंकटेश अय्यर ने 45 रन बनाए। दोनों ने 40 बॉल पर 71 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटते हुए कोलकाता की टीम बिखर गई। आकाश दीप और शार्दूल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। निकोलस पूरन 36 बॉल पर 87 रन बनाकर नाबाद बनाए। मिचेल मार्श ने 81 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ऐडन मार्करम ने 47 रन बनाए। हर्षित राणा ने 2 विकेट झटके। एक विकेट आंद्रे रसेल को मिला।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाएंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मार्करम ब. राणा | 47 | 28 | 4/2 |
| मार्श क.रिंकू ब. रसेल | 81 | 48 | 6/5 |
| पूरन (नाबाद) | 87 | 36 | 7/8 |
| समाद ब. राणा | 06 | 04 | 1/0 |
| मिलर (नाबाद) | 04 | 04 | |
| अतिरिक्त | 13 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 238/3 | | |

**विकेट पतन :** 1-99, 2-170, 3-221.
**गेंदबाजी :** अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, वरुण 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, सुनील 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा दिग्वेश | 15 | 09 | 0/2 |
| सुनील क. मार्करम ब. दिग्वेश | 30 | 13 | 4/2 |
| अय्यर क. मार्करम ब. दीप | 45 | 29 | 6/1 |
| रमनदीप क. मार्करम ब. बिश्नोई | 01 | 02 | 0/0 |
| रघुवंशी क. पंत ब. आवेश | 05 | 04 | 1/0 |
| रसेल क. मिलर ब. आवेश | 07 | 04 | 0/1 |
| रिंकू (नाबाद) | 38 | 15 | 6/2 |
| राणा (नाबाद) | 10 | 09 | 2/0 |
| अतिरिक्त | 22 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 234/7 | | |

**विकेट पतन :** 1-37, 2-91, 3-162, 4-166, 5-173, 6-,177 7-185.
**गेंदबाजी :** आकाश 4-0-55-2, शार्दूल 4-0-52-2, आवेश 4-0-45-1, दिग्वेश 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1.

# प्रियांश का 39 गेंदों में शतक पंजाब किंग्स का बड़ा स्कोर




शॉट खेलते प्रियांश आर्य।

**एजेंसी, मोहाली**

इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को दूसरा मैच पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग-11 नहीं बदली।

ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्य आज पूरे रंग में दिखे और उन्होंने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए महज 39 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। हालांकि उसके बाद वह 103 रन बनाकर आउट हो गए। प्रभसिमरन सिंह बिना खाता खोले ही आउट हो गए। वहीं, कप्तान श्रेयश अय्यर भी कुछ खास नहीं कर पाए और 9 रन बनाकर चलते बने। स्टोनिश (4) और नेहाल वढेरा (9) रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जानते तक पंजाब किंग्स ने 14 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 158 रन बना लिए थे। शंशांक सिंह (24) और जॉनसन (4) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## अंतिम एकादश में बहुत अधिक बदलाव नहीं करेंगे : माहेला

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक अपने पांच में से चार मैच हारे हैं, लेकिन मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने अंतिम एकादश में बहुत अधिक बदलाव करने से इनकार करते हुए कहा है कि वह सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



मुंबई की सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 12 रन की हार के बाद जब जयवर्धने से पूछा गया कि वह आगामी मैचों में क्या अंतिम एकादश में बदलाव करेंगे, उन्होंने कहा, ''वास्तव में नहीं। परिणाम भले ही हमारे अनुकूल नहीं रहे हैं लेकिन इसके साथ ही आपको यह स्वीकार करना होगा कि हमने कुछ अच्छी क्रिकेट खेली है।'' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैं अब भी सीनियर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने का समर्थन करूंगा। मैं उन सभी खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जिन पर हमने भरोसा दिखाया है। उनके पास कौशल है, लेकिन हमें थोड़ा अधिक निर्मम होने की जरूरत है।''

जयवर्धने ने कहा कि आठवें स्थान पर मौजूद मुंबई इंडियंस की अंतिम एकादश में नए चेहरों को लाना भी सही तरीका नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, ''हारना कोई अच्छी बात नहीं है। इससे आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते हैं और कभी-कभी एक नए चेहरे को इस तरह की स्थिति में टीम में लाना, अनुभव के बिना उस (खिलाड़ी) के लिए और भी मुश्किल पैदा कर सकता है।'' मुंबई के मुख्य कोच ने कहा, ''जिन लोगों के पास अनुभव है, (वे) मुश्किल परिस्थितियों को संभालना और आगे चलकर मानसिक रूप से मजबूत होना जानते हैं। यह ऐसी चीज है जिस पर हम भरोसा करेंगे।''

## पडिक्कल बोले-आईपीएल में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में लग गए 3-4 साल

**एजेंसी, मुंबई।** युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि लगातार फ्रेंचाइजी टीम बदलना बेहद चुनौती पूर्ण होता है जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में तीन से चार साल लग गए। पडिक्कल ने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से की थी । आरसीबी में दो साल बिताने के बाद वह अगले दो साल तक राजस्थान रॉयल्स से जुड़े रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2024 में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन मौजूदा सत्र में उनकी अब आरसीबी में वापसी हुई है। पडिक्कल ने सोमवार को आरसीबी की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जब आप किसी टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाते हो तो निश्चित तौर पर यह चुनौती पूर्ण होता है। मैं जब 21 साल का था तब आरसीबी में था और इसके बाद मुझे अन्य फ्रेंचाइजी टीम से जुड़ना पड़ा। यह थोड़ा असहज करने वाली स्थिति होती है।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने बारे में बहुत आश्वस्त नहीं था और आईपीएल में एक क्रिकेटर के रूप में मैं जो हूं उसे पाने में मुझे तीन-चार साल लग गए। यह इतना आसान नहीं है। आप अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन कभी-कभी यह काम नहीं करता है। ''



## गावस्कर ने की आरसीबी के कप्तान की जमकर तारीफ

**एजेंसी, मुंबई**

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके सहज रवैए ने टीम को वर्षों की निराशा के बाद आखिरकार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता की राह खोजने में मदद की है। आरसीबी की टीम मौजूदा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने चेन्नई के चेपॉक में 17 साल में अपनी पहली जीत हासिल की और वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया है। गावस्कर ने कहा,''कप्तान के रूप में पाटीदार सहज नजर आते हैं। उनकी टीम ने 17 वर्षों में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझते हैं कि जीतने के लिए क्या करने की जरूरत है। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य लोग भी अपना पूरा योगदान दे रहे हैं।'' गावस्कर ने आरसीबी के मेंटर (मार्गदर्शक) दिनेश कार्तिक की भूमिका की भी सराहना की।



उन्होंने कहा, ''उसके पास कई सीनियर लोग हैं जो हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। उसके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। उसके सहयोगी स्टाफ में दिनेश कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिनके प्रभाव के बारे में लोग पर्याप्त बात नहीं करते हैं।'' गावस्कर ने कहा, ''दिनेश कार्तिक उस तरह का व्यक्ति है जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताता है। उनका मार्गदर्शन करता है और उन्हें इनपुट देता है। रजत भाग्यशाली है कि उसे एक ऐसी टीम मिली है जो सफलता के लिए भूखी है।'' पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि विराट कोहली की लंबे शॉट खेलने की इच्छा ने उन्हें और भी बड़ा खतरा बना दिया है।

## श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय सीरीज में भारत की कमान संभालेगी हरमनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए आराम दिए जाने के बाद इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज में भारत की महिला टीम की कमान संभालेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 27 अप्रैल से 11 मई तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसमे स्मृति मंधाना को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत और श्रीलंका के अलावा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका की है।



डबल राउंड रोबिन आधार पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी तथा शीर्ष पर रहने वाली जो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 11 मई को खेला जाएगा। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और टिटास साधु चोटिल है और इसलिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया। टीम में काशवी गौतम, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय भी शामिल हैं। इन तीनों ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

हरमनप्रीत को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला (10-15 जनवरी) के लिए आराम दिया गया था, जिसे भारत ने 3-0 से जीता था। मंधाना ने उस समय टीम का नेतृत्व किया था और दीप्ति शर्मा ने उप कप्तान की भूमिका निभाई थीं। हरमनप्रीत ने हालांकि पिछले महीने महिला प्रीमियर लीग में सफल वापसी की थी। मुंबई इंडियंस ने उनकी अगुवाई में खिताब जीता था। तेज गेंदबाज रेणुका को भी आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में विश्राम दिया गया था।

## गेंदबाजों की दिलेरी ने दिलाई जीत : पाटीदार

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन की रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों की तारीफ की। इस बड़े स्कोर वाले मैच में आरसीबी ने सोमवार को यहां विराट कोहली और पाटीदार के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोककर इस टीम के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की।



प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए पाटीदार ने पुरस्कार समारोह में कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने जिस दिलेरी से गेंदबाजी की वह तारीफ के काबिल है। यह पुरस्कार (प्लेयर ऑफ द मैच) पूरी गेंदबाजी इकाई को जाता है। उन्होंने आखिरी ओवर में तीन विकेट लेने वाले क्रुणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा, ''क्रुणाल ने अंतिम ओवर में जिस तरह से गेंदबाजी थी वह शानदार था। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी टीम के खिलाफ ऐसी गेंदबाजी करना काफी मुश्किल है।''

### पाटीदार पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरसीबी ने सोमवार को खेला गया यह मैच 12 रन से जीता था। पाटीदार ने 32 गेंद पर 64 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''आईपीएल की आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.2 के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था और इसलिए पाटीदार पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।''

## आईपीएल तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

# गेंदबाजी की खामियां दूर करने उतरेंगे गुजरात और राजस्थान

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह गेंदबाजी की अपनी कमियां दूर करने पर होगी। टाइटंस के अभी छह अंक है और यहां जीत दर्ज करने से तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। रॉयल्स के चार अंक हैं और वह भी भविष्य में किसी तरह के अगर-मगर की स्थिति से बचने के लिए यहां जीत हासिल करना चाहेगी।



इन दोनों टीम के कुछ प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और अगर इन टीमों को तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो उनके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गुजरात टाइटंस की तरफ से गेंदबाजी में अभी तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और स्पिनर आर साई किशोर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है।

टी20 के माहिर खिलाड़ी राशिद ने चार मैचों में सिर्फ एक विकेट लिया है और प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं। आईपीएल में यह पहला अवसर है, जबकि अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने भी तीन मैचों में सिर्फ एक विकेट हासिल किया है, जबकि उन्होंने प्रति ओवर 12 रन लुटाए हैं। गुजरात के पास कोई विकल्प भी नहीं हैं क्योंकि अरशद खान या फजलहक फारूकी जैसे तेज गेंदबाज वास्तव में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उनका सामना अब राजस्थान के दमदार बल्लेबाजों से होगा, जिसमें संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग और नितीश राणा जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।

गुजरात की तरह राजस्थान की भी सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी है। उसकी तरफ से संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। अहमदाबाद में अभी तक बल्लेबाजों की तूती बोली है। गुजरात की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रवि श्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

## न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी ने सीमित ओवरों के प्रारूप से दिया इस्तीफा

**एजेंसी, वेलिंगटन।** गैरी स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह अब टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच नहीं रहेंगे और टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं। स्टीड ने कहा कि उन्हें अंतिम निर्णय तक पहुंचने में एक महीने का समय लग सकता है। 53 वर्षीय स्टीड ने 2018 में माइक हेसन की जगह पद संभाला था और वह सभी प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कोच पद के लिए विज्ञापन जारी करेगा लेकिन उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अलग-अलग प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोच नियुक्त करेगा या नहीं।



न्यूजीलैंड क्रिकेट के शीर्ष अधिकारी ब्रायन स्ट्रोनच ने एक बयान में कहा, ''गैरी का रिकॉर्ड शानदार रहा है और हमें उन्हें अपने फैसले पर विचार करने के लिए कुछ समय देने में कोई परेशानी नहीं है। अभी हमारे पास कोच पद के लिए कोई मजबूत प्राथमिकता नहीं है।'' स्टीड ने कहा, ''पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे और मैं अब अपने भविष्य को लेकर विचार करूंगा।''